# अनंत ज्ञान
करे हर सीमा पार

हिंदू नववर्ष नव संवत्सर 2082 और चैत्र नवरात्र पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 30 मार्च 2025 | 17 चैत्र, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 90, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## प्रथम शैलपुत्री



**आज** नवरात्र का पहला दिन है और इस दिन घटस्थापन के बाद मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का पूजा की जाती है। पर्वतराज हिमालय के यहां जन्म लेने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। इनके दाएं हाथ में त्रिशूल है और बाएं हाथ में इन्होंने कमल धारण किया हुआ है।

**वंदे वांछितलाभाय, चंद्रार्धकृतशेखराम्।**
**वृषारूढ़ां शूलधरां, शैलपुत्रीं यशस्विनीम्॥**

अर्थात मैं मनोवांछित लाभ के लिए अपने मस्तक पर अर्धचंद्र धारण करने वाली, वृष पर सवार रहने वाली, शूलधारिणी और यशस्विनी मां शैलपुत्री की वंदना करता हूं।

**सूर्योदय 6:14 सूर्यास्त 6:37**

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.0 न्यू | 22.7 अधि |
| धर्मशाला | 17.1 न्यू | 27.8अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77414.92 |
| निफ्टी | 23519.35 |
| सोना 89,164 | चांदी 1,00,892 |

**आज के मैच**

दिल्ली कैपिटल्स vs सनराइज हैदराबाद
समयः दोपहर 3:30 बजे (विशाखापट्टनम)

राजस्थान रॉयल्स vs चेन्नई सुपर किंग्स
समयः रात 7:30 बजे (गुवाहाटी)

## पहली अप्रैल से महंगी होंगी डायबिटीज और बुखार जैसी दवाएं



**नई दिल्ली।** डायबिटीज, बुखार और एलर्जी की दवाएं पहली अप्रैल से महंगी होने वाली हैं। केंद्र सरकार ने नेशनल लिस्ट ऑफ एसेंशियल मेडिसिन के तहत आने वाली दवाओं की कीमतों में 1.74 फीसदी तक बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा, दर्द निवारक, एंटीबायोटिक, संक्रमण रोकने वाली, मधुमेह और कैंसर की दवाओं के दाम भी बढ़ेंगे।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- प्यास बुझाने को अभी लगेगा एक साल -पेज 2
- इंजीनियरिंग कॉलेज के बीटेक स्टूडेंट्स ने लगाया फंदा, मौत -पेज 3
- चरस और अफीम रखने के दोषी को 12 साल का कठोर कारावास -पेज 9
- केंद्र सरकार के कुप्रबंधन ने बैंकिंग क्षेत्र को संकट में धकेला: राहुल -पेज 13
- केएल राहुल की वापसी, दिल्ली की नजरें दूसरी जीत पर -पेज 14


# चैत्र नवरात्र आज से; सोहणे सजे मां के दरबार, आ कर लें दीदार



श्री नयना देवी मंदिर

▶▶ रात को सिर्फ 2 घंटे बंद होगा मंदिर

▶▶ 22 घंटे श्रद्धालु कर सकेंगे दर्शन



चिंतपूर्णी मंदिर



बज्रेश्वरी मंदिर



ज्वालाजी मंदिर

# हिमाचल में दो पावर प्रोजेक्ट लगाएगा तेलंगाना

## दोनों प्रदेशों में हुआ एमओयू साइन, पांच हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** सरकार और तेलंगाना के बीच शनिवार को लाहौल-स्पीति जिले में स्थापित होने वाली 400 मेगावॉट सेली और 120 मेगावॉट क्षमता की मियार जल विद्युत परियोजनाओं के लिए एमओयू साइन हुआ। यह पहली बार है कि जब प्रदेश के इतिहास में इस तरह की साझेदारी की पहल की गई है।

इन समझौता ज्ञापनों पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री भाटी विक्रामारका मालु की उपस्थिति में सचिव ऊर्जा राकेश कंवर और तेलंगाना सरकार की ओर से प्रधान सचिव ऊर्जा संदीप कुमार सुल्तानिया ने हस्ताक्षर किए। ये दोनों परियोजनाएं चिनाब नदी पर 6200 करोड़ रुपए की लागत से तैयार की जाएंगी और इनसे रोजगार के लगभग 5000 प्रत्यक्ष व




अप्रत्यक्ष अवसर सृजित होंगे। समझौता ज्ञापन के अनुसार, तेलंगाना सरकार ने अग्रिम प्रीमियम राशि के रूप में 26 करोड़ का भुगतान किया है। इन परियोजनाओं के शुरू होने के उपरांत हिमाचल को कुल विद्युत उत्पादन में से शुरुआती 12 साल तक 12 प्रतिशत, अगले 18 साल तक 18 प्रतिशत और आखिरी 10 वर्षों तक 30 प्रतिशत मुफ्त बिजली दी जाएगी। 40 वर्षों की अवधि पूर्ण होने के उपरांत तेलंगाना सरकार इन दोनों परियोजनाओं को हिमाचल प्रदेश को सौंपेगी। तेलंगाना सरकार इन दोनों परियोजनाओं की लागत का 1.5 प्रतिशत स्थानीय क्षेत्र विकास निधि और लागत का एक प्रतिशत इस क्षेत्र को निःशुल्क विद्युत प्रदान करने पर व्यय करेगी। इन परियोजनाओं से प्रभावित परिवारों को 10 वर्षों तक 100 यूनिट प्रतिमाह के समान वित्तीय लाभ प्रदान किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### सीएम सुक्खू ने पावर बैंकिंग और ट्रेडिंग के क्षेत्र में नई संभावनाएं तलाशने को किया आमंत्रित

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने तेलंगाना सरकार को पावर बैंकिंग और ट्रेडिंग के क्षेत्र में सहयोग की नई संभावनाएं तलाशने को आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार को दोनों परियोजनाएं स्थापित करने में राज्य सरकार पूर्ण सहयोग करेगी, ताकि इनका निर्माण तय समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जा सके। ये समझौते दोनों सरकारों के लिए लाभप्रद होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के संसाधनों की लूट को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। जल संसाधन राज्य की अमूल्य संपत्ति है और प्रदेश सरकार विद्युत क्षेत्र में बड़े सुधार कर रही है, ताकि हिमाचल प्रदेश एक आत्मनिर्भर राज्य बन सके। अब तक प्रदेश में 11,500 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा का दोहन किया जा चुका है, लेकिन इसका अधिकांश लाभ केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों को हुआ है।

### ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर: मालु

**तेलंगाना** के उपमुख्यमंत्री मालु ने कहा कि तेलंगाना सरकार दोनों राज्यों की बढ़ती ऊर्जा मांग और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। यह समझौता ज्ञापन 'तेलंगाना क्लीन एंड ग्रीन एनर्जी नीति 2025' के तहत राज्य के ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने और पर्यावरण स्थिरता सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़, 17 नक्सली ढेर



**एजेंसी, सुकमा**

**छत्तीसगढ़** के सुकमा जिले के गोगुंडा की पहाड़ी पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच शनिवार को मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 25 लाख के इनामी जगदीश उर्फ बुधरा सहित 17 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इनमें 11 महिला नक्सली भी शामिल हैं। मारे गए नक्सलियों में से सात की पहचान हो गई है।

मुठभेड़ में डीआरजी सुकमा के तीन और सीआरपीएफ के एक जवान सहित कुल 4 घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद के साथ 11 महिला नक्सलियों सहित 17 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं।

### हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता: अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हथियार रखने वाले और हिंसा का सहारा लेने वाले लोग बदलाव नहीं ला सकते, केवल शांति और विकास से ही बदलाव लाया जा सकता है। शाह ने 'एक्स' पर लिखा कि 'नक्सलवाद पर एक और प्रहार! हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 17 नक्सलियों को मार गिराया व स्वचालित हथियारों का एक विशाल जखीरा बरामद किया। उन्होंने कहा कि 31 मार्च, 2026 से पहले नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा।

## चंडीगढ़ नोटकांड: सीबीआई कोर्ट ने पूर्व जस्टिस निर्मल यादव को किया बरी

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**पंजाब** एवं हरियाणा हाईकोर्ट की पूर्व जस्टिस निर्मल यादव को 15 लाख के नोटकांड में बरी कर दिया गया। चंडीगढ़ में शनिवार को सीबीआई कोर्ट की स्पेशल जज अलका मलिक ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने निर्मल यादव सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। इस मामले में एक आरोपी की पहले ही मौत हो चुकी है। पिछली सुनवाई में आरोपी रविंद्र सिंह उर्फ रविंद्र भासीन, राजीव गुप्ता और निर्मल सिंह के कोर्ट में आखिरी बयान दर्ज किए गए थे।

## कॉमेडियन कुणाल कामरा पर तीन नए केस हुए दर्ज

**मुंबई।** कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में तीन नए केस दर्ज किए हैं। ये केस महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को लेकर दिए गए विवादित बयान से जुड़े हैं। मुंबई पुलिस ने बताया कि पहली शिकायत जलगांव की मेयर ने दर्ज करवाई है, जबकि बाकी 1-1 केस नासिक के एक होटल व्यवसायी और बिजनेसमैन ने किए हैं।

# म्यांमार में फिर 5.1 तीव्रता का भूकंप अब तक 1600 से ज्यादा लोगों की मौत



▶ भारत ने म्यांमार को भेजी राहत सामग्री

**एजेंसी, बैंकॉक**

**म्यांमार** में आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1600 के ज्यादा पहुंच गई। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। 2,376 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा 30 लोग लापता बताए जा रहे हैं। म्यांमार में शनिवार दोपहर को फिर 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। वहीं, भूकंप से प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए भारत ने ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत राहत सामग्री भेजी है। वायुसेना का विमान सी-130 जे करीब 40 टन राहत सामग्री लेकर यांगून पहुंच गया है। वहीं, भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार में राहत एवं बचाव कार्य के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के 80 कर्मियों की एक टीम भी भेजी है।

### पीएम मोदी ने म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से की बातचीत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूकंप त्रासदी के बीच शनिवार को म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बातचीत की। मोदी ने उन्हें भरोसा दिलाया कि एक करीबी मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

**नया सिस्टम** वाहनों की प्रदूषण चेक रिपोर्ट अब 120 और 150 रुपए में मिलेगी

# वाहनों के प्रदूषण सर्टिफिकेट हुए महंगे

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**हिमाचल** में अब वाहनों के प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र के साथ कुछ नई चीजें जोड़ी गई हैं। अब नए सिस्टम चालू हो रहे हैं। प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र लेने के लिए वाहन मालिकों को ज्यादा पैसे देने पड़ेंगे। अब वाहन मालिकों को 120 रुपए से लेकर 150 रुपए चुकाने पड़ेंगे। 20 रुपए से लेकर 40 रुपए तक अब अलग-अलग कैटेगरी के वाहनों से ग्रीन टैक्स भी वसूले जाने का सिलसिला शुरू हो गया है।

प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र क्यूआर कोड के दायरे में आ गया है और इसमें फोटो के अलावा अब वीडियो भी संबंधित वाहन और स्थापित केंद्र की अपलोड होगी। केंद्रों की मशीनों के सॉफ्टवेयर में ही अब इसकी व्यवस्था हो रही है। पेट्रोल सीएनजी एलपीजी से चलने वाले दोपहिया वाहन के लिए अब कुल 100 रुपए चुकाने होंगे। इनमें 20 रुपए ग्रीन टैक्स के रूप में शामिल किया है, जबकि तीन पहिया वाहनों से अब 120 रुपए या प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए वसूला जाएगा। पेट्रोल सीएनजी एलपीजी से चलने वाले चौपहिया वाहन चालकों को 130 रुपए चुकाने होंगे। 30 रुपए ग्रीन टैक्स जोड़ा गया है। डीजल से चलने वाले वाहनों के लिए 150 रुपए लिए जाएंगे। 40 रुपए ग्रीन टैक्स शामिल किया है। अभी तक केवल प्रदूषण प्रमाण पत्र लेने के लिए प्रदूषण नियंत्रण केंद्र पर 50 से 70 रुपए वाहन चालकों को चुकाने पड़ते थे। (अनंत ज्ञान)

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं तो प्रदूषण सर्टिफिकेट भी नहीं

**हाई** सिक्योरिटी नंबर प्लेट्स जिन वाहनों पर अंकित नहीं होगी, उन्हें प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं मिल पाएगा। केंद्रों पर इसकी व्यवस्था हो रही है। सॉफ्टवेयर में ही इसकी व्यवस्था हो जाने से अब मोटर व्हीकल एक्ट में भी इसकी परवाह नहीं करने वालों को शिकंजे में लिया गया है।

> **कुछ** चीज लागू हो गई हैं। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट जहां नहीं लगी होगी, उसे भी प्रदूषण सर्टिफिकेट जारी नहीं होगा। ग्रीन टैक्स के साथ अब 100 से लेकर 150 रुपए इस प्रमाण पत्र के लिए चुकाना होगा। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने अधिसूचना जारी कर दी है।
>
> **-अंकुश शर्मा, आरटीओ, हमीरपुर।**


CRACKACADEMY
प्रदेश के युवाओं के लिए लाये है
मेरे शहर के 100 रत्न
6800 युवाओं को सरकारी और अन्य परीक्षाओं की फ्री तैयारी

आप भी इस मिशन का हिस्सा बन सकते है

कार्यक्रम संचालित करने के लिए CENTRES खोले जा रहे हैं जिसका संचलान एक CENTRE OWNER करेगा
LEARNING CENTRE खोलने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं
यह एक PROFITABLE BUSINESS करने का सुनहरी मौका है

ONLY 1 CENTRE PER CITY
90 UPCOMING CENTRES

60% CENTRES RESERVED FOR
RETIRED GOVERNMENT EMPLOYEES, TEACHERS, DEFENCE PERSONNEL, AND WOMEN

ONLY 4 DAYS LEFT
LAST DATE 03 APRIL, 2025

सेंटर पार्टनर बनने के लिए आवेदन करें www.crack.academy/hp

CRACKACADEMY
Crack Academy (पहले Crack IAS) भारत का पहला Online Edtech Platform है जो UPSC, Civil Services Exams की तैयारी के लिए 2007 में शुरू हुआ था। हम छोटे शहरों में कंपनी द्वारा संचालित, Franchise Ownership वाले Classrooms स्थापित कर रहे हैं,

17+ YEARS OF COACHING INDIA
UPSC, CDS, CLAT, SSC, JEE, NEET, BANK PO

25000 ADMISSIONS/YEAR | 50+ DELHI TEACHERS
1000+ IAS SELECTIONS | 100+ CENTRES
100+ COURSES | 30 LAC BOOKS SOLD

HELPLINE : 9217 05-05-05, 9217 07-07-07

# शत-प्रतिशत रहा त्रिशा स्कूल का परिणाम



**सुनील कुमार, हमीरपुर।** त्रिशा पब्लिक स्कूल जोल सप्पड़ में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य मोनिका वर्मा ने बताया कि नर्सरी कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम के अवसर पर स्कूल में मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने झूला झूलने का आनंद लिया। अभिभावकों ने परीक्षा परिणाम, स्कूल कैंपस और आयोजित मेले को भी सराहा। इस अवसर पर स्कूल मैनेजमेंट की तरफ से वीना कहौल, अनुकृति वर्मा व एनके शर्मा स्कूल के परीक्षा परिणाम मे अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर अध्यापक रविंदर, लक्की, प्रतिभा, रजिया, गुलशन, ममता, प्रीति, ज्योति भी उपस्थित रहे।

# कै. रणजीत ने सैनिक स्कूल के मेधावी नवाजे

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सैनिक स्कूल सुजानपुर-टीहरा के सत्र 2024-25 का शैक्षणिक उपलब्धि पुरस्कार समारोह शनिवार को आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय विधायक कैप्टन रणजीत सिंह राणा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 37 विद्यार्थियों को उनके माता-पिता की उपस्थिति में पुरस्कृत किया। कैप्टन रणजीत सिंह राणा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों में अनुशासन, धैर्य और निरंतर अध्ययन के महत्व पर जोर दिया। स्कूल की प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन रचना जोशी के चार माह के कार्यकाल की सराहना करते हुए कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि स्कूल में ढांचागत विकास के लिए उनके द्वारा जो भी प्रयास किए जा रहे हैं, उनके परिणाम प्रत्यक्ष रूप से दिखने शुरू हो गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने सैनिक स्कूल के परिसर में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की राशि का प्रावधान किया है। कार्यक्रम का समापन स्कूल प्रधानाचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं उनके बौद्धिक स्तर को पोषित करने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि के साथ हुआ।

# भगवती स्कूल जलाड़ी का परिणाम रहा बेहतरीन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में कक्षा नर्सरी से कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जो कि शत प्रतिशत रहा। प्रिंसिपल आरती कटोच ने बच्चों व सभी अभिभावकों को अच्छे परीक्षा परिणाम पर बधाई दी और भविष्य में अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए शुभकामनाएं दीं। सभी अभिभावकों ने बेहतर परिणाम के लिए पूर्ण सहयोग देने के लिए अध्यापकों का धन्यवाद किया। प्रिंसिपल और अध्यापकों ने अभिभावकों के बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए धन्यवाद किया और आशा की कि अभिभावक भविष्य में भी बच्चों के संपूर्ण विकास में इसी तरह अपना सहयोग देंगे।

# कन्या उच्च विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय सुजानपुर में सत्र 2024- 25 के लिए वार्षिक परीक्षा परिणाम विद्यालय की मुख्य अध्यापिका आभा गुप्ता के द्वारा घोषित किया गया। कक्षा छठी से कक्षा नवमी तक के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहने पर और बच्चों के द्वारा उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर आभा गुप्ता ने प्रसन्नता जाहिर की तथा सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। इस अवसर पर शिक्षा संवाद का भी आयोजन किया गया जिसमें स्कूल प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों तथा अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# आघार रेंज के वन मित्रों भेजे जा रहे हैं एंगेजमेंट पत्र

**अनंत ज्ञान, भोटा ।** वन परिक्षेत्र आघार में इन दिनों 15 वन मित्रों की नियुक्ति की गई है। इस कार्यालय द्वारा चयनित 15 वन मित्रों को एंगेजमेंट पत्र डाक द्वारा घर भेजे जा रहे हैं। इन चयनित 15 वन मित्रों में 10 लड़कियां और 5 लड़के शामिल हैं। वन मित्रों को दस हजार रुपए के मानदेय पर रखा गया है । वन परिक्षेत्र आघार कार्यालय द्वारा इन्हें 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक अपनी बीट में ज्वाइन करने के लिए कहा गया है। इस बात की पुष्टि वन रेंज अधिकारी आघार अंकुश ठाकुर ने की है।

# अनीता को आगामी जीवन के लिए दीं शुभकामनाएं



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करोट की प्रधानाचार्या अनीता कुमारी तथा समस्त शिक्षक उर्मिला देवी एमडीएम कुक हेल्पर की सुखद सेवानिवृत्ति के सुअवसर पर सामूहिक चित्र में भावभीनी विदाई देते हुए। प्रधानाचार्या ने इस अवसर उर्मिला देवी के सेवाकाल की सराहना करते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की तथा आगामी जीवन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# सुरजीत को उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित

**एसके ठाकुर, बड़सर।** उपमंडल बड़सर के जमली के सुरजीत सिंह बिजली बोर्ड में 37 वर्ष सेवाएं देने के बाद 29 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस दौरान उच्च अधिकारियों ने उन्हें शॉल टोपी एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। बता दें कि सुरजीत सिंह ने 14 अगस्त 1987 को गज प्रोजेक्ट जिला कांगड़ा में चालक के पद के रूप में सेवाएं देना शुरू की थी। लगभग 37 वर्ष बिजली बोर्ड में अतिरिक्त फोरमैन के रूप में 29 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस अवसर पर हमीरपुर में हुए बधाई समरोह के अवसर पर बिजली बोर्ड के अधिकारियों ने कहा कि सुरजीत सिंह सेवाओं को हमेशा याद किया जाएगा। वहे हमेशा अपनी ड्यूटी के प्रति वफादार रहते थे। (अनंत ज्ञान)

# भुक्कड़ स्कूल में शिक्षा सुधार पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में प्रधानाचार्य देशराज कमल ही अध्यक्षता में शिक्षा संवाद और स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक हुई। इसमें बच्चों ने अभिभावकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर शिक्षा में सुधार पर चर्चा की।इस अवसर पर सबसे पहले प्रधानाचार्य देशराज कमल ने छठी से लेकर नौवीं व जमा एक कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम सुनाया। इसमें स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

# नादौन उपमंडल की 591 बेटियों को दी छात्रवृत्ति, 40 को शादी पर दिया शगुन

**अनंत ज्ञान, नादौन**

**एसडीएम राकेश शर्मा ने की महिला एवं बाल विकास योजनाओं की समीक्षा**

बाल विकास परियोजना नादौन के माध्यम से संचालित की जा रही महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत गठित खंड स्तरीय मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की ब्लॉक टास्क फोर्स तथा मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की खंड स्तरीय समिति की बैठकें शनिवार को एसडीएम राकेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गईं। इन समितियों के सदस्य सचिव एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय गर्ग ने एसडीएम और सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि नादौन खंड में 290 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से छह माह से छह वर्ष तक के 6072 बच्चों तथा 972 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पूरक पोषाहार प्रदान किया जा रहा है। बेटी है अनमोल योजना के अंतर्गत 12.19 लाख रुपए की एफडी 59 बेटियों के नाम की गई है। इसी योजना के अंतर्गत 591 बेटियों को 8.80 लाख रुपए की छात्रवृत्ति दी गई। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अतर्गत 37 पात्र लड़कियों के विवाह हेतु 18.87 लाख रुपए प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री शगुन योजना के अंतर्गत 40 लड़कियों के विवाह पर 12.40 लाख रुपए की राशि जारी की गई।

बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय गर्ग ने समिति को अवगत करवाया कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु के 47 बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रतिमाह 4000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। 18 से 27 वर्ष के आयु वर्ग के 39 पात्र युवाओं को भी इस योजना के लिए चिन्हित किया गया है।

# प्यास बुझाने को अभी लगेगा एक साल

## पेयजल योजना के मुकम्मल होने के बाद बड़सर के 294 गांवों को होगा फायदा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



नेशनल डेवलपमेंट बैंक की फंडिंग से बड़सर इलाके में तैयार होने वाली नई पेयजल योजना का काम अगले साल के शुरू में मुकम्मल हो पाएगा। इसका काम शुरू हो गया है। योजना के बनने से क्षेत्र के बड़े इलाके को फायदा होगा, जिसमें 294 गांव शामिल हैं। उन्हें पानी पहुंचाया जाएगा। इसमें कई छोटी-छोटी योजनाएं भी मर्ज की जाएंगी।

हालांकि, शुरुआती स्टेज पर टेंडर आवंटन के मामले में योजना विवादित भी रही, मगर अब इसका काम शुरू हो चुका है। अधिकारी मान रहे हैं कि अगले साल गर्मियों में इस योजना का पानी इलाके की प्यास बुझाने में बहुत ज्यादा कारगर साबित होगा। बड़सर के गरीबी क्षेत्र गोबिंदसागर झील के पास कुतवांगड़ जगह से इस योजना का निर्माण हो रहा है। योजना की खूबसूरती यह है कि मुख्य टैंक में पानी डालने के बाद इसकी सारी सप्लाई ग्रेविटी सिस्टम से होगी और बड़सर से लेकर बिझड़ी, दियोटसिद्ध, घोड़ी-धवीरी, सोहारी, भोटा क्षेत्र को भी इससे पानी मिलेगा। इन इलाकों में जिस मुख्य रूप से 99 गांव चकमोह दियोटसिद्ध उठाऊ पेयजल योजना से जो पानी सप्लाई किया जाता है, उन सारे गांवों को इस नई स्कीम से जोड़ा जाएगा। जहां-जहां पुरानी योजनाएं जितना पानी उपलब्ध करवाएंगी, वह वैकल्पिक रूप में इन्हें मिलता रहेगा, लेकिन असली प्यास इस नई योजना से ही बुझेगी।

**कोहडरा धार पर बन रहा मुख्य टैंक** : तकरीबन 20 किमी लंबी और 400 एमएम डाय की मुख्य राइजिंग मेन पाइपलाइन बिछाई जा रही हैं।

इसका मुख्य टैंक कोहडरा धार पर सिंघवी नामक स्थान पर बनाया जा रहा है। 48 पंचायतों के 294 गांव इसमें शामिल होंगे और बड़ी बात यह है कि राइजिंग मेन के अलावा 5200 और 600 मीटर की अलग-अलग लाइनें भी इसमें डाली जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
खास खबर

### 5 साल तक कंपनी करेगी रखरखाव

जलशक्ति विभाग के एक्सईएन राजेश धीमान का कहना है कि इसे मुकम्मल करने में अभी तकरीबन 1 साल लगेगा और अगली गर्मियों में योजना का पानी इस बड़े इलाके की जनता के लिए पहुंचाया जाएगा। यह योजना नेशनल डेवलपमेंट बैंक की फंडिंग के द्वारा तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि योजना जब शुरू होगी, तो उसके बाद 5 साल तक इसका रखरखाव निर्माण करने वाली कंपनी के पास ही रहेगा। तकरीबन 40 फीसदी काम मुकम्मल हो गया है। इस योजना के बनने से बड़सर विधानसभा क्षेत्र के उन सभी इलाकों में पानी की किल्लत दूर हो जाएगी, जिनके लिए यह योजना बनाई जा रही है। इलाके की सारी योजनाओं में इसका पानी भेजा जाएगा और वहीं से उसे कई जगह लिफ्ट करके संबंधित 32 टैंकों में डाला जाएगा।

### डेढ़ करोड़ लीटर पानी रोजाना होगा लिफ्ट

एक करोड़ 50 लाख लीटर पानी रोजाना इस योजना से उठाया जाया करेगा। यह योजना हमीरपुर जिले की सबसे बड़ी योजना होगी। इसमें डिस्ट्रीब्यूशन के लिए कल 32 टैंक बनाए जाने का प्लान है। इनमें तकरीबन 26 का काम जारी है और छह अन्य टैंकों का काम शुरू होने को है। नेशनल डेवलपमेंट बैंक इस पर 138 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। इसी पैसे को लेकर सत्ता बदलने के बाद विवाद खड़ा हुआ था, लेकिन अब इस योजना का काम शुरू हो चुका है। मुख्य पाइपलाइन डालने का काम शुरू हो चुका है।

# पुलिस विभाग के पेंशनरों में 7वें वेतन आयोग को लागू न करने से रोष : संघ



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश सेवानिवृत्त पुलिस कल्याणकारी संघ जिला इकाई हमीरपुर की त्रैमासिक बैठक संघ के चेयरमैन जगदीश चंद शर्मा की अध्यक्षता में पुलिस लाइन में आयोजित की गई। इस बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित कश्मीर सिंह राणा सेवानिवृत अति पुलिस महानिदेशक, सतपाल कौशल पुलिस महानिदेशक, बलवीर सिंह पटियाल उप अधीक्षक उपस्थित रहे।

इसके अलावा पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर व 100 से अधिक सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे। बैठक में चर्चा के दौरान बताया गया कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2016 से 2022 तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का किसी प्रकार का कोई लाभ अभी तक नहीं दिया गया, उसकी शीघ्र अदायगी की जाए। पेंशनरों में सातवें वेतन आयोग को लागू न करने पर सरकार के प्रति रोष है।

इसके अलावा महंगाई भत्ते की बकाया किस्तों का भुगतान किया जाए तथा एरियर की एकमुश्त अदायगी की जाए। पुलिस अधिकारी कर्मचारी के निधन होने पर गार्ड ऑफ ऑनर का सम्मान एसओपी में स्पष्ट नहीं है तथा यह आदेश जिला मुख्यालया से जारी किए जाएं। चिकित्सा बिलों का भुगतान शीघ्र किया जाए तथा हिमकेयर, आयुष्मान की सुविधा दी जाए अन्यथा कैसलैस सुविधा प्रदान की जाए। सेना तथा अर्द्धसैनिक बलों की तर्ज पर पुलिस कैंटीन में गाड़ियां तथा शराब मिलने बारे भी प्रस्ताव रखा गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इन मुद्दों को सरकार के समक्ष उठाया जाएगा।

# हिम अकादमी विकासनगर में परीक्षा परिणाम में छाए छात्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया।

इस अवसर पर विद्यालय में अध्यापक-अभिभावक मंत्रणा (पीटीएम) का आयोजन किया गया, जिसमें 400 से अधिक अभिभावकों ने भाग लिया। अध्यापकों ने अभिभावकों को छात्रों के परीक्षा परिणाम, अकादमिक प्रगति और आगामी सत्र में होने वाले शैक्षणिक सुधारों से अवगत कराया, साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका पर भी गहन चर्चा हुई। विद्यालय प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा ने पूरे कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की। विद्यालय द्वारा संचालित 'सेवा स्टूडेंट एंपावरमेंट वेल्यू इन एजुकेशन एवं खरी कमाई कार्यक्रम के तहत छात्रों को नैतिक मूल्यों और व्यावहारिक शिक्षा से जोड़ने पर बल दिया गया। इस आयोजन ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद को और मजबूत बनाया।

# दुल्हन की तरह सजा संतोषी माता मंदिर

**एसके शर्मा, जाहू**



**चैत्र नवरात्र पर श्रद्धालुओं के लिए आने-जाने के लिए होंगे अलग-अलग गेट**

उत्तरी भारत का प्रसिद्ध संतोषी माता का मंदिर नवरात्र के चलते पूरी सजा दिया गया है। मंदिर प्रशासन ने मंदिर में श्रद्धालुओं के आने व जाने के लिए अलग-अलग गेट की व्यवस्था की गई है ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। दो जिलों हमीरपुर और बिलासपुर की सीमा पर प्रसिद्ध धार्मिक स्थल संतोषी माता मंदिर लदरौर में नवरात्र के उपलक्ष्य पर विभिन्न राज्यों के भक्त व हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों के लोग मंदिर में माथा टेकने के लिए पहुंचते हैं। नवरात्र के उपलक्ष्य पर मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को हर दिन लंगर की व्यवस्था की होती है।

संतोषी माता मंदिर की मान्यता है कि जो भी भक्त अपनी मनोकामना मांगता है, वह पूरी होती है। इसी के चलते संतोषी माता मंदिर लदरौर में नवरात्रों के उपलक्ष्य पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। इससे मंदिर में लाखों रुपए का चढ़ावा भी चढ़ता है।

मंदिर कमेटी के प्रधान बलवंत सिंह व सदस्य वतन सिंह ने बताया कि संतोषी माता के मंदिर पर नवरात्र के उपलक्ष्य को लेकर श्रद्धालुद्वा रा पूरी व्यवस्था कर ली गई है। श्रद्धालुओं को रात को रुकने के लिए भी व्यवस्था की है। लंगर की व्यवस्था को सुचारु कर दिया है। सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शौचालयों की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कैमरों की संख्या को बढ़ाया गया है। मंदिर परिसर में आने जाने वाले हर व्यक्ति पर कैमरों के जरिए नजर रखी जाएगी।

मंदिर कमेटी के प्रधान बलवंत सिंह ने सभी आने वाले श्रद्धालुओं से आहवान किया है कि साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और किसी को कोई समस्या होती है तो मंदिर कमेटी से संपर्क कर सकता है। (अनंत ज्ञान

# भाजपा की अभूतपूर्व रैली से सरकार सकते में : विनोद ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद ठाकुर ने कांग्रेस की वर्तमान सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि माफियाराज के विरोध में पार्टी द्वारा आयोजित महारैली से कांग्रेस की सरकार सकते में है।



पार्टी द्वारा आयोजित इस रैली में कांग्रेस की सरकार को उनके द्वारा किए गए वादों को याद करवाया गया और यह प्रश्न पूछा गया कि जो लोक लुभावने वादे उन्होंने चुनाव के दिनों में किए थे, उसके अनुसार 300 यूनिट फ्री बिजली प्रदेश की जनता को क्यों नहीं दी जा रही है। कांग्रेस की सरकार हर मोर्चे पर फ़ेल हुई है और उसे सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

# ग्रेडिंग के लिए 81 लोक कलाकारों ने दिया ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भाषा, कला और संस्कृति विभाग पारंपरिक लोक कलाकारों की पहचान करके उनकी ग्रेडिंग करने जा रहा है, ताकि इन लोक कलाकारों को विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों में उचित मंच मिल सके और हिमाचल प्रदेश की लोक संस्कृति का संरक्षण सुनिश्चित हो सके। इसी क्रम में सलासी स्थित जिला भाषा अधिकारी कार्यालय एवं संस्कृति सदन के परिसर में हमीरपुर जिले के लोक कलाकारों के ऑडिशन एवं स्वर परीक्षा ली गई।

जिला भाषा अधिकारी संतोष कुमार पटियाल ने बताया कि दो दिन तक चली इस प्रक्रिया के दौरान जिले भर से लगभग 81 लोक कलाकार ऑडिशन देने के लिए पहुंचे।

इस दौरान पारंपरिक एवं लुप्त हो रही लोक गायन विधाओं में पारंगत कुछ बुजुर्ग लोक कलाकार और कई नए उभरते हुए युवा कलाकार भी ऑडिशन देने के लिए पहुंचे। पहले दिन शुक्रवार को लगभग 52 लोक कलाकारों ने स्वर परीक्षा दी थी, जबकि शनिवार को 29 लोक कलाकारों ने ऑडिशन दिया। जिला भाषा अधिकारी ने बताया कि भाषा, कला और संस्कृति विभाग पारंपरिक लोक गायन, वादन और नृत्य आदि कलाओं में पारंगत लोक कलाकारों को श्रेणीबद्ध करने जा रहा है। इससे जहां प्रदेश भर में पारंपरिक लोक कलाकारों की पहचान होगी तथा उन्हें विभाग की मान्यता मिलेगी, वहीं लोक संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन भी सुनिश्चित होगा।

उन्होंने बताया कि सलासी में दो दिन तक चले ऑडिशन के दौरान निर्णायक मंडल में डिग्री कालेज हमीरपुर से संगीत विभाग के प्रमुख के रूप में सेवानिवृत्त प्रो. डॉ. एमएस मिश्रा और डिग्री कालेज सुजानपुर में संगीत विभाग की सहायक प्रो. डॉ. उमा देवी ने अपनी सराहनीय सेवाएं प्रदान कीं। जिला भाषा अधिकारी ने इसमें सहयोग के लिए जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों, अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों तथा सभी प्रतिभागी लोक कलाकारों का भी आभार व्यक्त किया।

# नाबालिग लड़की घर से गायब, पुलिस ढूंढने का कर रही प्रयास

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला पुलिस थाना हमीरपुर में शिकायतकर्ता निवासी हमीरपुर ने शिकायत में दर्ज करवाया कि उसकी बेटी जो कि नाबालिग है 21 मार्च से घर से बिना बताए कहीं चली गई है।

लड़की को काफी जगह ढूंढने की कोशिश की परंतु वह कहीं नहीं मिली। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि शिकायत के आधार पर यह अभियोग महिला थाना हमीरपुर में पंजीकृत हुआ है, जिसमें पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# सुप्रसिद्ध सिंदूरी माता मंदिर में होगा नवरात्र पर श्री शतचंडी महायज्ञ



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुप्रसिद्ध सिंदूरी माता मंदिर अणू हमीरपुर में नवरात्र के शुभ अवसर पर श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आचार्य प्रफुल्ल जी महाराज ने बताया कि 6 अप्रैल को पूर्ण आहुति डाली जाएगी। शाम को माता रानी की विशाल चौकी की जाएगी, जिसमें मोगा पंजाब से तरुण गिल माता की भेंटों का गुणगान करेंगे। नवरात्रों में हर दिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिंदूरी माता मंदिर में हिमाचल प्रदेश पंजाब व अन्य राज्यों से श्रद्धालु यहां पर आते हैं और अपनी झोलियां भर कर जाते हैं।



# मजदूरों ने ठेकेदार के उड़ाए चेन कटर

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत बालन काटने आए मजदूर ठेकेदार का सामान लेकर भागे, भोरंज पुलिस थाना में मामला दर्ज हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अनिल कुमार पुत्र स्व. धर्म सिंह गांव व डाकघर वगवाड़ा तहसील वमसन टौणी देवी जिला हमीरपुर की शिकायत पर पंजीकृत हुआ है। शिकायतकर्ता ने शिकायत में दर्ज करवाया कि वह वालन के कटान का ठेकेदार है तथा इसने वालन के कटान के लिए माह नवंबर 2024 में मोहम्मद अमीन पुत्र मोहम्मद रसीद निवासी वाड़ नं.7 नजदीक जीएचएस वदनोता तहसील लौहाही मनहार जिला कदुआ जम्मू कश्मीर व अन्य तीन व्यक्ति निवासी जम्मू-कश्मीर बुलाऐ थे तथा इन्होंने कुछ दिन शिकायतकर्ता के साथ काम किया व उसके वाद 3 दिसंबर 2024 को वे शिकायतकर्ता के द्वारा काम करने के लिए दिए दो चेन कटर को ले कर भाग गए। इस पर भोरंज पुलिस थाना में मामला दर्ज करवाया गया है। भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने बताया कि 4 लोगों के खिलाफ सामान लेकर भागने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# निरीक्षक राजकुमार को स्टार लगाकर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला यातायात प्रभारी हमीरपुर राजकुमार को विभागीय पदोन्नति समिति ने इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नत किया है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर व जिला पुलिस हमीरपुर के सभी पद के अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से निरीक्षक राजकुमार को उनकी पदोन्नति पर बधाई दी। इस अवसर पर निरीक्षक राजकुमार की पदोन्नति के अवसर पर पदचिन्ह अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने राजकुमार को निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर स्टार लगा कर नए पद से अंलकृत किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपअधीक्षक हमीरपुर नितिन चौहान तथा कार्यालय पुलिस अधीक्षक के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हमीरपुर के कारोबारी सुरेश हांडा भी बने रेडक्रॉस सोसायटी के संरक्षक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त के आह्वान पर जिले में बड़ी संख्या में लोग जिला रेडक्रॉस सोसायटी में अंशदान देकर इसके संरक्षक और आजीवन सदस्य बन रहे हैं। शनिवार को हमीरपुर शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी एवं हिमाचल प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष तथा हॉकी के खिलाड़ी रहे सुरेश हांडा ने भी जिला रेडक्रॉस सोसायटी के लिए 25 हजार रुपए का अंशदान दिया और सोसायटी के संरक्षक बने।



प्रेरित

# टौणी देवी में धूमधाम से किया शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# शिक्षा व्यक्तित्व निर्माण की कुंजी है : रांगड़ा

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**



स्वर्ण जयंती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (उत्कृष्ट) टौणी देवी में शनिवार को एक विशेष शिक्षा संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण और अभिभावकों ने भाग लिया। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए और विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों की समीक्षा की गई। संवाद का मुख्य उद्देश्य न केवल परीक्षा परिणामों में सुधार की रणनीति बनाना था, बल्कि समाज में नशे के बढ़ते प्रचलन पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने इस कार्यक्रम की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसका मुख्य लक्ष्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि मानसिक, भावनात्मक और नैतिक रूप से भी सशक्त बनाने में सहयोग दें। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अभिभावक और शिक्षक मिलकर विद्यार्थियों को एक सकारात्मक और सहयोगात्मक शैक्षिक वातावरण प्रदान करें।

शिक्षकों ने इस अवसर पर अभिभावकों को विद्यार्थियों की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रदान की और उन्हें घर पर अनुकूल वातावरण बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस वर्ष की वार्षिक उपलब्धियों पर चर्चा की और भविष्य में शिक्षा स्तर को और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कक्षा 6 से 9 एवं 11 के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें विद्यालय ने 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त की। इस वर्ष भी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रधानाचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सक्षम बनाने का माध्यम है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों की अन्य क्षमताओं को भी पहचानें और प्रोत्साहित करें। विद्यालय प्रबंधन ने समाज में बढ़ती नशे की समस्या, विशेष रूप से युवाओं में ड्रग्स (चिट्टा) के प्रचलन पर गहरी चिंता व्यक्त की। प्रधानाचार्य ने इस गंभीर विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशे के विरुद्ध लड़ाई केवल विद्यालय की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज का दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की घोषणा की।

इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही, विद्यार्थियों को खेलकूद, योग, संगीत और अन्य रचनात्मक गतिविधियों की ओर आकर्षित करने के लिए विशेष कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

# सुजानपुर में पकड़े नकल के 6 मामले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** फ्लाइंग स्क्वायड की टीम ने शनिवार को एक बार फिर नकल के मामले पकड़े हैं। एसडीएम और स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा गठित उड़न दस्ते ने सुजानपुर स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परीक्षा केंद्र में यह 6 यूएमसी केस बनाए हैं। सूत्रों के मुताबिक एसडीएम की अध्यक्षता वाली फ्लाइंग जैसे ही परीक्षा केंद्र में दाखिल हुई, उसके बाद जब तलाशी ली जाने लगी तो कई परीक्षार्थियों के पास परिचय मिली जो पेपर के साथ सवालों को हल करने के लिए मेल कर रही थीं।

# दोषियों को 2 साल का कठोर कारावास व जुर्माना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हमीरपुर सचिन रघु ने आरोपी मोहिंदर सिंह उर्फ सन्नी, पुत्र रघुबीर सिंह, निवासी गांव दरबेली और पोस्ट ऑफिस झनियारी देवी, तहसील और जिला हमीरपुर और अजय कुमार उर्फ लक्की, पुत्र जोगिंदर सिंह, निवासी गांव लोहारडा, तहसील और जिला हमीरपुर को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20, 29 के तहत दंडनीय अपराध करने के लिए दोषी ठहराया है। जानकारी के अनुसार 3 सितंबर 2021 को दोषियों से चेकिंग के दौरान आरोपियों से 404 ग्राम चरस-भांग बरामद की गई थी। इस मामले की सुनवाई हिमाचल प्रदेश राज्य की ओर से उपजिला अटॉर्नी हमीरपुर राहुल चोपड़ा द्वारा की गई और दोषियों को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 29 के तहत 2 साल के लिए कठोर कारावास और 25,000 रुपए का जुर्माना और जुर्माना अदा न करने पर 4-4 महीने का साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

# आव्रजन और विदेशी विधेयक 2025 देश के विकास और सुरक्षा के लिए जरूरी : जयराम

## हिमाचल में गैर-कानूनी काम में संलिप्त विदेशियों की मॉनिटरिंग होगी आसान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि 'आव्रजन और विदेशी विधेयक-2025' वर्तमान में हमारे देश की जरूरत है, इससे देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत होगी और आर्थिक विकास को गति मिलेगी, जो कि विकसित भारत के लक्ष्य की तरफ तेजी से बढ़ते रहने के लिए बहुत आवश्यक है। लोकसभा में आव्रजन और विदेशी विधेयक 2025 पास कर दिया गया। इसके कानून



बनते ही देश की सुरक्षा और विदेशी नागरिकों के आगमन और प्रवास को व्यवस्थित तरीके से मॉनिटर करने का रास्ता साफ हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि यह कानून भारत को अवैध घुसपैठ, अपराध और सुरक्षा खतरों से बचाने के साथ-साथ अर्थव्यवस्था, शिक्षा और वैश्विक पहचान को भी नई दिशा देगा। इस बिल के कानून बनकर लागू हो जाने के बाद अब हर विदेशी नागरिक के प्रवेश, ठहराव और उद्देश्यों का व्यवस्थित और आधुनिक रिकॉर्ड रखा जाएगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिसका प्रत्यक्ष लाभ हिमाचल प्रदेश को होगा। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल प्रदेश को मिलेगा सीधा लाभ

**इसका** लाभ हिमाचल प्रदेश को भी मिलेगा। यहां पर प्रदेश में जिस तरह से नशा माफिया सर उठा रहा है। नशे के खिलाफ कार्रवाई में जिस तरह से विदेशियों के शामिल होने का मामला सामने आ रहा है, उससे एक सेंट्रलाइज्ड सिस्टम्स से ऐसे लोगों पर नजर रखी जा सकेगी, जो इस तरह के कार्यों में लिप्त रहेंगे। 'अतिथि देवो भव' हमारी परंपरा है लेकिन अतिथियों को भी हमारे देश की संस्कृति, मान्यताओं और कानूनों का सम्मान करना होगा, यह सुनिश्चित करने में 'आव्रजन और विदेशी विधेयक-2025' बहुत मददगार साबित होगा।

### अवैध प्रवासियों और अपराधियों पर रहेगी कड़ी निगाह

**जयराम** ने कहा कि वर्तमान में इस तरीके के कदम उठाने की सख्त आवश्यकता थी। इस कानून के लागू हो जाने से विदेशी लोगों पर पूरी निगरानी और उनका सहयोग किया जा सकेगा। जो लोग भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान देने आते हैं, उनका स्वागत होगा, लेकिन जो देश में अशांति फैलाने आते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब हर विदेशी पर 360 डिग्री स्क्रीनिंग 24 मापदंडों पर की जाएगी, जिससे अवैध प्रवासियों और अपराधियों पर पैनी नजर रखी जा सकेगी।

# इंजीनियरिंग कॉलेज के बीटेक स्टूडेंट्स ने लगाया फंदा, मौत

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी के नगर परिषद सुंदरनगर के पहुंच में एक 21 वर्षीय बीटेक प्रशिक्षु ने पुंघ स्थित किराए के कमरे में फंदे से झूल कर अपनी इहलीला समाप्त कर दी है। मृतक की शिनाख्त निशान सिंह (21) पुत्र सुदर्शन निवासी गांव सियुला डाकघर लिग्गा तहसील सलूणी जिला चंबा के तौर पर हुई है। मृतक जवाहरलाल नेहरू गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज सुंदरनगर में मैकेनिकल इजीनियरिंग के बीटेक 6वें सेमेस्टर का छात्र था। निशान अपनी बहन के साथ पुंघ में किराए के मकान में रहता था।

मामले की सूचना मिलते ही पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल में कराया गया है। वहीं, जांच के दौरान पुलिस मृतक द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का पता लगा रही है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मौत के कारणों का पता लगा रही है।

# 20 अप्रैल तक नशे के नेटवर्क पर विस्तृत डोजियर तैयार करें पुलिस अधीक्षक : मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सभी जिला प्रशासन को 20 अप्रैल तक पंचायत स्तर पर 'चिट्टा' के सप्लायर व उसके आदी सहित ड्रग नेटवर्क की मैपिंग पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष 15 मार्च तक मैपिंग पूरी करने के निर्देश के बावजूद अभी तक किसी भी जिले ने लक्ष्य हासिल नहीं किया है।

एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को पंचायत स्तर तक नशे के तस्करों और उपभोक्ताओं पर पूरी गंभीरता के साथ विस्तृत डोजियर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वह 20 अप्रैल को फिर से प्रगति की समीक्षा करेंगे और गलत रिपोर्ट देने वाले अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह पंचायत स्तर पर औचक निरीक्षण भी करेंगे। नशे के दुरुपयोग को खत्म करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए सीएम सुक्खू ने सभी पुलिस अधीक्षकों को नशे के नेटवर्क को खत्म करने के लिए प्रयास तेज करने के निर्देश दिए तथा नशे से संबंधित गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा। नशा माफिया द्वारा अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को ध्वस्त किया जाएगा तथा कार्रवाई के लिए 259 संपत्तियों की पहचान की गई है।

सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम तथा हिमाचल प्रदेश नशा निरोधक अधिनियम पारित किया है, जिसका प्रभावी क्रियान्वयन किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सभी जिलों में नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने पर विचार कर रही है तथा इसके लिए डीसी को खाली पड़े सरकारी भवनों की पहचान करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, एडीजीपी अभिषेक त्रिवेदी आदि मौजूद थे, जबकि डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा सहित सभी डीसी और एसपी वर्चुअली बैठक में शामिल हुए।

अनंत ज्ञान
संडे स्पेशल

## युवाओं को अपराध की दुनिया में पहुंचा रहा

# चिट्टे का शौक






## माफिया के हौसले बुलंद

### संगठित अपराध से हो रही बड़े पैमाने पर तस्करी

**चिट्टे (हेरोइन) का नशा एक ऐसी गंभीर समस्या है जिसे युवा शुरुआत में शौक के रूप में लेते हैं, लेकिन समय के साथ उनको शारीरिक और मानसिक रूप से इतना प्रभावित करता है कि वह इसकी आपूर्ति के लिए अपराध की दुनिया में कदम रखने को मजबूर हो जाते हैं। दरअसल, यह एक जाल की तरह होता है, जिसमें से एक बार फंसे व्यक्ति को बाहर निकलना बेहद मुश्किल हो जाता है।**

### शुरुआत शौक के रूप में

**चिट्टे** का सेवन आमतौर पर शौकिया तौर पर किया जाता है, खासकर युवाओं के बीच। प्रारंभ में, यह ड्रग्स एक उत्सुकता, तनाव को दूर करने या खुश होने के लिए लिया जाता है। कई बार यह दोस्तों के दबाव, सामाजिक माहौल या मानसिक दबाव के कारण शुरू होता है। शुरुआत में व्यक्ति को कोई खास दुष्प्रभाव महसूस नहीं होता, जिससे उसे यह लगता है कि यह नशा सुरक्षित है। यही वह समय होता है जब व्यक्ति चिट्टे के नशे में फंसता है और इसका सेवन बढ़ता जाता है।

### लत और निर्भरता

**चिट्टे** का सेवन लंबे समय तक करने से शारीरिक और मानसिक निर्भरता उत्पन्न हो जाती है। शरीर में इसकी कमी होते ही व्यक्ति को तीव्र शारीरिक और मानसिक बेचैनी होती है। यह स्थिति व्यक्ति को नशे की आपूर्ति के लिए मजबूर करती है। चूंकि चिट्टा सोने से भी महंगा नशा माना जाता है और इसकी आपूर्ति हमेशा संभव नहीं होती, इसलिए नशेड़ी व्यक्ति अवैध तरीके से इसका स्रोत तलाशने लगते हैं।

### अपराध की ओर रुझान

**जब** चिट्टा नहीं मिलता, तो नशेड़ी व्यक्ति इसकी आपूर्ति के लिए अपराधी बन जाता है। वह न केवल अपनी खुशियों के लिए, बल्कि शारीरिक निर्भरता को पूरा करने के लिए चोरी, लूटपाट या अन्य अपराधों की ओर रुख करता है। यह स्थिति उसके जीवन को पूरी तरह से नष्ट कर देती है। उसके लिए चिट्टा प्राप्त करना उसकी प्राथमिकता बन जाती है, और इसके लिए वह किसी भी हद तक जा सकता है। इस दौरान, उसे अपनी सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक जिम्मेदारियों का कोई ध्यान नहीं रहता।

### समाज और परिवार पर प्रभाव

**चिट्टे** के नशे की लत के कारण न केवल व्यक्ति, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी गहरा असर पड़ता है। परिवार के सदस्य मानसिक और आर्थिक संकट से गुजरते हैं, क्योंकि नशेड़ी व्यक्ति की जिम्मेदारियां और आचरण बिगड़ जाते हैं। समाज में भी ऐसे व्यक्ति की छवि नकारात्मक बन जाती है, जिससे उसका सामाजिक जीवन प्रभावित होता है। कई बार, इस लत के चलते व्यक्ति अपने करियर और भविष्य को खो देता है।

### समय पर इलाज व परिवार का सहयोग जरूरी

**इस** समस्या का समाधान केवल सख्त कानून और समाज जागरूकता से नहीं, बल्कि सही चिकित्सा उपचार और पुनर्वास के माध्यम से संभव है। परिवार का समर्थन, समाज का सहयोग और पेशेवर सहायता से नशेड़ी व्यक्ति को इससे बाहर निकाला जा सकता है। अगर किसी को यह पता चले कि वह नशे का शिकार हो चुका है, तो तुरंत इलाज लेना आवश्यक है, ताकि वह अपराध और आत्म-विनाश के रास्ते पर न जाए। बेशक चिट्टे का नशा शुरुआत में शौक के रूप में लिया जाए, लेकिन यह जल्दी ही व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लेता है और अपराध की ओर मोड़ देता है। इसका समाधान केवल सही समय पर इलाज और परिवार एवं समाज के सहयोग से ही संभव है।

## पंजाब से चिट्टा तस्करी का नहीं टूट रहा नेटवर्क

**हिमाचल** प्रदेश में चिट्टा (हेरोइन या अन्य नशीले पदार्थों) की तस्करी पड़ोसी राज्य पंजाब से लगातार हो रही है, जो एक गंभीर समस्या बन चुकी है। तस्करों ने अपना नेटवर्क इतना सुदृढ़ कर लिया है कि वह संगठित होकर इस अपराध को बेधड़क अंजाम दे रहे हैं। तस्कर हिमाचल और पंजाब की सीमा पर स्थित पहाड़ी इलाकों और दुर्गम रास्तों का फायदा उठा रहे हैं। इन रास्तों पर पुलिस की निगरानी कम होती है, जिससे तस्करों के लिए ड्रग्स की तस्करी करना आसान हो जाता है। यही वजह है कि वह आसानी से पकड़ में नहीं आते। पंजाब, जो ड्रग्स तस्करी के प्रमुख केंद्रों में से एक है, से हिमाचल प्रदेश में ड्रग्स की सप्लाई के कई रास्ते हैं। पंजाब के बड़े शहरों से जुड़े राजमार्ग और ट्रांसपोर्ट नेटवर्क, जैसे बसें और ट्रक, तस्करों के लिए सामान और यात्रियों के जरिए ड्रग्स भेजने का आसान तरीका बन जाते हैं। तस्कर इन मार्गों का इस्तेमाल करते हैं और सामान के बीच छिपा कर या यात्रियों के साथ ड्रग्स को भेजते हैं। इसके अलावा, पंजाब में ड्रग्स की तस्करी के लिए एक मजबूत नेटवर्क और अवैध कारोबार है, जो हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों तक फैल चुका है। इस नेटवर्क के तहत ड्रग्स की सप्लाई आसानी से हो जाती है। हिमाचल में तस्करी का यह कारोबार युवाओं को भी अपनी चपेट में ले रहा है, जिससे समाज में नशे की समस्या बढ़ रही है। पुलिस और प्रशासन की सीमित निगरानी के कारण तस्करों को अधिक अवसर मिल रहे हैं। हालांकि, हिमाचल प्रदेश में समय-समय पर पुलिस छापेमारी करती है, लेकिन तस्करों का यह नेटवर्क इतने व्यापक रूप से फैला हुआ है कि इसे पूरी तरह से नियंत्रित करना मुश्किल है। **प्रस्तुति : समरजीत**

# हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय चल रहा राम भरोसे : अभाविप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की हिमाचल इकाई ने कहा कि काफी लंबे समय से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की नियुक्ति नहीं हो रही है। स्थायी कुलपति न होने की वजह से विश्वविद्यालय में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 3 सालों से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति न होने से छात्र वर्ग को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करने पड़ रहा है। ऐसे में कुलपति न होने के कारण विश्वविद्यालय में अराजकता का माहौल देखने को मिल रहा है। वहीं, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलसचिव का तबादला बीते दिनों हो चुका है। सरकार के इस रवैये को देखते हुए छात्रों में आक्रोश की भावना बनी हुई है।



विधायक भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर की माता के निधन पर शोक प्रकट करने के लिए उनके निवास स्थान पहुंचे , नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले स्कूलों में 1 से 4 अप्रैल तक छुट्टियां नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले स्कूलों में 1 से 4 अप्रैल तक छुट्टियां नहीं होंगी। उच्च शिक्षा निदेशालय ने शनिवार को इस संदर्भ में अधिसूचना जारी कर दी है। एक अप्रैल से इन स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू होगा। बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर इन स्कूलों में 1 से 4 अप्रैल तक छुट्टियां होने की बात कही जा रही थी। शनिवार को निदेशालय ने इन बातों पर विराम लगाते हुए छुट्टियां नहीं होने की अधिसूचना जारी की है।

# सीएम सुक्खू ने वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वरिष्ठ पत्रकार देशराज बंटा के निधन पर शोक व्यक्त किया। उनका निधन 87 वर्ष की आयु में शुक्रवार को जिला कांगड़ा के पालमपुर में हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकारिता क्षेत्र में देशराज बंटा के अतुलनीय योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। उन्होंने परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की प्रार्थना की।

## डॉ. सिकंदर कुमार ने केंद्र सरकार से पूछा सवाल

# स्वदेशी प्रौद्योगिकी प्रगति को बढ़ावा देने के लिए क्या वित्तीय सहायता की है प्रदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राज्यसभा सांसद डा. सिकंदर कुमार ने सदन में केंद्र सरकार से पूछा कि क्या सरकार ने चक्रीय प्लास्टिक और संधारणीय रसायनों के डाउन स्ट्रीम उत्पादन को सक्षम बनाने के लिए किसी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं? क्या संधारणीयता में स्वदेशी प्रौद्योगिकी प्रगति को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है और आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने हेतु एक आत्मनिर्भर चक्रीय अर्थव्यवस्था स्थापित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के तहत एक सांविधिक निकाय, प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) ने चक्रीय प्लास्टिक और संधारणीय रसायनों के डाउनस्ट्रीम उत्पादन को सक्षम करने हेतु शुद्ध पायरोलिसिस तेल के उत्पादन और व्यवसायीकरण के लिए मेसर्स एपीकेमी प्राइवेट लिमिटेड, नवी मुंबई (2025) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

### रोजगार सृजन में भी सहायता का मिल रहा सहयोग

**केंद्रीय** राज्य मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने आत्मनिर्भर चक्रीय अर्थव्यवस्था स्थापित करने, रोजगार सृजित करने और आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों में कई कदम उठाए हैं, जिसका विस्तृत विवरण उन्होंने सदन में प्रस्तुत किया।

# भाजपा विमल नेगी मौत मामले से नहीं हटेगी पीछे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा विमन नेगी मौत मामले से पीछे नहीं हटेगी। सीबीआई जांच को लेकर पार्टी एकजुट है। चौड़ा मैदान में हुए विरोध प्रदर्शन में सभी नेताओं ने पार्टी लाइन के मंच से इस बात की पुष्टि की है। विधानसभा में बजट सत्र समाप्ति के फौरन बाद एक बार यह मुद्दा पुनः गरमाएगा। प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर अपनी कोर टीम के साथ सत्तापक्ष पर तीखे आक्रमण जारी रखेंगे। विमल नेगी बारे सीबीआई जांच को लेकर भाजपा गंभीर है।

**'भाजपा करेगी क्राइम वॉच', सत्तापक्ष पर बना रहेगा भारी दबाव**

विरोध-प्रदर्शन में इस्पात के साथ संकेत दे दिए गए हैं, जहां पर नेता प्रतिपक्ष ने वर्तमान कांग्रेस सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कांग्रेस सरकार से मांग रखी कि अगर सरकार के अंदर नैतिकता है तो विमल नेगी की मृत्यु के बारे में सीबीआई की जांच अवश्य होनी चाहिए।

जयराम पूरे प्रदर्शन में सरकार के नकारात्मक रवैया को लेकर आक्रामक रहे और विमल नेगी की मृत्यु को लेकर गंभीर रहे। जयराम ठाकुर ने नेगी के मृत्यु के पीछे एक आलाधिकारी की तरफ इशारा करते हुए भी काफी कुछ कहा और बताया कि एफआईआर में अधिकारी का नाम भी आना चाहिए।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने भी विमल नेगी के बारे में विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जबरदस्ती विमल नेगी द्वारा करोड़ों रुपए का भुगतान किसी विशेष व्यक्ति को करवाया गया और यह सीधा-सीधा सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करता है।

### सरकार विमल नेगी की मौत का मामला सीबीआई को सौंपे

**जयराम** ठाकुर ने कहा कि लगातार भारतीय जनता पार्टी विमल नेगी के मृत्यु मामले में सीबीआई की जांच मांग रही है, जो सरकार को जल्द से जल्द प्रारंभ कर देनी चाहिए, क्योंकि भाजपा इस मुद्दे से पीछे हटने वाली नहीं है और वह सदन से बाहर बेस पर सत्तापक्ष से सवाल उठाती रहेगी। वहीं, विमल नेगी से रात-रात यानी देर रात तक काम कराया जाता था और उनके ऊपर कहीं ना कहीं किसी न किसी प्रकार का दबाव भी बनाया जाता था, जिसके कारण उन्होंने अपने प्राण त्यागने का निर्णय लिया।

**जिम्मेदारी** | प्रदेश स्तर पर संयोजक, सह-संयोजक तथा संसदीय संयोजक किए नियुक्त

# भाजपा ने पार्टी स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की सूची की जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**





भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि 6 अप्रैल से 13 अप्रैल तक पार्टी स्थापना दिवस के उपलक्ष पर होने वाले कार्यक्रमों हेतु प्रदेश स्तर पर संयोजक एवं सह-संयोजक तथा संसदीय क्षेत्रश: संयोजकों की नियुक्तियां की गई है, कार्यक्रम संयोजक संजीव कटवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष और सह-संयोजक सुमीत कुमार शर्मा प्रदेश सचिव होंगे।

उसी प्रकार से संसदीय क्षेत्र के संयोजक शिमला प्रदेश सचिव डेजी ठाकुर, हमीरपुर प्रदेश सचिव राजेश ठाकुर, मंडी प्रदेश सचिव विनोद कुमार और कांगड़ा प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा रहेंगे।

बिंदल ने बताया कि 13 अप्रैल से 25 अप्रैल तक डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती' के उपलक्ष पर होने वाले कार्यक्रमों हेतु प्रदेश स्तर पर संयोजक एवं सह-संयोजक तथा संसदीय क्षेत्रों से संयोजकों की नियुक्तियां की गई हैं। कार्यक्रम संयोजक बिहारी लाल शर्मा प्रदेश महामंत्री और सह-संयोजक मुनीष चौहान प्रदेश सचिव रहेंगे।

संसदीय क्षेत्र प्रभारी कांगड़ा पवन काजल विधायक, मंडी प्रदेश उपाध्यक्ष पायल वैद्य, हमीरपुर प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी और शिमला अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश डोगरा रहेंगे। उन्होंने कहा कि गत दिनों जिला किन्नौर से संबंध रखने वाले एचपीपीसीएल के मुख्य अभियंता विमल नेगी की रहस्यमयी स्थितियों में मृत्यु हुई। इस संबंध में पार्टी ने जिलाभर से कार्यक्रम करने का निर्णय लिया है, जिसके लिए प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर को प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु जिलों से भी जिला संयोजकों की नियुक्तियां की गई हैं, जिसमें ऊना सतपाल सिंह सत्ती, पालमपुर विपिन परमार, सिरमौर सुखराम चौधरी, कुल्लू गोविंद ठाकुर, कांगड़ा पवन काजल, नूरपुर राकेश पठानिया, सोलन डॉ. राजीव सैजल, सुंदरनगर राकेश जम्वाल, मण्डी इंद्र सिंह गांधी, बिलासपुर त्रिलोक जम्वाल, महासू बलवीर वर्मा, चंबा डीएस ठाकुर, शिमला संजय सूद, हमीरपुर आशीष शर्मा, देहरा होशियार सिंह, किन्नौर सूरत नेगी और लाहौल स्पिति रवि ठाकुर रहेंगे।

### हैट पहने एक व्यक्ति आया सुर्खियों में

**इस** दौरान हैट पहने व्यक्ति पर आरोप लगाया कि उन्होंने अपशब्दों का इस्तेमाल कर कमरा बंद कर मारने की धमकी दी। सचिव ने शिकायत में हैट पहने व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में अफसरों पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है जिसके कारण विमल नेगी जैसे शरीफ अधिकारी अपनी जान दे देते है। हिमाचल में सरकार नौकरी करने वाले कर्मचारी भी सुरक्षित नहीं है।

### विमल नेगी की मौत मामले में कई रहस्यमयी बातें हो रहीं उजागर

**नियुक्ति** के बाद त्रिलोक कपूर ने कहा की प्रदेश सरकार के सचिव सहकारिता ने छोटा शिमला थाने में राज्य सहकारी बैंक के



निदेशक के साथ हैट पहने आए एक व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज करवाई है। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उनके कार्यालय में निर्देशक के साथ प्रतिनिधिमंडल ने मिलने की पर्ची भेजी। इसमें चार लोग आए, इसमें निर्देशक के अलावा एक व्यक्ति हैट पहने था। पुलिस को दी शिकायत में तीन लोगों की फोटो भी अटैच की गई है। सचिव सहकारिता सीपाल रासू हैं। शिकायत पत्र में आरोप है कि ये लोग राज्य सहकारी बैंक में हो रही कारगुजारियों पर बात करने लगे। उन्होंने प्रबंधन पर करोड़ों रुपए का लेन-देन बिना किसी मंजूरी के करने के आरोप लगाए। इस दौरान निर्देशक ने कहा, राज्य सहकारी बैंक में सात करोड़ रुपए की डोनेशन बिना मंजूरी देकर शेयरधारकों को नुकसान पहुंचाया है। सचिव ने निर्देशक को समझाने का प्रयास किया कि ये नाबार्ड के नियमों के तहत किया है, इसके लिए आरसीएस यानी पंजीयक सहकारी सभा से अनुमति ली है।



## न्यूज ब्रीफ

### कार में लगी आग, चालक ने भागकर बचाई जान

अनंत ज्ञान, नूरपुर। मंडी-पठानकोट नेशनल हाईवे पर शाहपुर से नूरपुर की तरफ जा रही एक कार में अचानक आग लग गई। जानकारी के अनुसार, शाहपुर निवासी चालक मनु अपनी कार से पठानकोट जा रहा था, तभी जौंटा पहुंचने पर कार से अचानक धुआं निकलने लगा। धुआं देखकर चालक ने तुरंत कार को रोका और जैसे ही वह बाहर निकला, कार में जोरदार आग लग गई। आग की लपटों के साथ चारों ओर धुआं फैल गया, जिससे आस-पास के लोग घबराकर दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाने के लिए पानी डाला और पास के अग्निशमन यंत्रों का उपयोग किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। चालक मनु ने बताया कि जब उसने कार में से धुआं निकलते देखा, तो उसने तुरंत कार को रोका और बाहर निकलने की कोशिश की। जैसे ही वह बाहर निकला, आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि चालक समय पर बाहर निकलने में सफल रहा, अन्यथा हादसा और भी भयावह हो सकता था।

### आज और कल भी खुले रहेंगे कैश काउंटर

अनंत ज्ञान, धर्मशाला। विद्युत उपमंडल चड़ी के सहायक अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि उपमंडल के अधीन उपभोक्ताओं के लिए 30 और 31 मार्च को भी कार्यालय का कैश काउंटर खुला रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे उक्त तिथियों में अपने लंबित बिल कार्यालय के कैश काउंटर में सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं।

### जिला स्तरीय पेंटिंग स्पर्धा में आंचल प्रथम

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। शिक्षा मंत्रालय एवं रक्षा मंत्रालय के बैनर तले समग्र शिक्षा के तहत 'वीर गाथा' जिला स्तरीय प्रतियोगिता में रावमा पाठशाला लंबागांव की 11वीं की छात्रा आंचल पुत्री हरिदास ने प्रथम स्थान हासिल किया है। आंचल की इस सफलता पर स्कूल प्रिंसीपल सरोज ठाकुर ने आंचल को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आंचल अब पेंटिंग प्रतियोगिता में पूरे जिले का प्रतिनिधित्व करेगी और राज्यस्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेगी जो कि लंबागांव स्कूल, लंबागांव ब्लॉक और सहित जिला कांगड़ा के लिए गर्व का विषय है। आंचल को स्कूल में सम्मानित करते हुए स्कूल अध्यापकवर्ग राजेश शर्मा, अशोक कुमार, बलवीर राणा सहित पूरे स्टाफ ने बधाई दी।



### कृषि विवि पालमपुर से प्रताप चंद सेवानिवृत्त

अनंत ज्ञान, पालमपुर। चौधरी श्रवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय से प्रताप चंद शनिवार को सेवानिवृत हो गए। इन्होंने 35 साल विवि में अपनी सेवाएं दीं। यह इलेक्ट्रिशन विंग में अपनी सेवाएं दे रहे थे। प्रताप चंद अपनी ड्यूटी के प्रति ईमानदार रहे विभाग में बढ़िया सेवाएं दीं विभाग के प्रमुख अधिकारी ने बताया कि सेवानिवृत्ति नौकरी का एक हिस्सा है। जब उस पूरी होगी तो विभाग को सेवानिवृत्ति देनी पड़ती है। प्रताप चंद के जैसे सेवाएं बड़ी मुश्किल से मिलते हैं। आज इनके निवास स्थान पर सभी ने कांगड़ी धाम का आनंद लिया और सभी ने शुभकामनाएं दीं।

### सिद्धपुर में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

अनंत ज्ञान, शाहपुर। थाना शाहपुर के अंतर्गत गत रात सिद्धपुर में एक 29 वर्षीय युवक ने गले में फंदा लगा कर अपनी जान दे दी। युवक की पहचान भागीरथ पुत्र छांगा राम निवासी सिद्धपुर के तौर पर हुई है। जानकारी अनुसार मृतक की लगभग एक साल पहले शादी हुई थी। फंदा लगाते वक्त मृतक घर में अकेला था। थाना प्रभारी शाहपुर करतार चंद ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# नवरात्र के लिए सजे मां के दरबार, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

## जिले के सभी शक्तिपीठों में तैनात रहेंगे पुलिस और होमगार्ड जवान, सीसीटीवी कैमरों से भी रखी जाएगी पैनी नजर

संजय अग्रवाल, धर्मशाला



मां ज्वालाजी



मां बज्रेश्वरी



मां चामुंडा

चैत्र नवरात्रों को लेकर जिला कांगड़ा के प्रसिद्ध तीन शक्तिपीठों श्री ज्वालामुखी देवी, श्री बज्रेश्वरी देवी व श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम में रविवार 30 मार्च से शुरू हो रहे नवरात्र को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा भी तीनों शक्तिपीठों के भीतर व बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सभी शक्तिपीठों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस और होमगार्ड जवान तैनात रहेंगे। सीसीटीवी से भी निगरानी रखी जाएगी और अतिरिक्त सफाई कर्मचारी सफाई का जिम्मा संभालेंगे।

विश्वविख्यात शक्तिपीठ श्री ज्वालामुखी मंदिर में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक चैत्र नवरात्र का शुभारंभ कन्या पूजन और विधिवत पूजा-पाठ से होगा। पहले नवरात्र पर सुबह 5:00 बजे गर्भगृह के कपाट श्रद्धालुओं के लिए दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। रात को अंतिम श्रद्धालु के दर्शन करने के बाद ही बंद होगा। छठी, सप्तमी और अष्टमी को मंदिर 24 घंटे श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा। नवरात्र के सुरक्षा व्यवस्था के लिए ड्रोन कैमरों से गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। इसके अलावा पुलिस विभाग पूरी व्यवस्था संभालेगा।

सुरक्षा के लिए 75 अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी, होमगार्ड और स्थायी सुरक्षाकर्मी भी तैनात किए जाएंगे। चैत्र नवरात्र में 60 अस्थायी कर्मचारियों के साथ नगर परिषद के कर्मी सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखेंगे।मंदिर अधिकारी मनोहर लाल शर्मा ने बताया कि नवरात्रों में मंदिर में ढोल-नगाड़ों और नारियल पर प्रतिबंध रहेगा। मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया जाएगा। सुरक्षा और यातायात प्रबंध के लिए 80 सीसीटीवी कैमरों से पूरे क्षेत्र की निगरानी होगी। शहर को 6 सेक्टरों में बांटा गया है। इसके वाहनों की पार्किंग चयनित स्थलों पर ही की जाएगी। बड़े वाहन शहर से बाहर निर्धारित स्थलों पर ही पार्क होंगे। कांगड़ा के श्री बज्रेश्वरी माता मंदिर के कपाट सुबह 4:30 बजे खुलेंगे। मंदिर को सजाने के लिए दिल्ली से एक श्रद्धालु ने फूल भेजे हैं। इन नवरात्र मेलों में शहर की सफाई व्यवस्था का जिम्मा सुलभ संस्था को दिया गया है।

चैत्र नवरात्र के दौरान माता श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कांगड़ा के तहसील चैक से लेकर कांगड़ा बाईपास तक मुद्रिका बस भी चलाई जाएगी। कांगड़ा मंदिर में 100 के करीब पुलिस कर्मी तैनात होंगे और 20 सीसीटीवी कैमरों का चप्पे-चप्पे पर पहरा रहेगा। मेलों में यात्रियों को सुबह के नाश्ते के अलावा दोपहर और रात का भोजन लंगर से मिलेगा।

श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम में 45 पुलिस कर्मी और 12 होमगार्ड सुरक्षा की कमान संभालेंगे। नवरात्र के दौरान सप्त चंडी पाठ, रूद्राभिषेक, सपाद, लक्ष्य, भागवत पुराण, रामायण पाठ और चामुंडा गायत्री वीज मंत्र आदि पाठ किए जाएंगे। साथ ही 31 विद्वान पंडित और 15 सहायक पंडित यज्ञशाला में यज्ञानुष्ठान करेंगे। मंदिर अधिकारी राकेश कुमार ने बताया श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधाएं के लिए आर्युवेदिक चिकित्सालय 24 घंटे खुला रहेगा।

यातायात को सुचारु बनाने के लिए तीन सेक्टर बनाए गए हैं। हर गतिविधि पर 28 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी। अष्टमी की रात को मां का नशीत पूजन कर 108 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा।

### सुरक्षा में नहीं होगी कोई कोताही : एसएसपी



एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने कहा है कि नवरात्रों को लेकर तीनों शक्तिपीठों में सुरक्षा मजबूत रहेगी। मंदिर से लेकर मुख्य चौक, भीड़ वाली जगहों, बस अड्डों आदि जगहों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा दूसरे प्रदेशों से आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा के साथ उन पर पुलिस की नजर भी रहेगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए पुलिस सहायता कक्ष भी स्थापित किए गए हैं।

# डॉ. राजीव ने 'प्रायोगिक ज्ञान' और 'प्रस्तावना कार्यक्रम' पर डाला प्रकाश

अनंत ज्ञान, जवाली



सीबीएसई के निर्देशानुसार स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में एक श्रृंखला चलाई गई, जिसमें दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीबीएसई के निर्देशानुसार स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल को संसाधन व्यक्ति के रूप में चुना गया। कार्यशाला का विषय 'प्रस्तावना कार्यक्रम' था। कार्यशाला का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर तथा सरस्वती वंदना द्वारा किया गया, जिसमें लगभग 45 अध्यापकों ने प्रति भाग लिया। राजीव सिंह निरयाल 'प्रायोगिक ज्ञान' तथा 'प्रस्तावना कार्यक्रम' विषयों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिक्षा के दर्शन और पद्धति के रूप में अनुभव आध्यात्मिक शिक्षा है, जो प्रत्यक्ष अनुभव और प्रतिबिंब के महत्व पर जोर देती है। इस दृष्टिकोण का उपयोग करने वाले शिक्षक जानबूझकर अपने छात्रों को व्यवहारिक गतिविधियों में शामिल करते हैं और फिर उन्होंने जो सीखा उसे पर चिंतन करने में उनका मार्गदर्शन करते हैं। यह छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने, उनके कौशल विकसित करने और उनके मूल्य को स्पष्ट करने में मदद करता है। प्रयोग शिक्षा की अवधारणा को लोकप्रिय बनाया, जो याद करने और रटने की शिक्षा की बजाय समस्या समाधान और महत्वपूर्ण सोच पर केंद्रित है। उनका मत था कि छात्र हाथों-हाथ, समस्या-समाधान गतिविधियों के माध्यम से सबसे अच्छा सीखते हैं, जो उनके जीवन के लिए प्रासंगिक है और यह सारी चीजें उन्होंने गतिविधियों के जरिए अध्यापकों को समझाई। डॉ. निरयाल ने बताया गया कि सीबीएसई के निर्देशों की ओर से अध्यापकों को कार्यशाला में उपस्थित होने के लिए प्रशंसनीय पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### पूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण संगठन चुनाव के लिए समिति गठित

अनंत ज्ञान, शाहपुर। हिमाचल प्रदेश राज्य पूर्व अर्धसैनिक कल्याण संघ की सभी जिला एवं तहसील इकाइयों की संस्तुति पर 11 अप्रैल को घुमारवीं में होने वाले राज्य निकाय चुनाव के सुचारू संचालन के लिए पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया है। इसमें एमएल ठाकुर मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक और शरवन सिंह अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश राज्य पूर्व अर्धसैनिक राज्य चुनाव समिति होंगे। प्रदेश प्रवक्ता मनवीर चंद कटोच ने जानकारी देते हुए बताया कि उपर्युक्त समिति नियमों के अनुसार स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने तथा इस उद्देश्य के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार है। जहां भी किसी पद के लिए कोई नामांकन प्राप्त नहीं होता है, वहां प्रतिनिधियों का निर्णय अंतिम होगा। चुनाव संचालन प्रक्रिया को देखने के लिए विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश सीएपीएफ के वार्ब अधिकारी डीआईजी शिमला, आईजी सपरी, डीआईजी पिंजौर एवं हिमाचल प्रदेश वेलफेयर ऑफीसर को निमंत्रण भेजा जा रहा है।

# सीएम सुक्खू के निर्णयों की पूरे देश में हो रही सराहना : पठानिया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला





उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि सीएम के जनहित और जनकल्याण के निर्णयों को देश भर में सराहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को देश के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची में स्थान दिया है। उन्हें यह सम्मान सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों और राज्य सरकार की ग्रीन ऊर्जा पहलों के लिए प्रदान किया गया है।

उन्होंने सीएम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का दर्जा देने की पहल की सराहना की है। इसके अलावा, दूध के समर्थन मूल्य में ऐतिहासिक वृद्धि, 1 लाख 36 हजार सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाली की और उनके नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय में हुई वृद्धि को भी उल्लेखनीय उपलब्धियों के रूप में दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सौर ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा देने के प्रयासों की भी प्रशंसा की गई है। विशेष रूप से कांगड़ा जिले में प्रस्तावित 200 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना को उनकी दूरदर्शी सोच का उदाहरण बताया गया है।

उन्होंने कहा कि बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि के मुख्यमंत्री पद तक पहुंचना ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की दृढ़ता और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। नशा माफिया पर कड़ी कार्रवाई करने की दिशा में उनकी सरकार की आगामी योजनाओं का भी जिक्र किया गया है। उन्होंने बताया कि इस सूची में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी सहित कई प्रमुख हस्तियों के नाम भी शामिल हैं।

# दाड़ी मेले में सड़क किनारे नहीं सजेंगी दुकानें

## 8 अप्रैल से शुरू होगा धुम्मू शाह मेला, 9 व 10 को होंगी कुश्तियां

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

दाड़ी में 8 अप्रैल से शुरू हो रहे धुम्मू शाह मेले के दौरान आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 का उल्लंघन करते हुए सड़क किनारे अनाधिकृत रूप से दुकानें खोलने पर पाबंधी रहेगी।

इस बाबत सार्वजनिक सूचना जारी करते हुए मेला कमेटी अध्यक्ष व एसडीएम धर्मशाला संजीव कुमार ने स्थानीय लोगों से बिना अनुमति अपने परिसर (दुकान या घर) के सामने दुकान लगाने के लिए स्थान न देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पूर्व में ऐसा देखने में आया है कि मेला ग्राउंड दाड़ी के निकट रहने वाले कई दुकानदार व परिवार प्रशासन से पूर्व अनुमति लिए बिना अपने परिसर के सामने दुकानें लगाते हैं या अन्य लोगों को दुकान लगाने के लिए स्थान किराए पर देते हैं। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति ऐसा करना आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005, खाद्य सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा तथा आबकारी एवं कराधान अधिनियम के तहत बनाए गए नियमों एवं नीतियों का उल्लंघन है। इसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक व्यवस्था या किसी भी प्रकार की आपदा के दौरान आसपास के क्षेत्र को खतरा होता है। इसके अलावा यातायात व भीड़भाड़ के साथ-साथ पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य को भी खतरा होता है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए इस वर्ष सभी दुकानदारों को किसी भी परिसर के सामने दुकानें लगाने से पहले स्थानीय प्रशासन से औपचारिक अनुमति लेनी अनिवार्य है। इसके साथ पुलिस तथा प्रशासन द्वारा सत्यापन के लिए किरायेदार की पहचान संबंधित सभी उपलब्ध दस्तावेजों को अपने पास रखना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि दुकानदार यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी व्यावसायिक संचालन आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत भीड़ प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के संबंध में विनियमों और दिशानिर्देशों के अनुपालन में हों तथा लाभ का 10 प्रतिशत अध्यक्ष धुम्मू शाह मेला के अधिकारिक खाते में जमा किया जाएगा। हितधारकों द्वारा इन नियमों का अनुपालन सुनिश्चित न करने पर उनसे सख्ती से निपटा जाएगा। यह मेला 15 अप्रैल तक चलेगा। 9 को छोटी माली व 10 को बड़ी माली के लिए मुकाबले होंगे।

### पलम क्षेत्र की 12 पंचायतों को 32 करोड़ रुपए से मिलेगा पेयजल : यादविंद्र गोमा

# लदोह में लोगों को समर्पित किया जनसेवा केंद्र

अनंत ज्ञान, पंचरुखी



आयुष युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने ग्राम पंचायत लदोह में 7 लाख से निर्मित जनसेवा केंद्र लोगों को समर्पित किया। लदोह में लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने जन सेवा केंद्र के भवन की बधाई की और कहा कि पंचायत के लोगों को जनसेवा केंद्र खुलने से घर के नजदीक सुविधा उपलब्ध होगी।

गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में पंचरुखी प्रमुख स्थान है। उन्होंने कहा कि पंचरुखी को तहसील का दर्जा दिया गया है और शीघ्र ही यहां तहसीलदार नियुक्त कर दिया जाएगा, जिससे लोगों के राजस्व संबंधित कार्य पंचरुखी में ही हो सकेंगे।

उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंचरुखी के भवन के कार्य को पूर्ण करने के लिए अतिरिक्त 50 लाख रुपए जारी किए गए हैं, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि भवन का कार्य पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री को आमंत्रित कर इसका शुभारंभ करवाया जाएगा। आयुष मंत्री ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की पलम की 12 पंचायत के लिए नाबार्ड के अंतर्गत 32 करोड रुपए की पेयजल योजना निर्मित की जा रही है।

उन्होंने कहा कि इस योजना का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है और अगले वर्ष यह योजना लोगों को समर्पित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचरुखी चौक से मानियाड़ा सड़क में 2 किलोमीटर टारिंग के लिए विभाग को आदेश दिये गए हैं। उन्होंने कहा कि घाड़ से मझेरनु सड़क निर्माण कार्य को नाबार्ड में शामिल किया गया है और इसपर करीब 3 करोड़ रुपए व्यय होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि सल्याणा में जल शक्ति विभाग का 6 कमरों का विश्रामगृह निर्मित किया जाना है और इस पर भी लगभग 3 करोड़ रुपए व्यय होंगे।

उन्होंने लदोह पंचायत भवन में कमरे के निर्माण के लिए 3 लाख, स्वयं सहायता समूहों के लिए कमरे के निर्माण को 3 लाख, ठाकुरद्वारा धीमान बस्ती में पार्क निर्माण को 3 लाख और आदर्श कॉलोनी में रास्ते के निर्माण के लिये अढ़ाई लाख देने की घोषणा की।

### साई भ्रांता स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

अनंत ज्ञान, डरोह। शनिवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय साई भ्रांता में सत्र 2024-25 का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय निवासी ब्रह्मी देवी पत्नी स्वर्गीय धर्म सिंह राणा समाजसेवी ने भाग लिया इस अवसर पर उनके पुत्र बादल राणा भी उपस्थित थे। समारोह के आरंभ मे मुख्याध्यापक अरुण जम्वाल ने उपस्थित अभिभावकों को नई शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात विद्यालय का वार्षिक परिणाम सुनाया तथा उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मुख्यातिथि ने स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया तथा भविष्य में कठोर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया।

### आपदा प्रबंधन योजनाएं विकसित करने पर की चर्चा

अनंत ज्ञान, पालमपुर

पालमपुर के एसडीएम सलीम आजम की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन पर सब-डिविशनल इंटर एजेंसी ग्रुप निर्माण को लेकर एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का संचालन जिला इंटर एजेंसी ग्रुप के संयोजक हरजीत भुल्लर ने किया।। एसडीएम ने आपदा प्रबंधन राज संस्थाओं तथा स्थानीय नागरिकों की सहभागिता भी सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में आपका प्रबंधन समंवय तंत्र के रूप में एसडीम-आईएजी सदस्यों की भूमिका-जिम्मेदारियां को परिभाषित करने व इंटर एजेंसी ग्रुप के लिए स्थान स्टाफिंग और संसाधन आवंटन पर चर्चा की गई। मौजूदा संचार प्रणालियों और प्रारंभिक तैयारी नेटवर्क के साथ कैसे स्वीकृत करें। कॉलेज आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र (सी आर सी) और स्कूल क्लस्टर की स्थापना पर चर्चा की। इसमें समुदाय आधारित (आपदा मित्र, आपदा वीर, सेहत सेवक वरिष्ठ मंडल जीवन रक्षक स्वयं सहायता समूह, सामाजिक और सामुदायिक लाभ संगठन) को संगठित करने पर चर्चा की गई। बैठक में संस्थागत, पंचायत और घरेलू स्तर पर आपदा प्रबंधन योजनाओं को विकसित करने के लिए दिशा निर्देश स्थापित करने पर चर्चा की गई।

# रीजनल सेंटर धर्मशाला के छात्रों ने सीखा मोबाइल ऐप बनाना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के खनियारा स्थित रीजनल सेंटर में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा आज शनिवार को विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भाग लेते हुए संस्थान के छात्रों ने विशेषज्ञों ने मोबाइल ऐप बनाने के गुर सीखे। कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए रीजनल सेंटर के निदेशक प्रोण् कुलदीप कुमार अत्री ने वर्तमान समय में कंप्यूटर एवं तकनीक की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा की तकनीक का आजकल शिक्षा के क्षेत्र में भी बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि कम्प्युटर की मदद से विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में भी विद्यार्थियों का काफी ज्ञान बढ़ा है। कार्यशाला में प्रमुख वक्ताओं अंकित ठाकुर और गणेश राज ने मोबाइल ऐप विकास के नवीनतम रुझानों और तकनीकों पर चर्चा की। उन्होंने प्रतिभागियों को ऐप विकास के विभिन्न चरणों, डिजाइनए और उपयोगकर्ता अनुभव के महत्व के बारे में जानकारी दी। निदेशक रीजनल सेंटर ने बताया कि कार्यशाला में प्रैक्टिकल और तकनीकी जानकारी देने के उद्देश्य से छात्रों के लिए व्यावहारिक सत्रों का भी आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने व्यावहारिक सत्रों में हिस्सा लेते हुए वास्तविक समय में ऐप विकास के लिए फ्लटर तकनीक का उपयोग करना सीखा। इसके बाद जिज्ञासा समाधान सत्रों में प्रतिभागियों ने अपनी शंकाओं और प्रश्नों को विशेषज्ञों के समक्ष रख उनका समाधान पाया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में एमसीए एवं पीजीडीसीए के लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### टटेडा में शिव महापुराण कथा संपन्न

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। टटेडा गांव में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। आखिरी दिन कथा वाचक किशोर शर्मा ने भक्तों को भगवान शिव की कथा का वर्णन सुनाया। तत्पश्चात बलराज शर्मा व नीलम शर्मा और सतगुरु भूरी वालों की कुटिया के प्रबंधक धनी राम ने संगतों का इस कार्यक्रम को सफल बनाने पर धन्यवाद किया। सात दिन तक चले इस शिव महापुराण यज्ञ में भोजन का भी विशेष प्रबंध किया गया। सात दिन सैकड़ों लोगों ने कथा श्रवण किया।

**ग्राम पंचायत रिस्सा विकास खंड गोपालपुर तहसील सरकाघाट जिला मण्डी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत रिस्सा में वित्त वर्ष 2025-26 के विकास कार्यों मनरेगा, जनरल, 15वां वित्तायोग तथा अन्य सभी शीर्षों की सामग्री तथा सीमेंट बैंच 15वां वित्तायोग की निविदाएं दिनांक 25/03/2025 से 05/04/2025 तक सायं 5 बजे तक बंद लिफाफे या डाक द्वारा ली जाएगी। उक्त दिनांक के बाद किसी भी निविदादाता की निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। इस लिए इच्छुक निविदादाता अपनी निविदा पंचायत कार्यालय में उक्त दिनांक व समय तक दे सकते हैं। उपरोक्त प्रस्ताव सर्व सहमति से पास हुआ है।

**सामग्री का विवरण-** 1. रेत क्रशर -प्रति घन मीटर , 2. बजरी क्रशर 10,20,40एमएम- प्रति घन मीटर, 3. सोलिंग बोल्डर पत्थर-प्रति घन मीटर, 4. पत्थर (कट स्टोन) प्रति पत्थर (6*8 इंच), 5. ईट मिटटी के भठे की-प्रति 1000, 6. इंटरलोक टाइल पेवर्स 40,50,60एमएम, व सीमेंट कंक्रीट पाथ टाइल -प्रति पीस प्रति साइज, 7. जेसीबी मशीन द्वारा मिटटी कटान व ब्रेकर -प्रति घन मीटर (हार्ड सॉफ्ट रॉक प्रति घंटा), 8. शटरिंग लोहा व लकड़ी -प्रति फुट, 9. हार्डवेयर आईटम (सरिया 8,10,12, 16एमएम, एंगल, चैनलसाइज वार, टाइल, पेंट, रेलिंग लोहा बिल्डिंग फिटिंग, सैनिटरी फिटिंग्स व लेवर रेट आदि) - आइटम वार व प्रति किलो/किवंटल प्रति पॉइंट, 10. मिक्सचर मशीन-प्रति दिन प्रति घंटा, 11. साईन बोर्ड/वाल राइटिंग/पेंटिंग-साईज वार/अन्य, 12. स्टेशनरी- विभिन्न रजिस्टर कागज इत्यादि सभी आईटम्स, 13. अन्य सामगी- आईटम वार, 14. सीमेंट बैंच प्रति बैंच।

नियम व शर्तें-1. निविदादाता (आपूर्तिकर्ता) के पास अपना पंजीकरण TIN NO/CST/GST NO. होना आवश्यक है। 2. रेत बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से जारी M/X FORM ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करना होगे M/X FORM उपलब्ध न करवाने पर बिल की अदायगी नहीं की जाएगी तथा साथ में सरकार द्वारा निर्धारित सपथ पत्र साथ जमा करवाना होगा । 3. सभी दरों का लेन-देन सरकार के प्राबधानों अनुसार होगी। 4. सामग्री की आपूर्ति HPPWD की SPECIFICATION के अनुरूप होगी। 5. रेत, बजरी, पत्थर, ईंटों इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल जहाँ तक वाहन योग्य सड़क है तक करवानी होगी तथा ग्राम पंचायत के पूरे क्षेत्राधिकार में एक ही रेट देय होगा। 6.अनुमोदित निविदादाता को सामग्री की आपूर्ति से पूर्व सामग्री की गुणवत्ता की जांच सक्षम तकनीकी कर्मचारी से करवानी होगी, अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 7. अनुमोदित निविदादाता यदि सामग्री की आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 8. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अस्वीकृत रद्द करने समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए आपूर्ति आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 9. सामग्री खरीद का अंतिम मूल्य निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व अनुमोदित निविदाताओं के साथ NEGOTITION अनुसार ही किया जाएगा। 10. पारित निविदादाता को मु 20,000/- रुपये धरोहर सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के नाम करबाने होंगे।

**प्रधान/सचिव**

**ग्राम पंचायत रिस्सा विकास खंड गोपालपुर तहसील सरकाघाट जिला मण्डी (हि.प्र.)**

### आपदा मित्र बनने का लें प्रशिक्षण : एसडीएम

अनंत ज्ञान, शाहपुर। मिनी सचिवालय शाहपुर में एसडीएम शाहपुर करतार चंद की अध्यक्षता में आपदा जागरूकता कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन हुआ। अधिकारी ने बताया कि आपदा प्रबंधन को लेकर आधार भूत सुविधाएं जुटाने के लिए दूरगामी योजना तैयार करनी होगी, ताकि आपदा से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। बैठक में उपमंडल स्तर पर इंटर एजेंसी ग्रुप बनाने व प्रत्येक पंचायत में पंचायत डिजास्टर कमेटी का गठन करने पर चर्चा हुई। उन्होंने समस्त विभागों के अधिकारियों को आपदा के समय उनके अंतर्गत आने वाले कार्यों की पूरी जानकारी रखने के निर्देश दिए, ताकि ऐसी स्थिति में सभी विभागों का आपस में तालमेल हो। उन्होंने जिला आपदा प्रबंधन कमेटी द्वारा तैयार किए जा रहे आपदा मित्रों के कार्यों की सराहना की और सभी से आपदा मित्र का प्रशिक्षण लेने के लिए कहा।

**सूरत-ए-हाल** किराये की जमीन पर खुले आसमान तले होता है एचआरटीसी की बसों की रिपेयर का काम

# संसारपुर टैरेस बस डिपो के पास न अपना ऑफिस, न वर्कशॉप

अनंत ज्ञान, फतेहपुर

उपमंडल देहरा के संसारपुर टैरेस में हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) का डिपो उधार के भवन में चल रहा है तो वहीं बसों की मरम्मत का काम वर्कशाप न होने के कारण सड़क किनारे निजी दुकानों के आगे किराये की जमीन पर हो रहा है। खुले आसमान तले तेज धूप और बारिश में कामगारों के लिए यह बस डिपो मुसीबत बना हुआ है। गौर रहे कि 2021 में पूर्व परिवहन मंत्री स्थानीय विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने विधानसभा क्षेत्र जसवां-परागपुर के औद्योगिक क्षेत्र में इस एचआरटीसी डिपो का शिलान्यास किया था। उस दौरान 17 बस रूटों और 60 कर्मचारी के साथ सेवाएं शुरू की गयी थीं। उसके बाद डिपो व वर्कशॉप के लिए कुछ दूरी पर जमीन मुहैया भी करवाई गई, मगर आज तक मौजूदा सरकार मे वहां काम शुरू नहीं हो पाया है। कांगड़ा जिले के एक छोर पर बसा संसारपुर टैरेस पंजाब के होशियारपुर जिले के मुख्य कस्बे तलवाड़ा के साथ लगता है। निगम के डिपो का अपना कार्यालय, वर्कशॉप व पेट्रोल पंप होना चाहिए, लेकिन संसारपुर टैरेस के डिपो में इस तरहं की मुलभुत सुविधाएं दूर-दूर तक नहीं हैं। चालकों व परिचालकों के आराम के लिए किराये पर लिया हुआ नाम मात्र एक स्टोर रूम है, जहां सुविधाएं न के बराबर हैं। संसारपुर डिपो में स्थायी आरएम भी नहीं है। नगरोटा बगवां डिपो के आरएम के पास इसका अतरिक्त कार्यभार है। बस डिपो देहरा का कार्यभार भी आरएम नगरोटा बगवां के पास है। जहां स्थायी आरएम न हो वहां के बस डिपो का क्या हाल होगा यह संसारपुर टैरस डिपो के हाल से जाना जा सकता है।



इसके लिए जमीन विभाग के नाम हो गई है। जैसे ही बजट का प्रावधान होगा, इसका कार्य शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल यह यह डिपो किराये पर ही चल रहा है।

**-राजकुमार पाठक, डीएम हमीरपुर, हिमाचल पथ परिवहन निगम**

## सालगिरह मुबारक



बीबीएन के संजीव प्रभाकर व मेनका को शादी की 18वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## दलाईलामा ने भूकंप से हुई मौतों पर जताया दुख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** दलाईलामा ने म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप पर दुख व्यक्त किया है, जिसमें कई जानें चली गईं, जबकि कई अन्य घायल हो गए। अपने संदेश में उन्होंने लिखा है कि मैं उन परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और म्यांमार तथा थाईलैंड जैसे पड़ोसी देशों में उन सभी लोगों के लिए प्रार्थना करता हूं, जो इस त्रासदी से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस बीच यह जानकर खुशी हो रही है कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के अलावा, भारत जैसे देश भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में राहत प्रयासों में मदद के लिए मानवीय सहायता भेज रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आयुष को हेड ब्वॉय, कद्राक्षी को चुना हेड गर्ल



**अनंत ज्ञान, गगल।** माउंट कार्मल स्कूल गगल में आज शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जानकारी देते स्कूल के प्रवक्ता विनय डढवाल ने बताया कि इसमें एडिशनल एसपी वीर बहादुर सिंह और सहायक उपनिरीक्षक कृष्ण राजा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर स्कूल के निर्देशक फादर मैथ्यू और फादर जॉनसन तथा प्रधानाचार्य एनीश ने दीप प्रचलित करके समारोह को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर स्कूल में मुख्यातिथि वीर बहादुर ने बच्चों को दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्षण को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में आयुष को स्कूल का हेड ब्वॉय तथा कद्राक्षी को हेड गर्ल, नमृत को जूनियर हेड बॉय और दिव्यांशी को जूनियर हेड गर्ल चुना गया। चयनित बच्चों को मुख्य अतिथि और फादर मैथ्यू ने बधाई दी और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

### रे खास की वान्या ने पास की नवोदय परीक्षा

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर के अंतर्गत राजकीय प्रथमिक रे खास की छात्रा वान्या शर्मा पुत्री नीरज शर्मा ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा पास करके निजी स्कूलों को आइना दिखाया है। रे खास सरकारी स्कूल की इस छात्रा ने नवोदय विद्यालय की परीक्षा को उत्तीर्ण करके स्कूल में मिल रही गुणवत्तपूर्ण शिक्षा का लोहा मनवाया है। वान्या शर्मा ने इस सारी मेहनत के पीछे अपने दादा व गुरुजनों को सारा श्रेय दिया है।

### प्राचीन शिव मंदिर कोटला में कल लगेगा भंडारा

**अनंत ज्ञान कोटला।** व्यापार मंडल कोटला एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से सोमवार 31 मार्च को प्राचीन सिद्धेश्वर शिव मंदिर कोटला में वार्षिक विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। व्यापार मंडल प्रधान कोटला के प्रधान अरविंद महाजन ने बताया कि सोमवार को दोपहर 12 बजे हवन यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने का निवेदन किया है।

# दरंग के दुकानदारों की रोजी-रोटी छीनने के हो रहे प्रयास : प्रवीण कुमार

## बोले, दुकानदारों को यहां से उठाने से पहले की जाए पुनर्वास की व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने पत्रकार वार्ता में कहा कि दरंग क्षेत्र के दुकानदारों की रोजी-रोटी छीनने का प्रयास किया जा रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि कई वर्षों से ये दुकानदार यहां अपनी अपनी रोजी-रोटी कमा कर अपने परिवार का पालन कर रहे हैं। उन्होंने पत्रकारों को अवगत करवाते हुए कहा कि जब वह वर्ष 1991 में खंड विकास कार्यालय भवारना के तहत ग्राम पंचायत दरंग के सबसे कम आयु के प्रधान बने थे, उस वक्त विकास कार्य करवाने लिए पंचायत के पास एक ईंच भूमि शामलात देह तक नहीं थी। सर्वत्र कब्जा वन विभाग लगा था। यहां तक कि उस वक्त इस पंचायत क्षेत्राधिकार में से गुजरते राष्ट्रीय उच्च मार्ग-20, जो अब यह एनएच-154 बन गया है, के साथ सभी दुकानदार वर्षों से अपनी अपनी दुकानदारी चलाकर आजीविका कमा रहे थे। पूर्व विधायक ने बताया कि उस वक्त वन विभाग के इस तरह के रुख से आहत ग्राम पंचायत का मुखिया होने के नाते चिंता सता रही थी कि कहीं वन विभाग का बुल्डोजर चला तो इन सभी की रोजी-रोटी खत्म हो जाएगी।



उन्होंने बतौर पंचायत प्रधान पटवार वृत्त दरंग का राजस्व अभिलेख खंगाला और बंदोवस्त से पूर्व जमाबंदी 1965 को आधार मानकर राजस्व अभिलेख में दर्ज तह जमीन वर्तनदरान के इस रिकॉर्ड की नियमानुसार प्रतियां लीं। तत्पश्चात पालमपुर कोर्ट के अधिवक्ता एडवोकेट सुदेश शर्मा के साथ भू व्यवस्था अधिकारी कांगड़ा स्थित धर्मशाला के कार्यालय में दुरुस्ति अंदराज का मामला दर्ज करके गलत अंदराज को चुनौती दी। पांच साल तक केस लड़ा। लंबी सुनवाई के उपरांत उस वक्त के भू व्यवस्था अधिकारी प्रबोध सक्सेना ने 31 अक्टूबर, 1996 को अपना ऐतिहासिक फैसला देते हुए इस जमीन के स्टेटस को वर्तनदारान/बंजर कदीम करार दिया। पूर्व विधायक ने बताया कि इस तरह इस जमीन को वन विभाग से छुड़ाकर सभी दुकानदारों को दुकानें खोलने के लिए दिया गया।

पूर्व विधायक ने कहा कि उन्होंने इन सभी दुकानदारों के साथ इस तरह तथ्यों सहित उपमंडल अधिकारी पालमपुर व परियोजना अधिकारी एनएचएआई स्थित चिंवलहार के समक्ष रखते हुए माना कि जमीन की मालिक प्रदेश सरकार है, लेकिन इस पर वर्तनदारानों का भी समानान्तर मालिकाना हक है। ऐसे में इन दुकानदारों को बेघर करने से पहले इनके पुनर्वास की व्यवस्था या दुकानों का उचित मुआवजा दिया जाए।

# आपदा से निपटने के लिए प्रशासन ने कसी कमर

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

मार्च महीना लगभग खत्म हो चुका है और तापमान मई व जून जैसा होता जा रहा है। वहीं हवाओं की वजह से आग लगने की घटनाएं होने शुरू हो जाती हैं। ऐसे में प्रशासन गांवों में जाकर मॉक ड्रिल और जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने जा रहा है। आगजनी अग्निकांड आपदा प्रबंधन पर जागरूकता बढ़ाने और तैयारी को मजबूत करने के लिए उपमंडल फतेहपुर व उपमंडल जवाली में समन्वय बैठकों का अयोजन एसडीएम विश्रुत भारती की अध्यक्षता में हुआ है। एसडीएम कार्यालय जवाली व विकास खंड अधिकारी फतेहपुर के मीटिंग हाल में समन्वय बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती के पास एसडीएम ज्वाली का अतरिक्त कार्यभार भी है। कार्याशालाओं में उपमंडलों के विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में आपदा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में जिला इन्टर ऐजसी कांगड़ा की और से रिसोर्स पर्सन हरजीत भुल्लर ने आपदा से संबंधित बचाव तथा घटना प्रतिक्रिया प्रणाली विषय पर चर्चा की। एसडीएम विश्रुत भारती ने कहा कि आपदा प्रबंधन पर पंचायत स्तर पर आपदा से संबंधित रिस्पॉन्स टीमों के गठन किया जाएगा तथा उनके ग्रुप बनाए जाएंगे ताकि किसी भी प्राकृतिक आपदा के समय तुरंत राहत जी जा सके इसके साथ उपमंडल व तीन पंचायत के ऊपर एक क्लस्टर भी स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित व्यक्ति आपदा के समय जीवन और संपत्ति के नुकसान को न्यून करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

**फतेहपुर और जवाली में बैठकों एवं कार्यशालाओं का किया गया आयोजन**

# अब वैन में कमनाला स्कूल जाएंगे विद्यार्थी

## संदेश डढवाल ने स्कूल को दान दी गाड़ी, अजय महाजन ने दिखाई हरी झंडी

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

विकास खंड नूरपुर की पंचायत कमनाला की राजकीय माध्यमिक पाठशाला को अब स्कूली बच्चों को पैदल नहीं जाना पड़ेगा। स्कूली बच्चों को घर से स्कूल तक लाने और वापस घर तक पहुंचाने के लिए एक वैन का प्रावधान किया गया है। स्थानीय पंचायत के उपप्रधान और ब्लॉक समिति नूरपुर के पूर्व अध्यक्ष संदेश डढवाल ने उक्त वैन को स्कूल के लिए दान किया है। शनिवार को नूरपुर के पूर्व विधायक अजय महाजन ने इस वैन को बच्चों को घर छोड़ने के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

पूर्व विधायक अजय महाजन ने कहा कि हिमाचल के किसी सरकारी स्कूल में यह शायद पहला प्रयास किया गया है। इससे न केवल बच्चों को निशुल्क आवागमन करने की सुविधा मिलेगी, बल्कि स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए यह सुविधा बहुत कारगर होगी। उन्होंने वैन के लिए संदेश डढवाल की सराहना करते हुए कहा कि इससे और लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस मौके पर उन्होंने संदेश डढवाल द्वारा दान की गई पाठ्य सामग्री को उक्त पंचायत के राप्रापा और रामापा के बच्चों को वितरित किया। इससे पूर्व स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य, स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों ने पूर्व विधायक अजय महाजन का भव्य स्वागत किया। उन्हें शॉल और टोपी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पंचायत उपप्रधान संदेश डढवाल, स्कूल के प्रधानाचार्य अजय धीमान, स्कूल प्रबंधन कमेटी की प्रधान रीता देवी, तरसेम मिन्हास, राकेश शर्मा, राजन शर्मा, महिंद्र डढवाल, यशपाल सिंह आदि गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



# कांगड़ा एयरपोर्ट पर आज लैंड करेगा स्पाइस जेट का सायंकालीन विमान

**अनंत ज्ञान, गगल**

सायंकालीन विमान का इंतजार आज खत्म हो जाएगा। काफी दिनों से हवाई यात्रियों की मांग चल रही थी कि कांगड़ा एयरपोर्ट पर सायंकालीन विमान सेवा शुरू की जाए, जिनका सपना आज साकार होगा। इस सायंकालीन सेवा के लिए स्पाइस जेट कंपनी ने हामी भरी थी, जिस पर स्पाइस जेट का सपना भी पूरा होगा। स्पाइस जेट का यह विमान प्रतिदिन नियमित रूप अपनी सेवाएं देता रहेगा। हालांकि इस स्पाइस जेट विमान के किराये को लेकर यात्रियों को अपनी जेब थोड़ी ढीली रखनी पड़ेगी, क्योंकि इसका किराया अन्य फ्लाइटों से ज्यादा होगा।

कांगड़ा एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह विमान हर दिन शाम को 5 बजे कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड करेगा और 5:20 पर दिल्ली को टेक ऑफ करेगा। एयरपोर्ट के निदेशक ने कहा है कि आज से फ्लाईटों की संख्या भी 9 तक पहुंच जाएगी।




इतना ही नहीं इस कांगड़ा एयरपोर्ट को अन्य एयरपोर्ट को जोड़ने का भी शेड्यूल चला हुआ है। शायद कुछ ही दिनों में यह इस एयरपोर्ट से जयपुर, देहरादून और अमृतसर के लिए भी फ्लाइटें कनेक्ट हो जाएंगी, जिससे यात्रियों को आने-जाने में कोई दिक्कत या परेशानी नहीं होगी और और पर्यटकों की तादाद में भी भी इजाफा होगा। अभी कांगड़ा एयरपोर्ट पर केवल छह ही फ्लाइटें नियमित रूप से संचालित हो रही थीं। अब इनकी संख्या 6 से बढ़कर 9 हो जाएगी। इन फ्लाइटों में विमान यात्री चंडीगढ़ और शिमला में भी बुकिंग करवाकर पहाड़ियों का नजारा देख सकते हैं।

# प्रीतम भारती को दोबारा चुना अध्यक्ष

## भारत विकास परिषद बैजनाथ-पपरोला इकाई के वार्षिक चुनाव संपन्न

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

भारत विकास परिषद की बैजनाथ-पपरोला इकाई के वार्षिक चुनाव शुक्रवार को पर्यवेक्षकों संजय सूद एवं असीम गुप्ता की देखरेख में हुए। इसमें सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रीतम भारती को पुन: अध्यक्ष, अनुज आचार्य को महासचिव एवं हरीश अरोड़ा को वित्त सचिव चुना। इससे पहले शाखा में नए सदस्यों क्रमश: रीता शर्मा, आशीष सूद, विक्रम सिंह, विजय चौधरी, राकेश बक्शी, ध्रुव शर्मा, चंद्रशेखर, बमधीर सिंह एवं सुरिंद्र धीमान को भारत विकास परिषद् की सदस्यता लेने के लिये सम्मानित किया गया। महासचिव अनुज आचार्य ने बैठक की कार्रवाई और मंच संचालन किया एवं उपस्थित सदस्यों का परिचय करवाकर स्वागत किया। वित्तसचिव हरीश अरोड़ा ने वर्ष 2024-25 के आय-व्यय का ब्यौरा हाउस के समक्ष प्रस्तुत किया जिसको सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। अध्यक्ष प्रीतम भारती ने शाखा द्वारा विगत वर्ष में किये गए कार्यों की जानकारी सदस्यों से साझा की।

संयुक्त सचिव डीआर ठाकुर ने इकाई की उपलब्धियों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा कर प्रांत की 13 शाखाओं में सर्वाधिक कार्यक्रमों का आयोजन कर पहले स्थान पर रहने के लिये बैजनाथ-पपरोला के पदाधिकारियों को बधाइयां दीं। इस अवसर पर शाखा के सदस्यों ने शाखा के साथ अपने जुड़ाव, अनुभवों, समाज के प्रति दायित्वों, बच्चों में संस्कारों के परिमार्जन की महती आवश्यकता एवं क्रियाकलापों पर संक्षिप्त लेकिन सारगर्भित विचार रखे। कार्यक्रम के बीच प्रांत महासचिव एवं अगले सत्र के लिए मनोनीत अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र कौल, सेवानिवृत्त वैज्ञानिक आरएस राणा, डॉ. देवेंद्र सूद, प्रमुख सर्राफा व्यवसायी अनिल नंदा नीटू एवं पर्यवेक्षक संजय सूद के सानिध्य में गत 28 एवं 29 दिसंबर को लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर परिसर में संपन्न भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में भागीदारी करने वाले शाखा सदस्यों क्रमश: प्रीतम भारती, अनुज आचार्य, उदयवीर राणा, शक्तिचन्द राणा, डीआर ठाकुर, विपिन भारद्वाज, रविता भारद्वाज, अरुण शर्मा और मुल्खराज शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# योल बाजार में टूटकर सड़क पर गिरीं बिजली की तारें, लगा जाम

**अनंत ज्ञान, योल**

योल बाजार में बिजली की तारे टूट कर सड़क के बीचोंबीच गिरने से हडकंप मच गया। कुछ समय के लिए हर तरफ आवाजाही रुक गई व जाम लग गया। करीब 15 मिनट बाद मौके पर पहचे बिजली कर्मियों ने टूटे तारों को सड़क से हटाया तब लोगों व वाहनों की आवाजाही सुचारु हुई। जिस समय तारें जमीन पर गिरीं, उस समय बिजली सुचारु थी और शार्ट सर्किट होने से आग की लपटें व जोर से धमाके होने शुरू हो गए। लपटों व धमाकों को देखकर लोग सहम गए दुकानदार भी दुकानों के बाहर आ गए व निजी स्कूल का रिजल्ट होने के कारण बच्चे व अविभावक यह मंजर देख कर डर गए। लोगों ने तुरत बिजली विभाग को हादसे की जानकारी दी।



मौके पर पहुचे कर्मचारियों ने पहले बिजली सप्लाई बंद करवाई। उसके बाद जमीन पर गिरे तारों को साइड पर किया और दोनों तरफ से लगा जाम खुलवाया गया। एसडीओ संतोष कुमार से संपर्क करने पर मालूम चला उन्होंने कहा हमें अभी-अभी जानकारी मिली है और स्टाफ को तुरंत वहां पर भेज दिया है और जल्दी से जल्दी बिजली सुचारु रूप से शुरू कर दी जाएगी और इसके पीछे क्या कारण रहे इसकी भी जांच की जाएगी।

## महिला दुकानदार से मारपीट, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, देहरा।** देहरा के एक बाजार में महिला दुकानदार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई है। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़िता अपनी दुकान में थी। इसी दौरान सुभाष, अभय और राजू नाम के लोगों ने वहां आकर उसके साथ मारपीट की। उनके बीच रास्ते को लेकर विवाद था। घटना गुरुवार की है। पीड़िता का कहना है कि यह हमला निजी दुश्मनी के कारण किया गया और सामान भी फेंका गया। यह पूरी तरह से योजनाबद्ध था। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने कहा कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। मामला धारा 323, 504, 506 और 115 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मैक्लोडगंज में विदेशी पर्यटकों की संख्या में तेजी से हुई वृद्धि

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

मैक्लोडगंज में विदेशी पर्यटकों की संख्या ने नया रिकॉर्ड बनाया है। जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024 के दौरान अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है और यह आंकड़े धीरे-धीरे महामारी से पूर्व के स्तर तक पहुंच रहे हैं। मैक्लोडगंज में विदेशी पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। 2021 में जहां केवल 2 हजार 701 विदेशी पर्यटक आए थे, वहीं 2022 में यह संख्या बढ़कर 6 हजार 538 हो गई। 2023 में रिकॉर्ड 51 हजार 322 विदेशी पर्यटक पहुंचे। 2024 में 26 हजार 195 पर्यटक आए। 2025 के पहले दो महीनों में ही तीन हजार से अधिक विदेशी पर्यटक धर्मशाला पहुंच चुके हैं। बौद्ध आध्यात्मिकता और दलाईलामा की शिक्षाएं भी विदेशी पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण रही हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कुंसल**
विकास खंड बैजनाथ, तह. बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

पंचायत बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि वर्ष 2025-26 के लिए निर्माण सामग्री की निविदाएं लेने के लिए सूचना जारी कर ही जाए। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुंसल में नि. लि. निमार्ण सामग्री की निविदाएं आमंत्रित हैं। 1. बजरी क्रशर 10एमएम, 20एमएम, 40एमएम, 90 एमएम प्रति फुट, 2. रेत क्रशर प्रति फुट, 3. बोल्डर प्रति फुट, 4. सोलिंग प्रति फुट, 5. कट स्टोन 6 ईंच प्रति नं., 6. सटीरंग स्लैब प्रति SQRFT, 7. सटरिंग कुहल, 9 रास्ते प्रति SQRFT, 8. ईंट प्रथम व द्वितीय श्रेणी प्रति नं. 9. साईन बोर्ड व बॉल पेटिंग प्रति नं., 10. सामान ढुलाई प्रति 100 मीटर, 11. सीमेंट ढुलाई व सिविल सप्लाई पपरोला से कुंसल प्रति बैग लोडिंग व अनलोडिंग

नोटः- कुटेशन फार्म ग्राम पंचायत कुंसल में 1-4-2025 से 4-4-2025 को सुबह 11 बजे से लेकर 5 बजे तक दिए जाएं। कुटेशन फार्म की फीस 1000 रुपय होगी। ग्राम पंचायत कुंसल से लिया गया कुटेशन फार्म ही मान्य समझा जाएगा। 7-4-2025 शाम तीन बजे तक फार्म वापिस लिए जाएंगे और 08-04-2025 को 11:00 बजे कुटेशन खोल दी जाएंगी । सप्लायर के पास अपना जीएसटी नंबर होना अति आवश्यक है। निविदाओं को स्वीकृत करने या रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। समय पर सामग्री न देने व घटिया सामग्री देने पर भी एक नोटिस जारी करने पर कुटेशन रद्द कर दी जाएगी। जिस किसी को भी ग्राम पंचायत कुंसल में अपनी निविदाएं देनी हैं वह सादर आमंत्रित हैं।

प्रधान/सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत कुंसल
विकास खंड बैजनाथ, तह. बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)


# 'उन्स' अंतर्मन की गिरह खोलता काव्य संग्रह

**समीक्षा**

**हम** निरंतर बाह्य जगत की यात्राओं में, वो चाहे कुछ पाने की हों, कहीं पहुंचने की हों या दुनिया की दौड़ में आगे निकल जाने की हों, इतना व्यस्त रहते हैं कि भीतर कहीं मन का वो कोना जिसमें संवेदनाएं बसती हैं, लगातार अनदेखा कर दिया जाता है। कभी वक्त और हालात इसका कारण बनते हैं तो कभी हम स्वयं इसे प्राथमिकता नहीं देते । ऐसे में हम रू-ब-रू होते हैं एक खूबसूरत कविताओं के संकलन 'उन्स' से, जो कदमों को मोड़ देता है। भीतर की यात्रा पर जहां रुह का स्वयं से मिलन होता है और मन ताजा हवा, पानी और मोहब्बत से लबरेज़ हो जाता है।

कविताओं में भावों की गति इतनी तीव्र है कि ये स्वत: ही पाठक के दिल में उतर जाती हैं। अगर 'उन्स' को रूहों का संवाद कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। संकलन के पहले भाग की कविताएं कवयित्री के संवेदनशील हृदय की गहन मगर सहज अभिव्यक्ति हैं, जिनमें पाठक को एहसास के समंदर में उतर जाने को मजबूर कर देने की क्षमता है। दूसरे भाग की कविताएं कवयित्री ने उन सब शख्सियतों को समर्पित की हैं, जिन्होंने उनकी जीवन यात्रा पर अमिट छाप छोड़ी। संकलन की कविताएं महज कविताएं नहीं हैं, वर्न पुल हैं भावनाओं और प्रेम का, जिस पर से गुज़र कर पाठक उस पार चला जाता है जहां सारे मानवीय रिश्ते एवं भावनाएं और गहन हो जाती हैं। कितनी भी बार इन्हें पढ़ें, ऐसा लगता है तप्ती धूप में जैसे घने पेड़ की छाया मिल गई हो और अंतरात्मा में उन्स की ठंडक पसर गई हो।






निशा लूथरा (लेखिका)



सरिता मलिक (समीक्षक)

# डीआईजी ने किया नशा छुड़ाओ केंद्र का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

सिविल अस्पताल पठानकोट में चलाए जा रहे नशा छुड़ाओ केंद्र का शनिवार को डीआईजी राजपाल सिंह संधू ने निरीक्षण किया। इस दौरान उनकी ओर से नशा छुड़ाओ केंद्र में मरीजों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जाना गया व भर्ती मरीजों से बातचीत की गई। जानकारी देते डीआईजी संधू ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से नशों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत ही वह सिविल के नशा छुड़ाओ केंद्र में पंहुचे हैं। डीआईजी ने बताया कि उन्होंने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जान कर भर्ती मरीजों से भी बातचीत की गई है। बताया कि अस्पताल प्रबंधन के साथ भी बैठक का आयोजन भी किया गया है।

अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की रूप रेखा जिला स्तर व उपरांत प्रदेश स्तर पर तैयार कर लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब को नशा मुक्त करना है, ऐसे में जो भी सुधारों की जरूरत है, वे किए जाएंगे। नशा छुड़ाओ केंद्र के साकारत्मक नतीजे आएं, इसी के लिए दौरा किया गया है। उन्होंने बताया कि वह सिविल अस्पताल में चल रहे नशा छुड़ाओ केंद्र में चल रहे कार्य से संतुष्ट हैं। इस दौरान उनके साथ कार्यकारी एसएमओ डॉ. पुनीत जम्वाल, डॉ. शैलेंद्र सिंह व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाना सरकार की प्राथमिकता: पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने आज हिमाचल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (हाईट) कॉलेज शाहपुर के वार्षिक फेस्ट इंद्रहार के समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के विकास में शिक्षा का अहम रोल है तकनीकी शिक्षा मुख्यधारा की शिक्षा के अतिरिक्त युवाओं में व्यवसायिक ज्ञान तथा कौशल को बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार छात्रों को रोजगारोन्मुखी तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिया प्रतिबद्ध है, ताकि वे औद्योगिक क्षेत्र की मांग के अनुरूप अपने कौशल का विकास कर सकें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में रोजगार के अधिक अवसर हैं उन क्षेत्रों में आवश्यक कौशल विकास के लिए अवसर प्रदान करना जरूरी है। शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में निजी संस्थानों का अहम स्थान है और शाहपुर का यह संस्थान पिछले 15 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहा है और प्रदेश के विभिन्न इलाकों से बच्चे यहां पर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कंड**
विकास खंड पालमपुर, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

The sealed quotation are invited from interested firm/ contractors for financial year 2024-25 to supply the above material through registered post or in person on or before 5 April 2025 by 11 AM in the office of undersigned. Firm or vendor will have to deposit Rs. 1000/- (Rupees one thousand only) towards stationary expenses who are applying for vendor and this amount is non refundable. The quotation will be opened on 6 April 2025 by 11 AM in the presence of participants or their representatives before purchase committee. The committee reserve the right to accept or reject the quotations without citing any reasons.

**Particular:-** 1. Crusher Aggregate 10mm- cft, 2. Crusher Aggregate 20mm -cft, 3. Crusher Aggregate 40mm-cft, 5. Soling stone-cft 6. Cut Stone (6 inch)-cftr 7. Cut stone (8 inch)-cft, 8. Bricks 1ST Class –No., M Form , 9. Bricks 2nd Class –No., 10. Cement carriage and loading/unloading from civil supply to Panchayat, 11. Aggregate 60mm –cft, 12. Aggregate 90mm –cft, 13. Carriage of material from road to site by mules/100 meters-cft, 14. Sign board with writing –No., 15. Wooden shuttering – Sft, 16. Steel shuttering – Sft.

**Terms and conditions:-**
1. The firm/contractors must have GST number.
2. Every item quoted must have detail specifications.
3. The rate quoted should include GST and all other charges.
4. The rates should be nearest to FOR nearest to work site.
5. Conditional quotation will not accepted
6. An amount of Rs 35000/- in the shape of bank demand draft in the name
7. if undersigned is to be submitted as earnest money deposit.

If supply not made timely or inferior quality is supplied by supplier, the quotations shall be stand cancelled with immediate effect and earnest money will be forfeited by Gram Panchayat and supply will be banned by Gram Panchayat for next five year.

**कार्यालय ग्राम पंचायत सपैड़ू**
विकास खंड पालमपुर, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

The sealed quotation are invited from interested firm/ contractors for financial year 2024-25 to supply the above material through registered post or in person on or before 5 April 2025 by 11 AM in the office of undersigned. Firm or vendor will have to deposit Rs. 1000/- (Rupees one thousand only) towards stationary expenses who are applying for vendor and this amount is non refundable. The quotation will be opened on 6 April 2025 by 11 AM in the presence of participants or their representatives before purchase committee. The committee reserve the right to accept or reject the quotations without citing any reasons.

**Particular:-** 1. Crusher Aggregate 10mm- cft, 2. Crusher Aggregate 20mm -cft, 3. Crusher Aggregate 40mm-cft, 5. Soling stone-cft 6. Cut Stone (6 inch)-cftr 7. Cut stone (8 inch)-cft, 8. Bricks 1ST Class –No., M Form, 9. Bricks 2nd Class –No., 10. Cement carriage and loading/unloading from civil supply to Panchayat, 11. Aggregate 60mm –cft, 12. Aggregate 90mm –cft, 13. Carriage of material from road to site by mules/100 meters-cft, 14. Sign board with writing –No., 15. Wooden shuttering – Sft, 16. Steel shuttering – Sft. 17. Water Coolar Purifier (Integrated UV Based Water)18. Stationery 1000/-.

**Terms and conditions:-**
1. The firm/contractors must have GST number.
2. Every item quoted must have detail specifications.
3. The rate quoted should include GST and all other charges.
4. The rates should be nearest to FOR nearest to work site.
5. Conditional quotation will not accepted
6. An amount of Rs 25000/- in the shape of bank demand draft in the name 7. if undersigned is to be submitted as earnest money deposit.

If supply not made timely or inferior quality is supplied by supplier, the quotations shall be stand cancelled with immediate effect and earnest money will be forfeited by Gram Panchayat and supply will be banned by Gram Panchayat for next five year.

## न्यूज ब्रीफ

### छावा मेगा मूवी शो हुआ सफल : एबीवीपी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र हित ओर समाज हित के लिए वचनबद्ध है इसी संदर्भ में आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई द्वारा छात्रों के लिए एक मेगा मूवी शो का आयोजन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई उपाध्यक्ष अमन अदिति ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं है, बल्कि हम चाहते हैं कि हमारे छात्र भारत के इतिहास से रू-ब-रू हों। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विशाल सकलानी ने शिरकत की। अमन ने कहा कि छावा मेगा मूवी शो का सफल हुआ है।

### विक्रमादित्य 30 को करेंगे तारादेवी मंदिर का दौरा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 30 मार्च, 2025 को तारादेवी मंदिर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि विक्रमादित्य सिंह 30 मार्च को प्रातः 10 बजे तारादेवी मंदिर में आयुष मल्टीस्पेशलिटी शिविर का उद्घाटन करेंगे।

### कांग्रेस सरकार ने राज्य को अपराध में धकेला : बरागटा



**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा की सुपरहिट रैली से प्रदेश सरकार का सिंहासन हिल गया,ये बात प्रदेश भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कही। उन्होंने कहा कि ढाई साल में कांग्रेस सरकार ने हिमाचल को अपराध, माफियाराज और कर्ज के दलदल में धकेल दिया है। जनता के बीच भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ आक्रोश चरम पर है और अब यह सरकार ज्यादा दिन टिकने वाली नहीं है। भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस की सरकार को अब जनता ने अब उखाड़ फेंकने की तैयारी कर ली है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और अपराधियों को कांग्रेस सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त है। बागवानी माफिया क्षेत्र में पुरी तरह सक्रिय है।

### शिक्षा मंत्री कल से जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 31 मार्च और 2 अप्रैल, 2025 को जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी आज यहां एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि रोहित ठाकुर 31 मार्च को प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत पनोग के दिलवी गांव के लिए संपर्क सड़क का उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत वह क्यारी में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और जनता की समस्याएं सुनेंगे। शिक्षा मंत्री 2 अप्रैल को प्रातः 10 बजे चमशु पुल की आधारशिला रखेंगे। इसके अतिरिक्त प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत कुडू के अंटी सबाहर से हरिजन बस्ती धार कोटि सेरटी तक संपर्क सड़क का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 12:00 बजे कुडू में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और जनता की समस्याएं सुनेंगे। शिक्षा मंत्री दोपहर 2.30 बजे हाटकोटी माता मंदिर जाएंगे।

### कुमारसैन विद्यालय में लगाया नेत्र जांच शिविर



**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** पीएम श्री जेबीएलके उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुमासेन छात्रों की नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन पीएम श्री हेल्थ असेसमेंट के तहत किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों की आंखों की सेहत की जांच करना और उन्हें आवश्यक उपचार प्रदान करना है, जिससे उनकी शैक्षणिक प्रगति में सहायता मिल सके। विद्यालय की प्रधानाचार्य कमलेश शर्मा ने कहा की यह एक बहुत ही अच्छी पहल है। पीएम श्री हेल्थ असेसमेंट के तहत पीएम श्री जेबीएलके उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुमारसैन में विद्यार्थियों के लिए नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जो एक सराहनीय कदम है।

भारतीय मीडिया पत्रकार संघ के एक कार्यक्रम में कुलदीप सिंह पठानिया बोले-

# व्यवस्था को सशक्त करने में पत्रकारिता की भूमिका अहम

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**



हिमाचल विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने शनिवार को भारतीय मीडिया पत्रकार संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति द्वारा ऐतिहासिक गेयटी थिएटर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि व्यवस्था तंत्र को सशक्त करने में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। यह तंत्र सशक्त होने से ही हमारा प्रदेश और देश सशक्त होगा।

उन्होंने कहा कि देश के इतिहास और विकास में पत्रकारिता का विशेष योगदान रहा है। भारतीय लोकतंत्र के चार मजबूत स्तंभ है, जिसमें न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका एवं मीडिया शामिल है। न्यायपालिका, कार्यपालिका एवं विधायिका अपने अधीन हो रहे कार्यों की समीक्षा करता है लेकिन इन तीनों स्तंभों के कार्यों की समीक्षा सिर्फ मीडिया करती है।

**व्यवस्था तंत्र में खामियां और कमियों को पत्रकारिता ही करता रहता है उजागर**

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमारे संविधान में जिन्हे जो जिम्मेदारी दी गई है पत्रकारिता जगत उस जिम्मेदारी को उन्हें अवगत करवाता रहता है।

व्यवस्था तंत्र में खामियां और कमियों को पत्रकारिता ही उजागर करता रहता है। इस तंत्र में आलोचना आवश्यक है, ताकि उन कमियों का विश्लेषण एवं मूल्यांकन कर बेहतर हो सके। (अनंत ज्ञान)

**पत्रकारों को मिले सामाजिक सुरक्षा पेंशन**

**कुलदीप** सिंह पठानिया ने कहा कि पत्रकार अपने जीवन काल में अधिकतर समय पत्रकारिता कर समाज सेवा करते रहते है। इस व्यवस्था तंत्र का दायित्व बनता है कि पत्रकारों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में उन्होंने व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री से बात की है और निकट भविष्य में इस संदर्भ में आवश्यक निर्णय होने की उम्मीद है।

## मोहित ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया टॉप

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय तत्तापानी का वार्षिक परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित किया गया। सत्र 2024 25 का यह वार्षिक परीक्षा परिणाम वर्ष भर में आयोजित परीक्षाओं के आधार पर तैयार कर घोषित किया गया। इस सत्र में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस दौरान 9वीं कक्षा में मोहित राज गौड़ ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, चिराग और प्रणव सरोज ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, कर्णवीर ने 93 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रधानाचार्या चंद्र प्रभा शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। सभी बच्चों व अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धाओं के इस दौर में इस तरह के परीक्षा परिणाम का आना कबीले तारीफ है। इसी विद्यालय से पूर्व में एक छात्रा हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रही है। भविष्य में भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद आने वाली कक्षाओं से भी है। प्रधानाचार्या ने बताया कि विद्यालय का नया सत्र 2025-26 में प्रवेश 1 अप्रैल 2025 से प्रारंभ हो रहा है।

# सुक्खू सरकार के पास कर्मचारियों के लिए नहीं पैसा : विपन डोगरा



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

आर्थिक तंगी का रोना रो रही कांग्रेस की सुक्खु सरकार का असली चेहरा सामने आ गया है। कर्मचारियों व पेंशनर्स के बकाया एरियर, डीए, मेडिकल बिल के लिए पैसा नहीं है, लेकिन विधायकों व मंत्रियों के वेतन बढ़ाने के लिए उनके पास कोई कमी नहीं है। उनके वेतन में 24 फीसदी की वृद्धि हो सकती है, लेकिन आशा वर्कर, आंगनबाड़ी, मिड-डे मिल, मल्टीटास्क वर्कर्ज, जल रक्षक, मल्टीपरपज वर्कर, सिलाई अध्यापिकाओं के वेतन में मात्र 300 से 600 रुपए की वृद्धि की है।

राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपन डोगरा, सचिव राजेंद्र चौहान, सह वित्त सचिव नंद लाल शर्मा, हिमाचल पेंशनर्स महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष इंद्र ठाकुर, महामंत्री बृज लाल शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र भंगालिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम लाल शर्मा, प्रान्तीय उपाध्यक्ष सुरजीत राणा, बाल कृष्ण ठाकुर, अनिल गुप्ता, तिलक राज शर्मा, रतन चंद्र, दाता राम शर्मा, संयुक्त सचिव राजेंद्र हरदास्टा, गोबिंद नेगी व जीवन सामटा आदि ने प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों व पेंशनरों के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार के लिए रोष व्यक्त करते हुए चिंता जाहिर की है।

इन कर्मचारी व पेंशनर्स नेताओं ने बताया कि उन्हें दिए गए मंहगाई भत्ते की किस्तों के बकाया एरियर का अभी तक भुगतान नहीं हुआ हैं। अगली डीए कि किश्तें कब मिलेंगी कोई मालूम नही है, अभी तक 2016 से संशोधित वेतनमानों का एरियर भी लंबित पड़ा हुआ है। कर्मचारी व पेंशनर्स नेताओं ने सभी संगठनों से दलगत राजनीति से उपर ऊठ कर एकजुट होकर संघर्ष की अपिल की हैं, ताकि सरकार से अपनी न्यायोचित मांगों को पूर्ण करवाया जा सके।

# मुख्य चुनाव अधिकारी नंदिता ने फागु ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की मुख्य चुनाव अधिकारी नंदिता गुप्ता ने शनिवार को फागु स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम वेयरहाउस का नियमित निरीक्षण किया जाता है। उन्होंने बताया कि मुख्य चुनाव अधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का आज निरीक्षण किया और इस दौरान वेयरहाउस में सभी चीजें व्यवस्थित पाई गई हैं।

इसके साथ ही वहां पर सुरक्षा की दृष्टि से चल रहे कार्यों का

**निरीक्षण में सभी चीजें पाई गई व्यवस्थित**

निरीक्षण भी किया। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया जाता है, जिसमें ईवीएम की सुरक्षा के लिए पुलिस गार्द, ड्यूटी रजिस्टर, अग्निशामक यंत्रों, सीसीटीवी कैमरा, बिजली व्यवस्था सहित अन्य चीजों की जांच की जाती है।

इस मौके पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ज्योति राणा, एसडीएम ठियोग मुकेश शर्मा, डीएसपी सिद्धार्थ शर्मा, सहित कांग्रेस और भाजपा के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## डेपुटेशन रद्द न किया तो होगा आंदोलन : कंचन



**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटी की स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में जीव विज्ञान प्रवक्ता को डेपुटेशन पर संजौली भेजने का कड़ा विरोध किया है। एसएमसी की अध्यक्षा कंचन ने इस पाठशाला में जीव विज्ञान प्रवक्ता का पद रिक्त चल रहा था । इस पद को भरने के लिए सरकार और शिक्षा विभाग के साथ काफी पत्राचार किया गया था जिसके चलते सरकार ने जीव विज्ञान प्रवक्ता के आदेश करने के साथ साथ उनके डेपुटेशन के आदेश भी थमा दिए गए ।

# रुद्र प्रताप सिंह हेड ब्वॉय राशि भागटा बनी हेड गर्ल

**दशमी रावत, रोहड़ू**



हिमालयन पब्लिक स्कूल रोहड़ू में विद्यार्थी परिषद के चुनाव का आयोजन किया , जिसमें विद्यार्थियों ने लोकत्रांतिक चुनाव प्रक्रिया के तहत हेड बॉय और हेड गर्ल का चुनाव किया। चुनाव में हेड बॉय व हेड गर्ल के लिए आठ उम्मीदवार मैदान में उतरे।

स्कूल के 458 विद्यार्थियों ने अपने मत का प्रयोग कर चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया। चुनाव के नतीजों में रुद्र प्रताप सिंह हेड ब्वॉय व राशि भागटा को हेड गर्ल चुना गया। डीसिप्लेन हेड एंगल भलूनी को, मोरनिंग असेम्बली हेड हर्षिता शर्मा, स्पोर्ट्स हेड प्रशं रेस्टा, कल्चरल हेड ज्योति शरवान, क्लीनिनेस हेड प्रांजल चौहान और आईटी हेड अथर्व देव सिंह को चुना गया। चुनाव स्कूल के अध्यक्ष दिनेश शर्मा व प्रधानचार्य रंजू शर्मा की अध्यक्षता में हुए।( अनंत ज्ञान)

## चियोग स्कूल में परीक्षा परिणाम रहे बेहतरीन

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का अंतिम शिक्षा संवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्षता प्रधानाचार्य संदीप कुमार शर्मा ने की । इस मौके पर कक्षा 9वी व 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया । 11वीं कक्षा में विज्ञान, दृकला, वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में ईशान ने प्रथम व गगन ने द्वितीय और नम्रता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अभिभावकों ने स्कूल का हर वर्ष अच्छा परिणाम रहने पर प्रधानाचार्य को बधाई दी।

इस मौके पर अभिभावकों के अतिरिक्त स्कूल के शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी भी मौजूद रहे।

आज शुरू होंगे चैत्र नवरात्र, नयना देवी पहुंचने लगे प्रदेश सहित अन्य राज्यों के श्रद्धालु

# सजा मां का दरबार, श्रद्धालु दर्शनों को बेकरार

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी**





हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में चैत्र नवरात्रों की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। माता जी का मंदिर भी पूरी तरह फूलों से लाइटों से सजाया गया है। चैत्र नवरात्रों के दृष्टिगत जहां पर श्रद्धालुओं के आने का क्रम जारी हो गया है और सभी संबंधित विभागों ने अपनी अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। वहीं पर शहर की दुकानें भी सज गई हैं और शहर की साफ-सफाई का जिम्मा नगर परिषद ने बखूबी संभाल लिया हैं। आपको बता दें कि चैत्र नवरात्र 30 मार्च से लेकर 7 अप्रैल तक चलेंगे। पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम जारी हो गया हैं।

मेला पुलिस अधिकारी विक्रांत ने बताया कि मेला के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस व होमगार्ड के जवान तैनात किए जा रहे हैं ,ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार परेशानी न हो और उन्हें लाइनों में ही माता जी के दर्शन करवाए जा सके। ट्रैफिक व्यवस्था कभी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। सामान ढोने वाले वाहनों सवारियों लेकर हिमाचल के क्षेत्र में आने पर प्रतिबंध रहेगा। वहीं, दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने दिल्ली, फिरोजाबाद और अन्य जगहों से इस बार सामान लाए हैं।

**सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस और होमगार्ड जवान किए तैनात**

उन्हें आशा है कि इस बार नवरात्रों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ेगी और उनका कारोबार भी अच्छा होगा, जबकि नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता विवेक ने बताया कि नगर परिषद शहर की साफ-सफाई व्यवस्था कायम करने के लिए पूरी तरह कृत संकल्प है और अतिरिक्त सफाई कर्मचारी भी रखे गए हैं और वह स्वयं भी सफाई का निरीक्षण कर रहे हैं। दुकानदारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सड़क पर से अपना सामान हटा लें और रास्ते थोड़े खुले कर दे समाचार लिखे जाने तक ज्यादातर दुकानदारों ने अपना सामान हटा लिया था।

वहीं, मेला सहायक अधिकारी मुनीश ने बताया कि मंदिर रात के समय मात्र 2 घंटे के लिए बंद होगा और 22 घंटे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ मंदिर के द्वार खुले रहेंगे। लंगर इंचार्ज भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि लंगर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु खान-पान की बहुत बढ़िया व्यवस्था की गई है। (अनंत ज्ञान)

**असामाजिक तत्वों पर रहेगी कड़ी नजर**

**मेला** अधिकारी पुलिस विक्रांत ने बताया कि चैत्र नवरात्र में सीसीटीवी कैमरों से मंदिर के अंदर और बाहर की हर गतिविधि पर पैनी नजर रहेगी। नवरात्र के दौरान मंदिर क्षेत्र में सादा लिवास में भी पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे, ताकि जेबकतरों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा सके।

# शाहतलाई मंदिर में अब तक चढ़ा 58 .64 लाख का चढ़ावा

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल में स्थित उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर शाहतलाई में श्रद्धालुओं की अपार आस्था देखने को मिल रही है। 14 मार्च से शुरू हुए वार्षिक मेले 14 अप्रैल तक चलेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में हाजिरी लगा रहे हैं और चढ़ावा अर्पित कर रहे हैं। मेला अधिकारी कुनिका अर्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 58 लाख 64 हजार 376 रुपए का नकद चढ़ावा चढ़ा है। इसके अलावा, 3 लाख 23 हजार 155 रुपए की राशि रसीदों के माध्यम से अर्पित की गई है। मेले के दौरान विदेशी मुद्रा भी श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई गई है, जिसमें 49 अमेरिकी डॉलर, 6 इंग्लिश पाउंड, 6 कनाडाई डॉलर, 1 अफगानी मुद्रा, 5 मलेशियन मुद्रा, 5 यूरो, 1 न्यूजीलैंड डॉलर, 3 ओमानी मुद्रा, 3 धीराम और 8 रोयल शामिल हैं। इसके अलावा, 410 मिलीग्राम सोना और 45 ग्राम 440 मिलीग्राम चांदी भी मंदिर में चढ़ावे के रूप में प्राप्त हुए हैं। मेला अधिकारी कुनिका अर्ष ने बताया कि बाबा बालक नाथ मंदिर शाहतलाई के इस वार्षिक मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मेले की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए मंदिर प्रशासन ने आवश्यक कदम उठाए हैं और चढ़ावे की नियमित गणना की जा रही है।

## दनोह में आज होगा भजन कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** कल्याण कला मंच के सेवा दल द्वारा 30 मार्च को दोपहर एक से दो बजे के बीच हरे रामा हरे कृष्णा भजन दुपहरी का आयोजन नगर से सटे दनोह गांव में हनुमान टिल्ला स्थित काले बाबा कुटिया में किया जाएगा। जानकारी देते हुए मंच के प्रधान सुरेंद्र मिन्हास ने बताया कि ठीक एक बजे काले बाबा जी की प्रतिमा को धूप दीप और माल्यार्पण के पश्चात श्रीकृष्ण स्तुति और बाबा कल्याण आरती की जायेगी तब हरे रामा हरे कृष्णा भजन दो बजे तक किया जाएगा। दो बजे चरणामृत और प्रसाद के बाद कार्यक्रम का समापन होगा। मिन्हास ने काले बाबा के शिष्यों और भक्तों से इसमें शामिल होने का आग्रह किया है।

## पहली अप्रैल को होगी प्लॉट आवंटन प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं में भाग लेने के इच्छुक व्यापारियों एवं स्टॉल संचालकों के लिए प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया पहली अप्रैल को प्रातः 11 बजे पुराने बस स्टैंड घुमारवीं में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर बोली प्रक्रिया के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों को प्लॉट आवंटित किए जाएंगे। यह मेला व्यापारियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा, जहां वे अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित कर सकते हैं। बोली प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी होगी, और सफल बोलीदाता को उसी समय रसीद जारी कर बोली की राशि जमा करनी होगी और प्लॉट आवंटित किया जाएगा। जानकारी देते हुए दीनानाथ तहसीलदार, घुमारवीं ने बताया कि सभी इच्छुक आवेदकों से अनुरोध किया जाता है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित होकर बोली प्रक्रिया में भाग लें। आवंटन के लिए आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए तहसील कार्यालय घुमारवीं से संपर्क किया जा सकता है। 8091735637 अधिक जानकारी के लिए आप इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## शिवा गुरुकुल स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला में सीबीएसई से संबद्ध 62 से अधिक शिक्षक-प्राध्यापकों ने भाग लिया। कार्यशाला के पहले दिन आधुनिक शिक्षण विधियों, कक्षा प्रबंधन और मूल्यांकन प्रणाली पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने शिक्षकों को इंटरएक्टिव लर्निंग, नवाचार और छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करने की जानकारी दी। शिक्षकों ने कार्यशाला को व्यावहारिक और ज्ञानवर्धक बताया। प्रधानाचार्य दुनेश सूद ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों की दक्षता बढ़ाने में मददगार साबित होते हैं, जिससे छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सके। आयोजकों ने कार्यशाला को शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए सभी शिक्षकों और विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत दाड़ी-भाड़ी**
**विकास खंड झण्डूता, जिला बिलासपुर (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

पंचायत बैठक में अध्यक्ष ने प्रस्ताव रखा कि वित्तीय वर्ष 2025-2026 हेतु विभिन्न मदों के अंतर्गत विकासात्मक कार्यों के निष्पादन हेतु निविदाएँ समाचार पत्र के माध्यम से आमंत्रित की जाये। मटेरियल विक्रेताओं से अनुरोध है कि जिस के पास पैन कार्ड, जीएसटी सर्टिफिकेट है वे निविदा कुटेशन प्रत्येक कार्य दिवस को 10:00 बजे से 4:00 बजे शाम तक ग्राम पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे में डाक दिनांक 29/03/2025 से 05/04/2025 तक जमा करवा सकते हैं। निविदा दिनांक 07/04/2025 को 11:00 बजे खोली जायेगी। निविदा आमंत्रित करने हेतु सामग्री विवरण निम्न प्रकार से है:-

| क्र.स. | सामग्री का नाम | मूल्य प्रति इकाई |
|---|---|---|
| 1. | रेता क्रेशर (घुला, रेता) | Per.cum |
| 2 | बजरी क्रेशर 10,20,40,60, 80 एमएम | Per.cum |
| 3. | वोल्डर पत्थर | Per.cum |
| 4. | कट स्टोन (पत्थर) (90,60एमएम) | Per.cum |
| 5. | पत्थर चक्का | Per.cum |
| 6. | ईंटे (2nd class) | Per. Brick |
| 7. | स्टील (सरिया )/ टीन, एंगल, पत्ती roof durashine /White Include other | मार्किट रेट पर मान्य होगा |
| 8. | फॉर्म वर्क/सेटरिंग (लकड़ी स्टील) (Vertical/Flat) | Per Sq.m/mt |
| 9. | सीमेंट ढुलान सिविल सप्लाई झन्डूता से कार्य स्थल पंचायत क्षेत्र (including Loading,unloading) | Per Bag |
| 10. | बोर्ड निर्माण लिखाई | प्रतिफुटस्कवेयर |
| 11. | JCB | प्रतिघंटा |
| 12. | दरवाजे खिड़कियां लकड़ी | sq.ft/sq.mt |
| 13. | Door, window, shutter, Grill steel / aluminium/ wood with Labour& Carriage | Per Kg |
| 14. | पानी टैंकर (भरा हुआ) | Per टैंक |
| 15. | मिक्सचर | Per Work Day |
| 16. | PVC (60,90,110,140,160,180,200,225mm) with socut, alvo | Per Pipe |

**अनिवार्य शर्ते :-** **1.** निविदा कर्ता के अपना PAN कार्ड, आधार कार्ड बैंक खाता, बिल नमूना व Gst No. (चालू) निविदा के साथ लगाए **2.** सामग्री निविदादाता द्वारा कार्य स्थल अथवा जहाँ तक ट्रेक्टर जाए उपलब्ध करवानी होगी। **3.** कुटेशन की दर रायल्टी Gst कार्य स्थल तक माल ढुलाई सहित मानी जाये। **4.** स्वीकृत बैंडर की सप्लाई आदेश मिलने के सात दिनों के भीतर सामग्री उपलब्ध करवानी होगी अन्यथा निविदा बिना नोटिस किये ही रद्द मानी जायेगी । **5.** कुटेशन रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। **6.** निविदा दाता अनुपस्थित होने पर स्वयं जिम्मेवार होगा। **7.** M- फॉर्म सामग्री बिल के साथ निविदादाता को पंचायत में जमा करवाना होगा। **8.** स्वीकृत निविदादाता द्वाता को 20000 /- (बीस हजार रु.) की धरोहर राशी ग्राम पंचायत दाड़ी-भाड़ी के नाम बंधित (pledge) करा कर शपथ पत्र सहित जमा करवाएं अन्यथा आपकी निविदा रद्द करने का पूर्ण अधिकार पंचायत का होगा। **9.** सामग्री अदायगी TA/JE द्वारा कार्य असेसमेंट/मूल्यांकन के अनुसार की जायेगी।

**सचिव, ग्राम पंचायत दाड़ी-भाड़ी विकास खंड झण्डूता , जिला बिलासपुर (हि.प्र.)**


# आवश्यक वस्तुओं की लोडिंग और अनलोडिंग के लिए मांगी निविदाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले बृजेंद्र पठानिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के विभिन्न थोक भंडारों- सदर बिलासपुर, घुमारवीं तथा श्री नयना देवी में आवश्यक वस्तुओं के लदाई व उतराई कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। ये निविदाएं वर्ष 2025-26 से वर्ष 2026-27 (दो वर्षों) के लिए होंगी। उन्होंने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से https://hptenders.gov.in पोर्टल पर संचालित की जाएगी। इच्छुक निविदाकर्ता इस पोर्टल के माध्यम से अपनी निविदा अपलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 21 अप्रैल सायं 5 बजे तक निर्धारित की गई है। प्राप्त निविदाएं 22 अप्रैल, प्रातः 11 बजे उपायुक्त बिलासपुर के कार्यालय (या उनके द्वारा निर्धारित अन्य स्थान) पर खोली जाएंगी।

**21 अप्रैल निविदा की अंतिम तिथि, 22 को सुबह 11 बजे खोली जाएंगी**

उन्होंने बताया कि केवल ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी। ऑफलाइन या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदाएं अस्वीकृत कर दी जाएंगी। निविदा खोलने की प्रक्रिया में इच्छुक निविदाकर्ता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी एवं निविदा दस्तावेज प्राप्त करने हेतु पोर्टल https://hptenders.gov.in पर जाएं।

**जानकारी** क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी : विवेक

# बरठीं बाजार में मिलेगी शौचालय सुविधा

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बरठीं बाजार में आने वाले लोगों को जल्द ही सार्वजनिक शौचालय की सुविधा मिलेगी। बरठीं क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही यह मांग पूरी हुई है। इस शौचालय के निर्माण के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत छह लाख 30 हजार रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। राशि स्वीकृत होने के बाद अब जल्द ही यह कार्य शुरू होगा। इसका लाभ बाजार में आने वाले लोगों को होगा। बरठीं बाजार आसपास की एक दर्जन से अधिक पंचायतों का केंद्र बिंदू है। यहां पर न केवल बिलासपुर जिला बल्कि हमीरपुर जिला के लोग भी खरीददारी करने के लिए पहुंचते हैं। लेकिन यहां पर लोगों को आज तक शौचालय सुविधा नहीं मिल पाई है। हालांकि इस ओर प्रयास किए गए लेकिन यह प्रयास सिरे नहीं चढ़ पाए। लेकिन अब बरठीं बाजार में बडगांव चौक में शौचालय बनाने के लिए पंचायती राज विभाग की ओर से छह लाख 30 रुपए की राशि स्वीकृत हुई है।

वहीं, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने कहा कि इस मसले को लेकर पंचायती राज विभाग मंत्री अनिरुद्ध सिंह को अवगत करवाया गया था। अब छह लाख 30 लाख की राशि स्वीकृत हुई है। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा यह समस्या रखी गई थी, जिसका प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पटवार सर्कल धरोटी में भी नए शौचालय का निर्माण होगा।

उधर, स्थानीय व्यापारी एवं बरठीं पंचायत के उपप्रधान राकेश, सुशील गौतम, परमजीत धीमान, प्रदेश कांग्रेस एससी सैल सचिव नरेश धीमान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता केडी गौतम, असरफ खान, मुवलंकर शर्मा, राजेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्य शालू रणौत, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राणा, ब्लाक कांग्रेस महासचिव कर्मदेव शास्त्री, राजेश राजू सहित अन्य ने कहा कि बरठीं बाजार में शौचालय नहीं होने के चलते लोगों को भारी समस्या झेलनी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि बरठीं बाजार के लोगों के साथ ही अन्य लोगों द्वारा लंबे समय से यह मांग की जा रही थी, जोकि पूरी हुई है।

## डंगार स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में सत्र 2024- 2025 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें अभिभावकों व छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। पाठशाला में सुबह से ही छात्र अपना परीक्षा परिणाम सुनने के लिए आने शुरू हो गए थे। पाठशाला प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने वार्षिक परीक्षा परिणाम सुनाया। प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने सभी मेधावी छात्रों एव अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन हमें हमारे मेहनत, संघर्ष और प्रयासों का परिणाम दिलवाता है और बताता है कि यदि सच्चे मन से प्रयास और मेहनत की जाए तो कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। पाठशाला में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 से लेकर कक्षा 12वीं तक की विभिन्न पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया। पाठशाला में बनाए गए सिटिंग कॉर्नर्स, जोकि विशेष रूप से पढ़ाई के उद्देश्य से बनाए गए हैं को भी प्रदर्शित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी शिल्पा भारद्वाज का स्वागत



**विनोद, नेरचौक।** भारतीय महिला कबड्डी टीम की कप्तान व हिमाचल की बेटी शिल्पा भारद्वाज का इंग्लैंड से अंतरराष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंट जीतकर वापस अपने गृह क्षेत्र बल्ह में पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। भारतीय महिला कबड्डी टीम ने अपने फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को 57-34 प्वाइंट से हराकर अंतरराष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंट जीता है तथा अपने देश भारत का नाम विश्व भर में रोशन किया है। शिल्पा की पृष्ठभूमि एक गरीब परिवार से है। उसके पिता जगदीश कुमार अपने गांव में नाई की दुकान करते हैं। जबकि माता चंपा देवी कपड़े सिलाई का काम करती हैं। वहीं शिल्पा का एक भाई संदीप कुमार है जो एमबीए पास करके जॉब कर रहा है। इस मौके पर शिल्पा की मां ने अपनी बेटी की इस सफलता पर खुश होते हुए अत्यंत भावुक होकर कहा कि वह अपने आप को बहुत ही भाग्यशाली और गौरवान्वित महसूस कर रही हैं कि उनके घर पर शिल्पा जैसी बेटी पैदा हुई। शिल्पा ने कबड्डी के खेल में सर्वप्रथम 13 साल की उम्र में सातवीं कक्षा में पहला राष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंट जीता था। उसके पश्चात शिल्पा ने 14 राष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंट खेले। वहीं खेलो इंडिया में शिल्पा ने 2 गोल्ड मेडल जीते हैं। शिल्पा का बल्ह में पहुंचने पर लोगों द्वारा जगह जगह भव्य स्वागत किया गया तथा नेरचौक से उनके घर चक्कर तक खुली जीप में लाकर एक विशाल रैली का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर शिल्पा का स्वागत करने के लिए बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी सहित अन्य बहुत से गणमान्य लोग भी उनके घर पर उपस्थित रहे। शिल्पा की इस कामयाबी को लेकर विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि उन्हें बल्ह की बेटी पर बहुत गर्व है। जिसने बल्ह का नाम देश व विश्व भर में रोशन किया है। इंद्र सिंह गांधी ने शिल्पा भारद्वाज और उसके परिवार जनों को उनकी इस कामयाबी पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की हैं तथा उनके द्वारा भविष्य में और भी नए आयाम स्थापित करने की कामना की है।

### कनैड में नशे के खिलाफ किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य से नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक स्थानीय नर्सिंग कनैड में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने उपस्थित जनता व प्रशिक्षुओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया। शिविर के दौरान जिला कल्याण अधिकारी मंडी समीर, एएसआई श्यामलाल, डॉ. अभिषेक शर्मा व नर्सिंग कॉलेज के चेयरमैन किशोरी वालिया ने अपने-अपने विचार सांझा किए तथा संस्थान की प्रशिक्षकों ने नाटक के माध्यम से नशे से दूर रहने का संदेश दिया। एसडीएम अमर नेगी ने कहा कि नशा एक धीमा जहर है। एसडीएम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे नशे को नजरंदाज न करें और यदि समाज में कोई नशे की घटना दिखाई देती है तो उसकी जानकारी संबंधित जिम्मेदार व्यक्ति को दें, जिससे उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए जा सके। नशे से बचाव के लिए किसी भी व्यक्ति चाहे पुरुष, महिला, लड़का या लड़की को पैसे या अन्य प्रलोभन के झांसे में नहीं आना होगा। इस अवसर पर तहसील कल्याण अधिकारी धर्मशीला, आशावर्कर, संस्थान के अध्यापकगण, स्थानीय युवा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### टीबी और हेपेटाइटिस की जांच का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राज्य एड्स नियंत्रण समिति हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में हिंदुस्तान लेटेक्स फैमिली प्लानिंग प्रोमोशन ट्रस्ट के सहयोग से 28 और 29 मार्च, 2025 को प्रदेश के सभी 14 कारागार के मेडिकल ऑफिसर, फार्मासिस्ट, लैब टैक्निशियन को एचआईवी/एड्स, टीबी तथा हेपेटाइटिस की जांच एवं चिकित्सा तथा नियंत्रण से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक राजीव कुमार द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि जेल के अंदर समस्त कैदियों को एचआईवी, टीबी, यौन रोग व हेपेटाइटिस की जांच एवं शीघ्र चिकित्सा उपलब्ध करवाकर ही हम 95:95:95 का लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। भारत और संयुक्त राष्ट्र द्वारा अपनाए गए 95:95:95 लक्ष्यों का उद्देश्य 2030 तक एड्स को समाप्त करना है, जिसमें एचआईवी से पीड़ित 95 प्रतिशत लोगों को अपनी स्थिति की जानकारी देना, निदान किए गए 95 प्रतिशत लोगों को उपचार प्रदान करना, तथा उपचार प्राप्त करने वाले 95 प्रतिशत लोगों में वायरस दमन का लक्ष्य प्राप्त करना शामिल है। प्रदेश के समस्त कारागारों में सभी कैदियों की स्वास्थ्य जांच समय-समय पर की जा रही है और भविष्य में भी यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि स्वास्थ्य जांच से कोई भी छूटना नहीं चाहिए।



### शलेला बाड़ी व तीसा पंचायत में आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी का हाल बेहाल, ग्रामीण परेशान

# पांच साल से बिना डॉक्टर के चल रही आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी

**हाशु शेख, चुराह**

जिला चंबा के अंतर्गत ग्राम पंचायत शलेला बाड़ी ,तीसा में स्थित आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी पिछले पांच वर्षों से बिना डॉक्टर के चल रही है।

जून 2021 में शुरू हुई यह डिस्पेंसरी महज एक चौकीदार के सहारे संचालित हो रही है, जिससे ग्रामीणों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मामूली बीमारी के इलाज के लिए भी उन्हें 25 से 30 किलोमीटर दूर तीसा जाना पड़ता है। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को इस असुविधा के कारण भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।

ग्रामीणों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाए और डिस्पेंसरी में जल्द से जल्द डॉक्टर की नियुक्ति की जाए।(अनंत ज्ञान)



#### ग्रामीणों की मांग-डॉक्टर की हो नियुक्ति

**ग्रामीणों** का कहना है कि पिछले पांच सालों से डॉक्टर की अनुपस्थिति एक निंदनीय और शर्मनाक स्थिति है। स्वास्थ्य विभाग को तुरंत संज्ञान लेकर यहां स्थायी डॉक्टर की नियुक्ति सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि स्थानीय लोगों को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। सरकार और प्रशासन से अपील की जा रही है कि ग्रामीणों की इस परेशानी का समाधान जल्द से जल्द किया जाए, ताकि स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए लोगों को लंबी दूरी तय न करनी पड़े।

#### क्या कहा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने

**इस** मामले पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि डिस्पेंसरी जून 2021 से संचालित हो रही है, लेकिन अब तक कोई स्थायी डॉक्टर नियुक्त नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि, हमने कई बार सरकार से मांग की, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। फिलहाल, यह डिस्पेंसरी एक निजी भवन में चल रही है। जमीन आवंटित हो चुकी है, लेकिन बजट के अभाव में अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। हमने पहले भी एक डॉक्टर को यहां नियुक्त किया था, लेकिन बाद में कोई स्थायी नियुक्ति नहीं हो सकी।

### भद्रम में ट्रांसफार्मर को लगी भीषण आग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा-तीसा मार्ग पर भद्रम के पास आज सुबह लगभग 11 बजे एक बिजली ट्रांसफार्मर में अचानक आग भड़क उठी। इस हादसे से इलाके में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन गनीमत रही कि कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ।

एचपीएसईबी, उपमंडल 2, एसडीओ अजय कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर के पास लोगों द्वारा कचरा फेंकने और उसमें आग लगाने के कारण यह घटना हुई। आग लगने से बिजली केबल में स्पार्क हुआ और देखते ही देखते ट्रांसफार्मर धधक उठा।

घटना की जानकारी मिलते ही बिजली विभाग की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर हालात पर काबू पाया। हालांकि, ट्रांसफार्मर में आग लगने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिसे जल्द से जल्द बहाल करने के प्रयास जारी हैं। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि सार्वजनिक स्थानों पर लापरवाही से कचरा फेंकना और जलाना कितनी बड़ी दुर्घटनाओं को जन्म दे सकता है। स्थानीय प्रशासन और बिजली विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे ट्रांसफार्मर के पास कचरा न फेंकें और आग लगाने से बचें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# विधायक नीरज ने उठाया 'राइड विद प्राइड' वैनों के खराब होने का मुद्दा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



सदर चंबा के विधायक नीरज नैयर ने हाल ही में विधानसभा सत्र के दौरान एचआरटीसी द्वारा संचालित 'राइड विद प्राइड' वैनों की दयनीय स्थिति को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। ये वैन खासतौर पर बुजुर्ग नागरिकों के परिवहन के लिए चलाई जाती हैं, लेकिन वर्तमान में चंबा में मौजूद चार में से तीन वैन खराब पड़ी हैं।

#### एचआरटीसी अधिकारियों से की सीधी बातचीत

**समस्या** की गंभीरता को देखते हुए, विधायक नीरज नैयर ने चंबा के आरएम (रीजनल मैनेजर) से इस विषय में चर्चा की। आरएम ने उन्हें जानकारी दी कि एक वैन की मरम्मत पर करीब 2.5 से 3 लाख का खर्च आएगा, जबकि एक नई वैन खरीदने में लगभग 7 से 8 लाख की लागत आएगी। इस मामले को जल्द सुलझाने के लिए विधायक नैयर ने इसे एचआरटीसी के प्रबंध निदेशक (एमडी) रोहन ठाकुर के समक्ष भी रखा था। जब वे चंबा आए थे, इस पर एमडी ठाकुर ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

#### जल्द समाधान की मांग

**विधायक** नीरज नैयर ने इस मुद्दे पर तत्काल ध्यान देने का अनुरोध किया, ताकि वरिष्ठ नागरिकों को आवागमन में आ रही कठिनाइयों से राहत मिल सके। उन्होंने सरकार और परिवहन विभाग से आग्रह किया कि या तो इन वैनों की मरम्मत कराई जाए या नई वैनों की व्यवस्था की जाए।

अब चंबा के नागरिक, विशेष रूप से बुजुर्ग वर्ग, सरकार से ठोस कदम उठाने की उम्मीद कर रहे हैं ताकि उनकी रोजमर्रा की यात्रा की दिक्कतों को जल्द से जल्द दूर किया जा सके।

## बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों की अहम भूमिका: अरुणा



**अनंत ज्ञान, भरमौर**

राजकिय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर में शिक्षा संवाद का आयोजन किया गया। इस शिक्षा संवाद में अध्यापकों और अभिभावकों ने आपसी विचार साझा किए। स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य सचिव एवं प्रधानाचार्य अरुणा चादक ने इस मौके पर कक्षा नवमीं व 11वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए।

कक्षा नवमीं का 100 प्रतिशत परिणाम था जबकि ग्यारहवीं आर्ट्स का 93 प्रतिशत, कॉमर्स का 100 प्रतिशत, विज्ञान 100 प्रतिशत परिणाम रहा। अरुणा ने बताया कि बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों का भी अहम भूमिका रहती है। अच्छे परिणाम के लिए सभी अभिभावकों को बधाई दी।

### किसानों को सिखाई बागवानी की तकनीकें

**चंबा।** बागबानी विभाग चंबा की ओर से ग्राम पंचायत बाट व रजींडू में जागरूकता शिविर एवं क्षेत्रीय विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बागवानी विभाग के उपनिदेशक डा. प्रमोद शाह ने की।

प्रशिक्षण के दौरान किसानों को विभिन्न बागवानी तकनीकों जैसे कि पौधों की रोपाई, कटिंग-ग्राफ्टिंग, जैविक खादों का उपयोग, सिंचाई प्रबंधन, और कीट एवं रोग नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डा. प्रमोद शाह ने किसानों व बागवानों को जानकारी दी कि इस क्षेत्र में सेब, कीवी, ऑफ सीजन सब्जियों और मशरूम उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं।

## मोहित गुप्ता फाउंडेशन ने बांटी पाठ्य सामग्री

**ओपी शर्मा, भरमौर**

भारत सरकार के विद्यांजलि कार्यक्रम के तहत स्कूलों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में चंडीगढ़ की संस्था मोहित गुप्ता फाउंडेशन ने रा. प्रा. पा. कुठेड़ के छात्रों को पढ़ाई का सामान भेंट किया। इस अवसर पर मोहित गुप्ता फाउंडेशन द्वारा 300 किट पढ़ाई की बच्चों को उपलब्ध करवाई गईं।




संस्था लंबे समय से शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। मोहित गुप्ता फाउंडेशन के चेयरमैन मोहित गुप्ता ने बताया कि उनकी संस्था पिछले 15 वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय है और आगे भी जनहित में ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। इस कार्यक्रम में विदल शर्मा भी मौजूद रहे, जिन्होंने बच्चों को पढ़ाई का सामान और मिठाई वितरित की। उन्होंने बताया कि संस्था अब जिला चंबा के विभिन्न स्कूलों में शिक्षा संबंधी कार्यों का विस्तार करेगी और जल्द ही भट्टियात में एक मेडिकल कैंप का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

मोहित गुप्ता, मिष्टी गुप्ता, अरिन्या गुप्ता और विदल शर्मा ने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया और कहा कि मोहित गुप्ता फाउंडेशन आगे भी बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए कार्य करता रहेगा।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्षा पूजा देवी ने मोहित गुप्ता फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया और संस्था द्वारा दी गई इस बहुमूल्य सहायता के लिए धन्यवाद किया।

## चमन ठाकुर बने बार एसो. तीसा के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चुराह**

बार एसोसिएशन तीसा की अहम बैठक बार रूम तीसा में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान सतपाल वर्मन ने की।

इस महत्वपूर्ण निर्णय में चमन ठाकुर को बार एसोसिएशन तीसा का नया अध्यक्ष चुना गया, जबकि सतपाल वर्मन को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा, मैना ठाकुर को सह सचिव, हेमराज शर्मा को कोषाध्यक्ष, योगराज को लाइब्रेरियन, और जितेंद्र भारद्वाज को सलाहकार नियुक्त किया गया।

संगठन को और मजबूत बनाने के लिए क्यूम खान, परविंद्र ठाकुर,



#### नवगठित कार्यकारिणी ने एसो को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का लिया संकल्प

प्रेम सिंह, प्रीतो, हेमराज, हसीना, रंजना, मुकेश कुमार, रितु, और किशोरी लाल को कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में शामिल किया गया। बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि पूर्व सचिव के पास मौजूद बार एसोसिएशन के सभी रिकॉर्ड नवनियुक्त सचिव को सौंप दिए जाएं, जिससे संगठन के सुचारू संचालन में कोई बाधा न आए।

नवगठित कार्यकारिणी ने एसोसिएशन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया और न्याय व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की।

## नलवाड़ मेले में विभिन्न महिला मंडलों ने दी प्रस्तुतियां

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

28 से 03 अप्रैल तक चलने वाले नलवाड़ मेला बरच्छवाड़ के दुसरे दिन विभिन्न महिला मंडलों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि ग्रांम पंचायत बकारटा की प्रधान व महिला कांग्रेस अध्यक्षा सुमन ठाकुर ने की।

साथ ही बीडीओ गोपालपुर विवेक पॉल विशेष अतिथि के रूप से उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत बरच्छवाड़ की प्रधान निशा कुमारी ने मुख्यातिथि को शॉल व टोपी भेट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा महिला मण्डल गरौड़ू रिस्सा, महिला मंडल बकारटा, महिला मंडल खलारडु आदि ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी।



### बंजल में 107 मरीजों की सेहत जांची

**चंबा।** आयुष विभाग चंबा की मोबाइल मेडिकल यूनिट के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम पंचायत कीड़ी के बंजल गांव में एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल 107 मरीजों की जांच कर उचित चिकित्सीय परामर्श दिया गया। शुगर व रक्तचाप की जांच भी की गई। शिविर में डा. राजेंद्र सिंह ठाकुर, डा. राजीव नैयर, आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी दलीप जरयाल व जय कुमार व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दिनेश कुमार ने सेवाएं दी।

### सूडोकू नवताल- 7385 (★★★★★ मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7384 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

30 मार्च, 2025, रविवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : चैत्र, **तिथि** प्रतिपदा (12:51): **नक्षत्र** रेवती (04:35), **पक्ष:** शुक्ल, **योग** : एन्द्र (05:53) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (12:01-12:50), **राहुकाल** (05:04-06:37)।

**विशेष दिन**

30 मार्च 2025 : चैत्र नवरात्र आज से शुरू।

31 मार्च 2025 : गणगौर पूजन कल।

**मेष:** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रस्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृषभ:** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा।

**मिथुन:** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**कर्क:** लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**सिंह:** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कन्या :** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होंगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे।

**तुला:** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**धनु:** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**मकर :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कुंभ :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मीन :** जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

## बलद्वाड़ा से सरकाघाट पहुंची भव्य रथ यात्रा



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में आयोजित भव्य रथ यात्रा शनिवार को बलद्वाड़ा से सरकाघाट पहुंची। शहर में पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। मिठाइयां बांटी गई और हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई। यात्रा में तीन भव्य सजे-धजे रथ सबसे आगे चल रहे थे, जबकि पीछे फोर-व्हीलर गाड़ियों का काफिला था।

धार्मिक भजनों से पूरा शहर गूंज उठा। रथ यात्रा का नेतृत्व शिव मंदिर सरकाघाट के महंत श्री लक्ष्मीनारायण जी कर रहे थे, जबकि बीच-बीच में नेकराम शास्त्री के शंखनाद से वातावरण भक्तिमय हो उठा। जय श्रीराम और 'राम राज्य लाएंगे' के नारों से माहौल और अधिक उत्साहपूर्ण बन गया।आयोजकों ने बताया कि इस रथ यात्रा का उद्देश्य हिंदू नववर्ष का धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से भव्य शुभारंभ करना है।

इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन ठाकुर, महासचिव नीशा ठाकुर, संदीप जसवाल, प्रेमकुमारी, शांता, विनय राणा, सुरेश, नीलम परमार सहित अन्य संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। रथ यात्रा का नजारा अद्भुत और आकर्षक था, जिसने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।

## चंबा में पहली बार होगा 'वॉइस ऑफ चंबा' रियलिटी शो

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिले में पहली बार 'वॉइस ऑफ चंबा' रियलिटी शो का आयोजन होने जा रहा है, जो जिला स्तर पर शुरू होगा। इसमें चयनित प्रतिभागी अगले जोनल स्तर पर अपनी जगह बनाएंगे।

प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर दो कैटेगरी में होगी। इस शो का मुख्य उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को प्रमोट करना और उन्हें एक बड़ा मंच देना है। पंजीकरण प्रक्रिया ऑनलाइन होगी, और तिथियों की घोषणा जल्द की जाएगी।

यह शो शैडो टू शाइन डांस स्टूडियो, चंबा के डायरेक्टर विजय भवानी की पहल पर आयोजित किया जा रहा है।

**ग्राम पंचायत स्योहली विकास खंड बल्ह जिला मंडी हि.प्र.**

**निविदा सूचना**

**आज** दिनांक 27/03/2025 को ग्राम पंचायत/ग्राम सभा स्योहली की मासिक/विशेष बैठक प्रधान/उप प्रधान श्री कन्हैया लाल जी की अध्यक्षता में संपन हुई। उपस्थिति 7/7 रही। जिसमे निम्न कार्यवाही अमल में लाई गई।

**प्रस्ताव संख्या : 3**

**मटेरियल कुटेशन आमंत्रित वर्ष 2025-26 को करने बारे**

सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है। कि पचायत बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्ताव रखा गया है। कि पंचायत को मटेरियल सामग्री हेतु कुटेशन आमंत्रित की गई है। जिसमे पंचायत में निम्न मदों के कार्य चले हुए होते हैं तथा उन कार्य के लिए मटेरियल सामग्री कुटेशन आमंत्रित करना अति आवश्यक है।

**मटेरियल सामग्री :** 1. रेत Par Quieb mittar 2. बजरी Par Quieb mittar, 3. रेत क्रेशर 10mm Par Quieb mittar 4. बजरी क्रेशर 20mm Par Quieb mittar 5. बजरी क्रेशर 40mm Par Quieb mittar 6. बजरी क्रेशर Par Quieb mittar 7. सरिया प्रति किलो की दर 8. पत्थर कटस्टोन Par Quieb mittar 9. पत्थर सोलिंग Par Quieb mittar 10. पत्थर बोल्डर Par Quieb mittar 11. सीमेंट दुलान Par bag 12. सैटरिंग Par Raning mittar 13. JCB प्रति घंटा की दर. 14. ईंट प्रति ईंट की दर से Par Quieb mittar

**शर्तें :-1.** सप्लार के पास GST No और होना अनिवार्य है। **2.** सप्लार को निविदा रेत, बजरी, पत्थर कटस्टोन, Soling Par Quieb mittar, की दर से WITH रेट GST (M फार्म) होना चहिए **3.** सप्लार सरिया प्रति किलो की दर से, ईट प्रति ईट की दर से ग्राम पंचायत स्योहली के नाम भेजना सुनिशचित करे। 4. उपरोक्त लिखित शर्त को सप्लार पूरा नहीं करता है तो उसकी निविदा रदद की जाएगी। 5. निविदा पास होने पर सप्लार से 10000/ राशी की पंचायत में Security के तौर पर जमा करवानी होगी। 6. निविदा पास होने पर यह निविदा अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक मान्य होगी। 7. निविदा 7 अप्रैल 2025 सांय 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए । 8. निविदा 8 अप्रैल 2025 को समस्त पंचायत पदाधिकारी के समक्ष खोली जाएगी

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत स्योहली विकास खंड बल्ह जिला मंडी हि.प्र.**

अनंत Classifieds

**NAME CHANGE**

**मैं, बिपन कुमार** पुत्र श्री केशर सिंह निवासी CSIR होल्टा कॉलोनी पालमपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मैंने अपने नाबालिग पुत्र का नाम दिवांशु (Divanshu) से बदलकर देवांशू कुमार (Devanshu Kumar) रख दिया है। संबंधित नोट करें।

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगडा हि. प्र.।**

सोनू बाला पुरी प्रेम सिंह निवासी महाल बन्दरोह का खैरियां तहसील नूरपुर जिला कांगडा हि. प्र.

**बनाम**
**आम जनता**

**ईश्तहार** अखबार वावत आवेदन जन्म तिथी पंजीकरण ग्राम पंचायत चैरियां तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा

ईश्तहार अखबार द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया सोनू बाला पुत्री प्रेम सिंह निवासी महाल कदरोह डा. खैरियां तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ने एक प्रार्थना पर गुजारा है, जिसमें निवेदन किया है कि उसका जन्म दिनांक 01-07-1974 को गांव कदरोह में हुआ था, परंतु उसकी जन्म तिथी 01-07-1974 ग्राम पंचायत खैरियां के रिकार्ड में अज्ञानतावश दर्ज न हो सकी है। अत: उसकी जन्म तिथी को ग्राम पंचायत खैरियां में दर्ज करने के आदेश पारित किए जाएं।

प्रतिवादी आम व खास जनता को इस ईश्तहार अखबार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रार्थीया के आवेदन पर अपना कोई एतराज पेश करना चाहता हो, तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 11-04-2025 को पेश कर सकता है। एतराज पेश न होने की सूरत में आदेश जन्म तिथी पंजीकरण जारी कर दिए जाएंगे। आज दिनांक 29-03-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता**
**द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**इंसान** को कठिनाइयों की आवश्यकता होती है, क्योंकि सफलता का आनंद उठाने के लिए ये जरूरी है। -**एपीजे अब्दुल कलाम**

## संपादकीय

# सस्ती बिजली बड़ी चुनौती

मुख्यमंत्री सुक्खू ने हिमाचल में बिजली सस्ती करने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। बिजली दरें 15 से 35 पैसे तक घट जाएंगी। मौजूदा टैरिफ में 6.25 पैसे की जगह 5.90 पैसे प्रति यूनिट की कमी आएगी। ऐसे में सवाल यह उठता है कि हिमाचल सरकार इतनी सस्ती बिजली मुहैया करवा पाएगी? दूसरी तरफ देखें तो हिमाचल का इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड पहले से ही घाटे से जूझ रहा है। कभी बिजली बोर्ड सरकार का कमाऊ पूत होता था, लेकिन सरकार न जाने किस रास्ते पर चल रही है। वह अपनी कमाई के साधनों को कम करती जा रही है। 125 यूनिट तक बिजली पहले से ही फ्री है और ऐसे में अब जिसको बिल भरना भी होगा, उसको भी कम रेट होने की वजह से कम ही बिल आएगा। अब सवाल यह भी उठता है कि इससे सरकार की आमदनी कैसे बढ़ेगी? सरकार पहले से ही उधारी पर चली है और उधार भी एक लाख करोड़ का आंकड़ा पार कर गया है, जिसे चुकाना आने वाली सरकारों के लिए भी आसान नहीं होगा। हालांकि, बिजली दरों में कमी करने का फैसला राज्य के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण राहत लेकर आया है।

बिजली दरों में कटौती की घोषणा राज्य के लोगों के लिए एक सकारात्मक कदम माना जा सकता है, विशेषकर उन परिवारों के लिए जिनकी बिजली की खपत अधिक है। 125 यूनिट तक बिजली पहले से ही मुफ्त दी जा रही है और अब बिजली की दरों में और कमी की गई है, जिससे कुछ हद तक उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है। हालांकि, यह सवाल खड़ा होता है कि क्या सरकार इस सस्ती बिजली को स्थिर रूप से मुहैया करवा पाएगी, क्योंकि हिमाचल प्रदेश का राज्य बिजली बोर्ड पहले से ही घाटे में चल रहा है। हिमाचल प्रदेश का बिजली विभाग, जिसे पहले कमाऊ पूत माना जाता था, अब घाटे से जूझ रहा है। प्रदेश के अधिकांश बिजली आपूर्ति संसाधन सरकारी हैं और इसका संचालन राज्य के बिजली बोर्ड की ओर से किया जाता है। विभाग के घाटे का मुख्य कारण राज्य में बिजली की खपत में वृद्धि और बिजली उत्पादन के लिए आवश्यक संसाधनों की कमी है। हिमाचल में बिजली उत्पादन मुख्यत: जलविद्युत परियोजनाओं से होता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में जलस्तर में कमी और प्रबंधन की समस्याओं के कारण इन परियोजनाओं से उत्पादन में गिरावट आई है। इसके अलावा, सरकार के प्रयासों के बावजूद, बिजली बोर्ड को वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बिजली की कीमतों में कमी करने से बिजली बोर्ड की आमदनी में और कमी आएगी। निश्चित रूप से यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। बोर्ड को घाटे से उबारने के लिए सरकार को नई रणनीतियों की आवश्यकता होगी, क्योंकि सस्ती बिजली मुहैया करवाने के साथ-साथ बिजली विभाग के लिए आमदनी की स्थिति को भी दुरुस्त करना होगा। जब सरकार बिजली दरों को कम करती है, तो एक तरफ आम जनता को फायदा होता है, लेकिन दूसरी ओर सरकार की आमदनी पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। बिजली बिलों में कमी होने से सरकार की प्राप्तियां घट सकती हैं। यह स्थिति राज्य के वित्तीय घाटे को और बढ़ा सकती है। खासकर तब, जब राज्य पहले ही कर्ज में डूबा हुआ है और सरकारी खजाने पर दबाव बना हुआ है।

125 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की योजना पहले ही राज्य सरकार के बजट पर एक बड़ा बोझ डाल रही है। अब, जब बिजली दरें और घटाई जाएंगी, तो यह सवाल उठता है कि सरकार अपनी वित्तीय स्थिति को कैसे सुधार सकेगी। क्या सरकार इस घाटे को किसी अन्य स्रोत से पूरा करने की योजना बना रही है? यदि राज्य सरकार बिजली की खपत बढ़ा पाने में सफल रहती है, तो इससे बिजली विभाग की आमदनी में वृद्धि हो सकती है। हालांकि, यह स्थिति तभी संभव है, जब उपभोक्ता वर्ग ने अधिक बिजली उपयोग किया हो। यदि उद्योग और व्यापार में वृद्धि होती है, तो उनकी बढ़ी हुई बिजली खपत से विभाग को अतिरिक्त आमदनी हो सकती है। सरकार को राज्य के बजट को संतुलित रखने के लिए अन्य स्रोतों से भी राजस्व प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। पर्यटन, टैक्स, संपत्ति और व्यावसायिक शुल्कों में वृद्धि की जा सकती है। हिमाचल प्रदेश पर्यटन के लिहाज से एक प्रमुख राज्य है, और यदि सरकार इस क्षेत्र को और बढ़ावा दे पाती है, तो इससे राज्य को अच्छी आमदनी हो सकती है। सरकारी बिजली विभाग को अधिक प्रभावी बनाने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा दिया जा सकता है। राज्य सरकार सार्वजनिक-निजी साझेदारी मॉडल का उपयोग कर सकती है, जिससे न केवल बिजली उत्पादन और वितरण में सुधार हो सकता है, बल्कि सरकारी खजाने को भी कुछ राहत मिल सकती है। इसके लिए बिजली उत्पादन और वितरण के निजीकरण पर विचार किया जा सकता है, जिससे सरकार को लाभ हो सकता है। राज्य में ऊर्जा संरक्षण और दक्षता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को लागू किया जा सकता है। यदि उपभोक्ता कम बिजली का उपयोग करेंगे, तो इससे राज्य को बिजली आपूर्ति में होने वाली लागतों में कमी आएगी। ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं और प्रोत्साहनों की आवश्यकता होगी, ताकि लोग बिजली का सदुपयोग करें और इसकी खपत में कमी आए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री

**देविका** रानी भारतीय रजतपट की पहली स्थापित नायिका जो अपने युग से कहीं आगे की सोच रखने वाली अभिनेत्री थीं और उन्होंने अपनी फिल्मों के माध्यम से जर्जर सामाजिक रूढ़ियों और मान्यताओं को चुनौती देते हुए नए मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं को स्थापित करने का काम किया था। कवि शिरोमणि गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर के खानदान से ताल्लुक रखने वाली देविका ने दस वर्ष के अपने फिल्मी करियर में कुल 15 फिल्मों में ही काम किया, लेकिन उनकी हर फिल्म को क्लासिक का दर्जा हासिल है। विषय की गहराई और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी उनकी फिल्मों ने अंतरराष्ट्रीय और भारतीय फिल्म जगत में नए मूल्य और मानदंड स्थापित किए। हिंदी फिल्मों की पहली स्वप्न सुंदरी और ड्रैगन लेडी जैसे विशेषणों से अलंकृत देविका को उनकी खूबसूरती, शालीनता धाराप्रवाह अंग्रेजी और अभिनय कौशल के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जितनी लोकप्रियता और सराहना मिली, उतनी कम ही अभिनेत्रियों को नसीब हो पाती है। देविका रानी का जन्म वाल्टेयर (विशाखापटनम) में हुआ था। वे विख्यात कवि श्री रवींद्रनाथ टैगोर के वंश से संबंधित थीं। 1933 में निर्मित कर्मा फिल्म देविका के करियर का अहम मोड़ साबित हुई। इस फिल्म ने अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता हासिल की और उन्हें प्रसिद्धि के शिखर पर पहुंचा दिया। यह यूरोप में रिलीज होने वाली अंग्रेजी भाषा में बनी पहली भारतीय फिल्म थी। ■



**देविका रानी**
**जन्म :** 30 मार्च, 1908
**मृत्यु :** 9 मार्च, 1994



## कविता: भावना मन के भीतर की

*शिवराज सान्याल, ज्वाली (कांगड़ा)*

***सागर** से मथ कर आती तिरंगें,*
*दुर्गति से वेग बढ़ातीं, छूने छोर सागर का।*
*कुछ निशानियां छोड़ जाता है,*
*नीले गगन से बवंडर।*
*इठलाता धरा पर बिखर जाने के बाद,*
*खोफनाक मंजर छोड़ जाता है।*
*चट्टानों से टकराता नीर तटिनी का,*
*ध्वंस कर आगे बढ़ जाने को तबाही मचा जाता है।*
*वैसे ही प्रस्फुटित होती करुण भावना मन भीतर की,*
*पाषाण हृदय को भी पिघला कर मोम सा कर देती है।*
*सागर गगन तटिनी ही तो मन की अवस्थाएं हैं,*
*जो प्राण अर्पण करतीं नव जीवन को।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# भारतीय समाज अब अपनी जड़ों की ओर लौट रहा

आज यह प्रामाणिक रूप से कहा जा सकता है कि अपने स्वर्णिम अतीत को विस्मृत करने वाला भारतीय समाज अब अपनी जड़ों की ओर लौट रहा है। सही मायनों में कहा जाए तो समाज प्राकृतिक होने की ओर कदम बढ़ा चुका है। विश्व की महान और शाश्वत परंपराओं का धनी भारत देश भले ही अपनी पहचान बताने वाली कई बातों का भूल गया हो, लेकिन कुछ बातें ऐसी भी हैं, जिनका स्वरूप आज भी वैसा ही दिखाई देता है, जैसा दिग्विजयी भारत का था। हम भले ही अपने शुभ कार्यों में अंग्रेजी तिथियों का उल्लेख करते हों, लेकिन उन तिथियों का उन शुभ कार्यों से कोई संबंध नहीं रहता।

**लेखक : सुरेश हिंदुस्थानी**
स्वतंत्र स्तंभकार

हम जानते हैं कि भारत में जितने भी त्योहार एवं मांगलिक कार्य किए जाते हैं, उन सभी में केवल भारतीय काल गणना को ही प्रधानता दी जाती है। इसका आशय स्पष्ट है कि भारतीय ज्योतिष उस कार्य के गुण और दोष को भली भांति प्रकट करने की क्षमता रखता है। किसी अन्य कालगणना में यह संभव ही नहीं है। वर्तमान में हम भले ही स्वतंत्र हो गए हों, लेकिन पराधीनता का काला साया एक आवरण की तरह हमारे सिर पर विद्यमान है। हम उस राह का अनुसरण करने की ओर प्रवृत्त हुए हैं, जो हमारे संस्कारों के साथ समरस नहीं है। अब नववर्ष को ही ले लीजिए। अंग्रेजी पद्धति से एक जनवरी को मनाया जाने वाला वर्ष, नया कहीं से भी नहीं लगता।

इसके नाम पर किया जाने वाला मनोरंजन फूहड़ता के अलावा कुछ भी नहीं है। सोचने की बात यह है कि आधुनिकता के नाम पर समाज का अभिजात्य वर्ग वह सब कुछ कर रहा है, जो सभ्य और भारतीय समाज के लिए स्वीकार करने योग्य नहीं है। विसंगति तो यह है कि हमारे समाज के यही लोग संस्कृति बचाने के नाम पर लंबे चौड़े व्याख्यान देते हैं। भारतीय कालगणना के अनुसार मनाए जाने वाले त्योहारों के पीछे कोई न कोई प्रेरणा विद्यमान है। हम जानते हैं कि हिंदी के अंतिम मास फाल्गुन में वातावरण भी वर्ष समाप्ति का संकेत देता है, साथ ही नववर्ष के प्रथम दिन से ही वातावरण सुखद हो जाता है। हमारे ऋषि-मुनि कितने श्रेष्ठ होंगे, जिन्होंने ऐसी कालगणना विकसित की, जिसमें कब क्या होना है, इस बात की



पूरी जानकारी समाहित है। पिछले दो हजार वर्षों में अनेक देसी और विदेशी राजाओं ने अपनी साम्राज्यवादी आकांक्षाओं की तुष्टि करने तथा इस देश को राजनीतिक दृष्टि से पराधीन बनाने के प्रयोजन से अनेक संवतों को चलाया, किंतु भारत राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान केवल विक्रमी संवत के साथ ही जुड़ी रही।

अंग्रेजी शिक्षा-दीक्षा और पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव के कारण आज भले ही सर्वत्र ईसवी संवत का बोलबाला हो। भारतीय तिथि-महीनों की कालगणना से लोग अनभिज्ञ होते जा रहे हों परंतु वास्तविकता यह भी है कि देश के सांस्कृतिक पर्व-उत्सव तथा राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, गुरु नानक आदि महापुरुषों की जयंतियां आज भी भारतीय कालगणना के हिसाब से ही मनाई जाती हैं, ईसवी संवत के अनुसार नहीं। विवाह-मुंडन का शुभ मुहूर्त हो या श्राद्ध-तर्पण आदि सामाजिक कार्यों का अनुष्ठान, ये सब भारतीय पंचांग पद्धति के अनुसार ही किया जाता है, ईसवी सन की तिथियों के अनुसार नहीं। इसके बाद भी हमारे समाज का एक वर्ग इस सत्य को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। इसके कारण हम सामाजिक मान मर्यादाओं का स्वयं ही मर्दन करते जा रहे हैं।

इसके चलते इसका दुष्प्रभाव हमारे सामने आ रहा है और समाज में अनेक प्रकार की विसंगतियां भी जन्म ले रही हैं, जो भारतीय जीवन दर्शन के हिसाब से स्वीकार योग्य नहीं हैं। भारतीय नववर्ष का अध्ययन किया जाए तो चारों तरफ नई उमंग की धारा प्रवाहित होती हुई दिखाई देती है। जहां प्रकृति अपने पुराने आवरण को उतारकर नए परिवेश में आने को आतुर दिखाई देती है, वहीं भारत माता अपने पुत्रों को धन धान्य से परिपूर्ण करती हुई दिखाई देती है। भारतीय नववर्ष के प्रथम दिवस पूजा पाठ करने से असीमित फल की प्राप्ति होती है। कहा जाता है कि शुभ कार्य के लिए शुभ समय की आवश्यकता होती है और यह शुभ समय निकालने की सही विधा केवल भारतीय कालगणना में ही समाहित है। भारतीय नववर्ष का पहला दिन यानी सृष्टि का आरंभ दिवस, युगाब्द और विक्रम संवत जैसे विश्व के प्राचीन संवत का प्रथम दिन, श्रीराम एवं युधिष्ठिर का राज्याभिषेक दिवस, मां दुर्गा की साधना चैत्र नवरात्रि का प्रथम दिवस, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक, प्रखर देशभक्त डॉ. केशवराव हेडगेवार का जन्मदिवस, आर्य समाज का स्थापना दिवस, संत झूलेलाल जयंती। इतनी विशेषताओं को समेटे हुए हमारा नव वर्ष वास्तव में हमें कुछ नया करने की प्रेरणा देता है। वास्तव में ये वर्ष का सबसे श्रेष्ठ दिवस है।

नववर्ष का प्रारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है। ब्रह्मपुराण के अनुसार पितामह ब्रह्मा ने इसी दिन से सृष्टि निर्माण प्रारंभ किया था, इसलिए यह सृष्टि का प्रथम दिन है। इसकी काल गणना बड़ी प्रचीन है। सृष्टि के प्रारंभ से अब तक लगभग 1 अरब, 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार, 115 वर्ष बीत चुके हैं। यह गणना ज्योतिष विज्ञान द्वारा निर्मित है। आधुनिक वैज्ञानिक भी सृष्टि की उत्पत्ति का समय एक अरब वर्ष से अधिक बता रहे हैं। जो भारतीय कालगणना की शाश्वत उपयोगिता का प्रमाण देता है। हिंदू शास्त्रानुसार इसी दिन से ग्रहों, वारों, महीनों और संवत्सरों का प्रारंभ गणितीय और खगोल शास्त्रीय संगणना के अनुसार माना जाता है। भारतवर्ष में वसंत ऋतु के अवसर पर नूतन वर्ष का आरंभ मानना इसलिए भी हर्षोल्लासपूर्ण है, क्योंकि इस ऋतु में चारों ओर हरियाली रहती है तथा नवीन पत्र-पुष्पों द्वारा प्रकृति का नव श्रृंगार किया जाता है। लोग नववर्ष का स्वागत करने के लिए अपने घर-द्वार सजाते हैं तथा नवीन वस्त्राभूषण धारण करके ज्योतिषाचार्य द्वारा नूतन वर्ष का संवत्सर फल सुनते हैं।

विक्रमादित्य ने भारत की इन तमाम कालगणनापरक सांस्कृतिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए ही चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की तिथि से ही अपने नवसंवत्सर संवत को चलाने की परंपरा शुरू की थी और तभी से समूचा भारत इस तिथि का प्रतिवर्ष अभिवंदन करता है। ऐसे में विचारणीय तथ्य यह है कि हम जड़ों से जुड़े रहना चाहते हैं या फिर पश्चिम के पीछे भागना चाहते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# आपदा न्यूनीकरण में मीडिया व जनसंचार निभाए अहम भूमिका

प्राचीन काल से ही संचार एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उन्नति हो चुकी थी, इसकी सर्वप्रथम शुरुआत करने का श्रेय महर्षि नारद को जाता है, जो कि इस क्षेत्र में अपने अभूतपूर्व कौशल ज्ञान से सूचनाओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्टीक माध्यम से पहुंचने के लिए जाने जाते रहे हैं।



**लेखक : राजन कुमार शर्मा**
गांव डुगली, लंबलू, हमीरपुर

मीडिया जनता और आपातकालीन संगठनों के बीच सीधा संपर्क स्थापित करता है और आपदाओं से पहले, उसके दौरान और उसके बाद जनता तक महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अनुभव से पता चलता है कि आपदा आने से पहले मीडिया के साथ नियमित बातचीत, सूचना के प्रभावी प्रवाह में सहायता करती है और आपदा के बाद प्रभावी कार्य संबंधों के लिए आधार तैयार करती है। आपदा प्रबंधन में 'सही समय पर सही जानकारी' की आवश्यकता सदियों से नहीं बदली है। लोगों को आपदा से पहले चेतावनी की आवश्यकता होती है और फिर उसके बाद हताहतों, क्षति, आवश्यक आपूर्ति और कौशल, इन संसाधनों को लाने के सर्वोत्तम तरीके, उपलब्ध और प्रदान की जा रही सहायता आदि के बारे में डेटा की आवश्यकता होती है। ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां सार्वजनिक शिक्षा और प्रारंभिक चेतावनियों के व्यापक प्रचार-प्रसार ने हजारों लोगों की जान बचाई। उदाहरण के लिए, नवंबर 1970 में एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात, एक उच्च ज्वार के साथ मिलकर दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश में आया, जिससे 300,000 से अधिक लोग मारे गए और 1.3 मिलियन बेघर हो गए।

मई 1985 में, एक समान चक्रवात और तूफान की लहर ने उसी क्षेत्र को प्रभावित किया। इस बार आपदा चेतावनियों का स्थानीय स्तर पर बेहतर प्रचार-प्रसार हुआ और लोग उनका सामना करने के लिए बेहतर तरीके से तैयार थे। हालांकि, जीवन की हानि अभी भी अधिक थी, लेकिन 1970 की तुलना में 10,000 या लगभग 3 प्रतिशत



थी। भारत के आंध्र प्रदेश में 1977 के चक्रवात ने 10,000 लोगों की जान ले ली, जबकि 13 साल बाद उसी क्षेत्र में आए एक ऐसे ही तूफान ने केवल 910 लोगों की जान ली।

मीडिया के दो मुख्य प्रकार हैं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया। रेडियो (सैटेलाइट और वायरलेस दोनों) और टेलीविजन (केबल, डीटीएच आदि) इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रमुख खिलाड़ी हैं, जबकि समाचार पत्र-पत्रिकाएं, जर्नल प्रिंट मीडिया का हिस्सा हैं। ज्ञान जीवन रक्षक हो सकता है, खास तौर पर आपातकालीन स्थिति में और लोगों को जो कुछ भी पता है, वह सब मास मीडिया के माध्यम से ही पता चलता है। दुनिया में सबसे उन्नत सुनामी चेतावनी प्रणाली के साथ जापान वैश्विक मानक स्थापित करने वाला देश है, लेकिन मार्च 2011 में आई सुनामी में मरने वालों की संख्या 20,000 के करीब होने के कारण, यह जोखिम की तैयारी को बेहतर बनाने के तरीकों पर विचार-विमर्श में भी सबसे आगे है।

वास्तविक खतरे की घटनाओं के दौरान मीडिया सबसे अधिक प्रभावित होने वाले कमजोर समुदायों तक चेतावनियों और सूचनाओं के तेजी से प्रसार में एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया भागीदार होता है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (राज्य ईओसी) नेटवर्क और निर्णय समर्थन प्रणाली (डीएसएस) की स्थापना के साथ यह भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी। आपदा आने के बाद, समाचार मीडिया प्रभावी संचार चैनल प्रदान कर सकता है और प्रभावित क्षेत्रों पर किसी घटना के प्रभाव की तस्वीर तेजी से प्रदान करने में सहायता कर सकता है, जिससे अधिकारियों को बचे हुए लोगों तक सहायता और बचाव प्रयासों को अधिक कुशलता से निर्देशित करने में मदद मिलती है। आपदा की तैयारी में मीडिया की भूमिका में शामिल हैं जनता की सुरक्षा के लिए विश्वसनीय जानकारी का प्रसारण, जनता तक जानकारी का संग्रह और वितरण, लेकिन सूचना को विश्वसनीय और भरोसेमंद होने के लिए पत्रकारों द्वारा उपयोग किए जाने वाले किसी भी अन्य सूचना स्रोत के समान सत्यापन की आवश्यकता होती है।

प्रसारण मीडिया आपदाओं के बारे में जनता को शिक्षित करने, खतरों की चेतावनी देने, प्रभावित क्षेत्रों के बारे में जानकारी एकत्र करने और प्रसारित करने, सरकारी अधिकारियों, राहत संगठनों और जनता को विशिष्ट आवश्यकताओं के बारे में सचेत करने में बहुत प्रभावी भूमिका निभा सकता है और आपदा तैयारी और प्रतिक्रिया के बारे में चर्चा को सुविधाजनक बनाना। आपदा न्यूनीकरण में मीडिया एक अनूठी भूमिका निभाता है। हालांकि मीडिया और आपदा न्यूनीकरण संगठनों के उद्देश्य समान नहीं हैं, लेकिन दोनों की स्वतंत्रता और अखंडता से समझौता किए बिना, जनता तक ऐसी जानकारी पहुंचाने के लिए बहुत कुछ किया जा सकता है, जिससे कई लोगों को अपनी जान बचाने में मदद मिलेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**दिल्ली** में जज के घर से 15 करोड़ रुपए की नकद राशि का बरामद होना बेहद चौंकाने वाला वाकया है, जो न्यायपालिका के अंदर व्याप्त भ्रष्टाचार की गंभीर समस्या को उजागर करता प्रतीत होता है। निश्चित रूप से इस घटना ने न्यायपालिका की साख और सार्वजनिक विश्वास को गहरा आघात पहुंचाया है। जब एक जज, जो खुद न्याय के पालनकर्ता होते हैं, भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए जाते हैं, तो यह समाज में कानून और व्यवस्था के प्रति विश्वास को भी कमजोर करता है। यह घटनाक्रम भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी लड़ाई के लिए एक गंभीर चेतावनी है और यह न्यायपालिका में सुधार की आवश्यकता को और भी प्रकट करता है। न्यायपालिका का कार्य न्याय की व्यवस्था को बनाए रखना और निष्पक्ष निर्णय देना होता है। जब इस संस्था के भीतर ही भ्रष्टाचार समा जाएगा, तो यह केवल न्यायिक प्रणाली के लिए ही नहीं, बल्कि समाज के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है। -**साहिल, धीरा**

# त्याग का रास्ता कठिन जरूर है, लेकिन इंसान को बनाता है जुझारु

जब भी आप किसी चीज से जकड़ जाते हैं तो उससे आपको मोह पैदा होता है, इसलिए कई राजा या किसी देश का प्रमुख अपना पद छोड़ना नहीं चाहता है और यही आपके कष्ट का सबसे बड़ा कारण है। भगवान राम ने पिता की आज्ञा पर जब सबकुछ त्याग कर 14 वर्ष का वनवास धारण किया तो उन्हें ध्यान करने का अवसर मिला। ऐसे तो वह साक्षात ईश्वर थे, लेकिन उन्होंने यह उपदेश दिया कि प्रभु महलों में नहीं मिलेंगे, बल्कि किसी शांत इलाके में चाहे वह जंगल ही है, में ध्यान करने से मिलेंगे।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इसका अन्य उदाहरण भगवान गौतम बुद्ध और तीर्थंकर भगवान महावीर से सीखा जा सकता है, जिन्हें कई वर्षों की तपस्या के बाद ज्ञान की ऐसी प्राप्ति हुई कि लोग आज भी उन्हें पूजते हैं। गौतम बुद्ध एक राजा के घर पैदा हुए। माता-पिता की एकलौते संतान थे, जब किसी ज्योतिष ने उनका हाथ देखा और राजा को बताया कि यह इस राज महल में नहीं रहने वाला है, इसे तो ईश्वर ने कुछ करने के लिए भेजा है। अत: इसे दुख से दूर रखें, नहीं तो यह राजपाठ छोड़कर लोगों को ज्ञान देने हेतु भौतिक संसार से दूर चल कर ज्ञान की प्राप्ति में साधना हेतु कहीं ओर चला जाएगा। अत: राजा सिद्धाथ जो बाद में गौतम बुद्ध कहलाए, उनको महल के अंदर एक ऐसी व्यवस्था कर दी कि उन्हें किसी भी दुख से अवगत न कराकर सुख के सभी साधन उपलब्ध कराए गए, लेकिन होनी को कौन टाल सकता है। एक दिन उन्होंने एक टमटम यानी घोड़े गाड़ी पर सवार होकर बाहर सफर पर निकल गए, फिर उन्होंने देखा कि एक अर्थी निकल रही थी तो सारथी से पूछा कि यह क्या हो रहा है। लोग रो क्यों रहे हैं तब सारथी ने जवाब दिया किसी की मौत हो गई है, इसलिए दुखी होकर इसके परिवार वाले रो रहे हैं।

उन्होंने पूछा कि क्या मौत सबकी होती है, तभी सारथी ने उत्तर दिया कि एक दिन सभी को संसार से जाना ही पड़ता है चूंकि उनको उनके पिता ने महलों में इस कदर बांध कर रखा था कि उन्हें किसी बात पर दुख न हों तो उसकी बातें सुनकर काफी उदास हुए और समझ गए मेरा भी संसार से जाना निश्चित है और उस रात को वह ठीक से सो नहीं पाए और रात ही में ज्ञान की प्राप्ति के लिए बोधगया के जंगल में चले गए और 10 वर्ष की तपस्या के बाद यह बतलाया कि अहिंसा परमोधर्म यानी हिंसा नहीं करनी चाहिए। यही संदेश भगवान महावीर ने भी दिया। भगवान बुद्ध के समय खूब लड़ाई चल रही थी तभी सम्राट अशोक कलिंगा के युद्ध में लाखों लोग के मरने के बाद विचलित हो गया और शांति के लिए भगवान बुद्ध के पास गया और उसने भगवान बुद्ध के स्तूप व काफी स्मारक बनवाई, तब उसे शांति मिली।



आज लोग महलों में ही पता नहीं क्यों रहना एक शाही शान मानते हैं, लेकिन भूल जाते हैं लोग महान कैसे बने। त्याग का रास्ता कठिन जरूर है, लेकिन आपको सुकुमार नहीं जुझारु बनाएगा। आज किसी को किसी जगह अच्छी नौकरी मिल गई वह उसी में फंसा रहा। वैज्ञानिक तो कितने बनते हैं, लेकिन नाम उनमें से कुछ ही लोगों का होता है, जैसे डॉ. भाभा, बोस, विक्रमसाराभाई, रामन, खुराना डॉ. एपीजे अबदुल कलाम, डॉ. आर चितंबरम, खुराना आदि बहुत से भारतीय वैज्ञानिक हैं, जिन्होंने देश को अपने वैज्ञानिक ज्ञान से लोगों और देश की सेवा की। अत: आप कितने भी ऊंचे पद पर प्रिंसिपल साइंटिस्ट क्यों न बन जाए लेकिन जब तक उन वैज्ञानिक की श्रेणी में नहीं आते हैं तो सेवानिवृत्त होने के बाद कोई नहीं पूछता। यदि आपने एक भी नोबेल पुरस्कार विज्ञान के फील्ड में लिया है तो अवश्य ही आपका नाम सालों तक रहेगा। पैसा जिसके पीछे लोग खूब भागते हैं और तनाव में रहने लगते हैं पैसा तो मिल गया, लेकिन तनाव बना रहा और कुछ लोग इसे दूर करने के लिए सिगरेट, शराब आदि का सेवन करते हैं, जो स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। फिर लोग प्रमोशन के पीछे दौड़ते हैं और मिला तो अपने इलाके में खूब दहारते हैं लेकिन विद्या का सम्मान करना चाहिए जिसे लोगो में बाटना चाहिए। फिर आता है सरकारी फ्लैट जिसके पीछे लोग खूब दौड़ते हैं जिसे जितना बड़ा मिला, वह अपने को उतना की बड़ा मानने लग जाता है, लेकिन उसे यह नहीं मालूम इसे एक दिन खाली करना है और जब खाली करना होगा तो बड़ा कष्ट होगा क्योंकि आपका उससे लगाव हो गया। आप किसी महानगर में वैसा घर या बिल्डिंग खरीद तो नहीं सकते हैं तो बहुत ज्यादा लगाव ही आपको परेशान करेगी।

आखिर भगवान बुद्ध महलों में पले और उसे छोड़कर जंगल चले गए। आज समस्या यह है कि जो मिलता है, उससे संतोष नहीं करते हैं और भी अच्छा कैसे मिलेगा, उसी सब में नाहक ही समय बर्बाद कर देते हैं। आप भाभा, बोस या रामन तो नहीं बनने वाले हैं तो वह बनने की कोशिश कीजिए रामानुजन बहुत ही कम समय में दुनिया से अलविदा कह दिया, लेकिन उनकी मेहनत और लगनशीलता ही उसे महान गणितयज्ञ बनाई जिसमें उनका उदार व्यक्तिव भी रहा अत: हमें कर्म को ऐसा करना चाहिए कि दुनिया आपके हुनर का लोहा माने।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अथाह विकास के नाम पर हम कब तक विनाश करते रहेंगे ?

धरती पर आने वाली प्राकृतिक आपदाओं में भूकंप एक ऐसी आपदा है, जिसकी किसी को पूर्व सूचना नहीं मिलती। भूकंप की संभावना के आधार पर पूरे विश्व को पांच जोन में बांटा गया है। सबसे सुरक्षित क्षेत्र जोन वन है जहां भूकंप आने की संभावना शून्य है और सबसे अधिक भूकंप संभावित क्षेत्र जोन फाइव है।



**लेखक : गणेश गनी**
कवि व पर्यावरणविद, कुल्लू

जोन 2 में भूकंप का खतरा तो है मगर सबसे कम है। विडंबना यह है कि पूरे भारत में जोन एक है ही नहीं। यहां केवल चार जोन हैं। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि कुल्लू समेत हिमाचल के अधिकतर जिले जोन 5 के अंतर्गत आते हैं। कुल्लू भी दुनियाभर के सबसे अधिक भूकंप संभावित क्षेत्रों में शामिल है। विडंबना यह है कि हमारे इलाके को पहले जल विद्युत परियोजनाओं ने तबाह किया, फिर फोरलेन ने और अब रेलवे लाइन बची हुई कसर को पूरा करेगी। जल विद्युत परियोजनाओं के दौर में तो कुछ विरोध हुए भी, जन आंदोलन भी चले और सूचना अधिकार के तहत कुछ अनाधिकृत कार्यों को रोका भी गया, मगर बाद के वक्तों में विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर जन आंदोलन और पर्यावरणविदों के विरोधी स्वर बुरी तरह से दबा दिए गए।

अब तो यदि कोई आवाज उठाता भी है तो उसे राष्ट्र विरोधी कानून के तहत बंद कर दिया जाता है। युवाओं को तो कोई सरोकार ही नहीं रहा। सोशल



मीडिया पर कुछ लोग क्रांति करते रहते हैं। कुछ संस्थाएं और व्यक्ति केवल अपनी राजनीति चमकाने के लिए उन मुद्दों को उछालते हैं, जिनसे उन्हें सत्ता का संरक्षण भी मिलता है।

मुद्दे की बात यह है कि यदि नेपाल, बर्मा और थाईलैंड जैसे भूकंप हमारे इलाके में आ जाएं तो सोचो कितनी तबाही होगी। इस तबाही में पहाड़ों में बने बांध, पहाड़ों के बीच से गुजरने वाली नहरें, सुरंगें, बड़े-बड़े फ्लाईओवर, पुल आदि भारी इजाफा करेंगे। हिमालय में भूकंप का मुख्य कारण भारतीय और यूरेशियन प्लेटों का टकराव है, जिससे हिमालय पर्वत का निर्माण हुआ है और यह क्षेत्र भूकंपीय रूप से सक्रिय है। लगभग 50 मिलियन वर्ष पहले भारतीय प्लेट यूरेशियन प्लेट से टकराई जिससे हिमालय पर्वत का निर्माण हुआ। दोनों प्लेटों के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है, क्योंकि भारतीय प्लेट अभी भी यूरेशियन प्लेट की ओर लगभग 60 मिमी प्रति वर्ष की गति से बढ़ रही है। हिमालयी क्षेत्र भूकंपीय दृष्टि से सक्रिय है।

हिमालय में जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर लगातार पिघल रहे हैं। ढलान अस्थिर हो रही है। वर्षा ऋतु में भूस्खलन का स्वरूप भयंकर होता जा रहा है। पहाड़ों में बादल फटने की घटनाएं बढ़ रही हैं। हिमस्खलन और भूस्खलन के खतरे भूकंप आने से और भी बढ़ जाते हैं। हमारे देश में पर्यावरण जैसे मुद्दे पर न कोई बहस होती है, न कोई सत्ता से सवाल पूछता है। अवैध कटान और अवैध खनन एक बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है। निर्माण कार्यों के लिए रेत, बजरी, पत्थर और सीमेंट की भारी मांग के कारण पहाड़ों का कटान धड़ल्ले से हो रहा है। एक बार अनुमति लेने के बाद ठेकेदार अक्सर उस अनुमति का दुरुपयोग करते हैं। व्यवस्था उनका पूरा साथ देती है।

टारिंग के लिए सामग्री जिन मिक्सिंग प्लांटों में बनती है, उनकी ऊंची चिमनियां दिन-रात धुआं उगलती हैं और पर्यावरण को प्रदूषित करती हैं। विकास के नाम पर सख्त कानून दिखा कर विरोध के स्वर दबा दिए जाते हैं, मगर हम सब जानते हैं कि ये सब कारनामें हमारी सांसों में जहर घोल रहे हैं। आने वाली पीढ़ियों को बीमार कर रहे हैं। धर्म, जाति, चुनाव, मंदिर-मस्जिद, बाबा-मौलवी, गाय-गोबर, सुअर- कीचड़, शोभायात्रा, नमाज, डुबकी, होली, ईद, बलि-कुर्बानी, कब्रिस्तान-शमशान आदि पर दिन-रात टीवी पर भड़काऊ कार्यक्रम चलते रहते हैं। यह हमारे दौर का क्रूर समय है। यदि समय रहते इस विकास के नाम पर प्रकृति से हो रही यह भयंकर छेड़छाड़ बंद न हुई तो हमारी पीढ़ी का सामना एक बड़ी तबाही से होगा या आने वाली पीढ़ी हमें उस वक्त की तबाही का दोषी मानेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### नलवाड़ मेला बरच्छवाड़ में कल लगेगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सौजन्य से सरकाघाट उपमंडल के तहत नलवाड़ मेला बरच्छवाड़ में 31 मार्च को मेला मैदान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि यह शिविर 10 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। रक्तदान शिविर में 18 से 60 आयु वर्ग का कोई भी स्वस्थ नागरिक रक्तदान कर सकता है। रक्त एकत्र करने के लिए ब्लड बैंक की ओर से चिकित्सा विशेषज्ञों की एक टीम रक्तदान शिविर में तैनात रहेगी। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें।

### सड़क सुविधा से नहीं जुड़ पाई बड़ा भंगाल घाटी



**रूपी ठाकुर, बरोट।** अति दुर्गम बड़ा भंगाल घाटी आजादी के सात दशक बाद भी सड़क सुविधा से नहीं जुड़ पाई है और न ही इस घाटी में अभी तक अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो पाई है। बड़ा भंगाल वासियों तथा पंचायत स्तर पर कई बार मांग करने के बावजूद भी आजतक सता में रहने वाली कोई भी सरकार इस घाटी के लोगों के लिए संपूर्ण प्रदान करने में नाकाम ही रही है। बड़ा भंगाल घाटी के प्रधान मनसा राम भंगालिया से रूबरू होकर पत्रकार को बताया कि बड़ा भंगाल घाटी में मात्र एक गांव है और एक ही बड़ा भंगाल पंचायत नामक पंचायत स्थापित की गई है। उन्होंने बताया कि यहां पर सुविधा के नाम पर वर्ष 2022 में हिम उर्जा कंपनी द्वारा बिजली आपूर्ति के नाम पर सोलर लाइट का प्रावधान ही हो पाया है और स्वास्थ्य सुविधा के लिए आयुर्वैदिक डिस्पेंसरी को सरकार ने लगभग 25 वर्ष पूर्व ही स्थापित कर रखा है मगर वे भी लगभग 12 वर्षो से फार्मासिस्ट के न होने से आजकल गत कई वर्षो से ताला ही लगा हुआ है। मनसा राम भंगालिया ने एक बार फिर से प्रदेश सरकार तथा केंद्र सरकार से पुरजोर से मांग की है कि यहां पर सम्पूर्ण सुविधा प्रदान करने के साथ इस घाटी को जनजातीय क्षेत्र शीघ्र से शीघ्र घोषित किया जाए।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 30 अप्रैल तक होंगे सर्वे

**अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी की बरोट पंचायत के प्रधान डाक्टर रमेश ठाकुर ने बरोट पंचायत के समस्त गांववासियों को बताया कि जो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों के सर्वे किए जा रहे हैं, जिसकी लिए पहले निर्धारित की गई अंतिम तिथि 31 मार्च थी, मगर अब भारत सरकार के आदेशानुसार उस निर्धारित तिथि को बढ़ाकर 30 अप्रैल तक कर दी गई है, इसलिए उन्होंने पंचायत के लोगों से आग्रह किया है कि जिन लोगों ने प्रधानमंत्री योजना के तहत मकान का सर्वे करवाना है या फिर अपने आसपास तथा गांव के अन्य पात्र लोगों को इस बारे कोई भी मालूम नहीं है या फिर सर्वे करने से छूट गए हैं उन्हें मकान बनाना जरूरी है उन्हें इसके बारे में उनके पास ज्यादा से ज्यादा जानकारी पहुंचाएं या फिर वे पात्र लोग अपने आप ही सर्वे कर सकते हैं।

### 8 व 10 अप्रैल को दुकानों के लिए होगा प्लॉट आवंटन

**अनंत ज्ञान, पधर।** एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने आज यहां बताया कि जिला स्तरीय किसान मेला पधर 15 अप्रैल से 19 अप्रैल, 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें तीन सांस्कृतिक संध्याएं 16 अप्रैल से 18 अप्रैल, 2025 तक आयोजित की जाएंगी। इसके तहत साउंड सिस्टम के लिए निविदाएं एसडीएम कार्यालय पधर में 7 अप्रैल, 2025 को दोपहर 1 बजे तक जमा करवाई जा सकती हैं। यह निविदाएं उसी दिन शाम 3 बजे प्रतिनिधियों के समक्ष या अनुपस्थिति में खोली जाएंगी। उन्होंने बताया कि झूलों के लिए प्लाट आवंटन 8 अप्रैल और दुकानों के लिए प्लाट आवंटन 10 अप्रैल, 2025 को दोपहर 2:30 बजे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बोलीदाता को बोली के तुरंत बाद 50 प्रतिशत राशि जमा करवानी होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए एसडीएम कार्यालय पधर में संपर्क कर सकते हैं।

### पांच साल बाद लौटाए जा रहे हैं क्लेम फार्म : भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार बोर्ड का राज्य कार्यालय शिमला से मुख्यमंत्री के जिला हमीरपुर के लिए शिफ्ट कर दिया गया है और बोर्ड के नए चेयरमैन पिछले एक साल से जगह जगह जाकर दौरे कर रहे हैं, लेकिन बिडंवना ये है कि बोर्ड में पिछले चार साल के लंबित एक लाख सात हज़ार मजदूरों की 500 करोड़ की सहायता राशि जारी नहीं हो रही है और उसे जारी न करने के लिए बोर्ड की ओर से मजदूर विरोधी फरमान चेयरमैन और अधिकारी जारी कर रहे हैं। सीटू से जुड़ी निर्माण मज़दूर फेडरेशन के राज्य अध्यक्ष भुपेंद्र सिंह ने इसके लिए बोर्ड की कार्यप्रणाली पर कड़ी आपत्ति दर्ज की है और उसके खिलाफ जल्द ही आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। भुपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि जिन मजदूरों ने अपने बच्चों की छात्रवृति, विवाह शादी व अन्य प्रसुविधाओं हेतु वर्ष 2020 में आवेदन जमा किए थे उन्हें अब इस आधार पर वापस लौटाया जा रहा है कि वे पहले इकेवाईसी करवाएं। इसके लिए हालांकि सीटू नेजनवरी माह में हुई 47वीं बैठक के दिन उनका सांकेतिक घेराव किया था लेकिन उसके बाद भी सुधार नहीं हुआ है इसलिए अब यूनियन हमीरपुर ऑफिस पर विशाल वरोध प्रदर्शन करने वाली है और मज़दूरों के पांच साल से गैर कानूनी तौर पर रोके गए लाभ उन्हें मिल सकें।

### कामगार कल्याण बोर्ड ने गोहर में लगाया जागरूकता कैंप

**सुनील शर्मा, गोहर।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के सौजन्य से नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोहर के गांव डल में बोर्ड की जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर इसमें बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि इस जागरूकता शिविर का उद्देश्य श्रमिकों और कामगारों को उनके अधिकारों और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के निदेशक लाल सिंह कौशल ने प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिकों के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर जानकारी प्रदान की। जिला श्रम कल्याण अधिकारी मंडी अनिल ने स्वागत किया।

### सभी संस्थाएं 31 मार्च तक करवाएं पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी मंडी दिप्ती वैद्य ने आज यहां बताया कि भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा सभी एनजीओ, सीएसओ तथा स्वैच्छिक संस्थाओं, जो कि सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1860 के तहत पंजीकृत हैं, उन्हें ऑनलाइन दर्पण पोर्टल के साथ पंजीकृत होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि भविष्य में मिलने वाली सरकारी वित्तीय सहायता सभी एनजीओ, युवा व महिला मंडलों, खेल संघों तथा संस्थाओं के दर्पण पोर्टल में पंजीकरण पर निर्भर करेगी। उन्होंने जिला मंडी की सभी ऐसी संस्थाओं के पदाधिकारियों का आह्वान किया है कि वह अपनी संस्थाओं को दर्पण पोर्टल के साथ 31 मार्च, 2025 तक पंजीकृत करवाए।

### नगर परिषद नेरचौक में जांचा सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** स्वच्छ शहर समृद्ध शहर कार्यक्रम के अंतर्गत नगर परिषद नेरचौक द्वारा सभी सफाई साथियों का स्वास्थ्य जांच शिविर और सफाई अभियान का आयोजन किया गया। नगर परिषद नेरचौक में सफाई साथियों के साथ बैठक में कार्यकारी अधिकारी द्वारा सफाई साथियों को बताया गया था कि सबका स्वास्थ्य जांच शिविर रत्ती में और सफाई अभियान किया जाएगा। शिविर में नगर परिषद नेरचौक के सभी सफाई कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें सफाई और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया गया।

## फोर व्हीलर पलटने से 3 लोग घायल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर क्षेत्र में एक फोर व्हीलर पलटने से उसमें सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार यहां के अस्पताल में कराया गया है। पुलिस ने हादसे को लेकर जांच शुरु कर दी है और चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने पर प्राथमिकी दर्ज की है।

प्राथमिकी में शिवम ठाकुर पुत्र देसराज निवासी गांव व डाकघर सलवाणा तहसील सुंदरनगर ने कहा कि लुंडा गांव के निकट फोर व्हीलर पलट गया। यह हादसा चालक की लापरवाही के कारण हुआ। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चरस और अफीम रखने के दोषी को 12 साल का कठोर कारावास

**अनंत ज्ञान, मंडी**

विशेष न्यायाधीश मंडी की अदालत ने एक अहम मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी प्रेम सिंह पुत्र बली राम निवासी ग्रामण डाकघर थलटूखोड़ तहसील पधर जिला मंडी को चरस और अफीम रखने का अपराध सिद्ध होने पर 12 वर्ष के कठोर कारावास के साथ 1,20,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर दोषी को 14 महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

जिला न्यायवादी मंडी एवं विशेष लोक अभियोजक विनोद भारद्वाज ने बताया कि 5 अक्तूबर 2023 को पुलिस थाना पधर की एक पुलिस टीम नियमित गस्त और नाकाबंदी के लिए लचकंडी सड़क जो बरोट की तरफ जाती है के पास मौजूद थी तभी एक व्यक्ति टिक्कन की तरफ से बरोट की तरफ हाथ में एक बैग लिए आ रहा था। पुलिस ने बैग की तलाशी ली, तो उसमें से 2.54 किलोग्राम चरस और अफीम 776 ग्राम पाया गया। माननीय न्यायालय ने इस मामले में उक्त दोषी को नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत 12 वर्ष के कठोर कारावास के साथ 1,2 0,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई और यदि दोषी जुर्माना देने में असफल रहता है तो उसे 14 महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

### चरस रखने के अपराध में दोषी को 3 साल की सजा

**विशेष** न्यायाधीश फैमिली कोर्ट मंडी की अदालत ने एक अहम मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी लाल सिंह पुत्र झापट राम, निवासी गांव पाटन डाकघर कथोग तहसील पधर जिला मंडी को चरस रखने का अपराध सिद्ध होने पर 3 वर्ष 1 महीने के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।



जिला न्यायवादी मंडी एवं विशेष लोक अभियोजक जितेंद्र गोस्वामी ने बताया कि 15 सितंबर 2022 को पुलिस थाना सदर की एक पुलिस टीम सामान्य गस्त और नाकाबंदी के लिए लबंडी पुल बिजनी के पास कार एचपी 76 4435 की चेकिंग की तो उसमें से 160 ग्राम चरस बरामद हुई।

पुलिस ने लाल सिंह पुत्र झापट राम निवासी गांव पाटन डाकघर कथोग तहसील पधर जिला मंडी को हिरासत में लेकर अन्वेषण शुरू किया। माननीय न्यायालय ने इस मामले में उक्त दोषी को नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ (एनडीपीएस) की धारा 20 के तहत 3 वर्ष 1 महीने के कठोर कारावास की सजा सुनाई। एक मुकद्दमे का अन्वेषण मुख्य आरक्षी भानु प्रताप नंबर 34 और सहायक उप-निरीक्षक सुमन कुमार ने की थी।

## महिला को धमकाने पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर में संपति के सौदे को लेकर हुए इकरारनामा को लेकर मालिक महिला को धमकाने और उसके घर का ताला तोड़ने पर केस दर्ज किया है। जानकारी अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में रितु मेहता पुत्री स्व. नरेंद्र मेहता निवासी चंडीगढ़ ने कहा कि सुंदरनगर में दो मंजिला मकान है। उसने 23 सितंबर 2023 को मकान बेचने को लेकर एक व्यक्ति के साथ इकरारनामा किया था। लेकिन भुगतान न करने पर इकरारनामा खारिज हो गया। अब आरोपी उसे धमकियां देता है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### टिहरा में पूर्व सैनिकों, महिलाओं और कई संगठन कार्यकर्ताओं ने नशे के विरुद्ध युद्ध छेड़ने का लिया प्रण

# चिट्टे के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

**रितेश चौहान, सरकाघाट**




चिट्टे व अन्य नशे के खिलाफ आज धाड़ता नशा मुक्ति अभियान समिति के बैनर तले राजकीय वरिष्ठ माद्यमिक पाठशाला टिहरा से लेकर बांदल रेस्ट हाउस तक पैदल यात्रा निकाली गई, जिसमें वेटर्न इंडिया पूर्व सैनिक संघ, महिला मंडलों, पँचायत प्रतिनिधियों, समाजिक संगठनों, साक्षरता एवं ज्ञान विज्ञान समिति व अन्य कई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

जागरूकता मार्च का नेतृत्व अंतराष्ट्रीय एथेलेटिक्स कोच भुपिंद्र भूप्पी, वेटर्न इंडिया के राज्य अध्यक्ष कैप्टन रमेश तपवाल, पूर्व जिला पार्षद भुपेंद्र सिंह, गरयोह के प्रधान बक्शी राम, ज्ञान विज्ञान समिति के ऋत्विक ठाकुर इत्यादि ने किया। दो किलोमीटर के पैदल मार्च के बाद रेस्ट हाउस में आम सभा आयोजित की गई जहां भूपिंद्र भूप्पी ने बताया कि नशे की समस्या गंभीर रूप धारण करती जा रही है और युवा पीढ़ी इसके जाल में फंसती जा रही है और लगभग तीसरे दिन चिट्टे के सेवन से किसी न किसी युवा की मौत हो रही है। धाड़ता क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है और अभी तक कई युवा इसकी गिरफ्त में आ गए हैं और मृत्यु भी हो गई है।(अनंत ज्ञान)

### पूर्व सैनिक हर गांव में मोर्चाबंदी कर चिट्टे व सिंथेटिक नशे से बचाएंगे युवाओं का भविष्य

**वेटर्न** इंडिया पूर्व सैनिक संघ के राज्य अध्यक्ष रमेश तपवाल ने कहा कि नशे के विरुद्ध छेड़े गए युद्ध में भी पूर्व सैनिक फाइटर की भूमिका निभाएंगे जिसके लिए उनका संगठन गांव-गांव में मोर्चा बंदी करेंगे, ताकि युवाओं और समाज के भविष्य को बचाया जा सके। साक्षरता एवं ज्ञान विज्ञान समिति के संस्थापक तथा पूर्व जिला पार्षद भुपेंद्र सिंह ने जहां एक ओर नशे की सप्लाई बंद करने के लिए सरकार व पुलिस को योजना बना कर कार्रवाई करने की बात कही वहीं उन्होंने नशे का सेवन न करने बारे जागरूकता फैलाने पर ज्यादा जोर दिया। उन्होंने कहा नशा कई प्रकार से इस्तेमाल किया जाता है लेकिन वर्तमान में केवल चिट्टे व सिंथेटिक नशे की बात ज्यादा हो रही है क्योंकि इसके दुष्परिणाम बहुत ज्यादा हैं लेकिन हमें सभी प्रकार के नशे की समग्रता में भी बात करनी होगी। हमारे यहां तो शिवरात्रि, होली से लेकर कई धार्मिक दिवस ऐसे हैं जिन्हें नशा करने के लिए मान्यता प्राप्त त्यौहारों के रूप में मनाया जाता है। इसलिए इन मान्यताओं व प्रथाओं के खिलाफ भी हमें जागृति लानी होगी। इसके अलावा जिस युवा को सिंथेटिक नशे की आदत लग गई है उसक एक मरीज की तरह ईलाज करना होगा न कि उसके साथ अपराधी की तरह बर्ताव किया जाए और उसके लिए सरकार को सभी क्षेत्रों में परामर्श केंद्र स्थापित करने चाहिए और उसके लिए मनोचिकित्सक भी लगाने होंगे। केवल दंडात्मक निर्णयों से ही ये नहीं रुकेगा।

### लोगों के सहयोग से मिल सकती है सफलता: सुनील

**ढगवाणी** पुलिस चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने कहा कि पुलिस अपनी ओर से पूरी ईमानदारी से चिट्टे के खिलाफ काम कर रही है लेकिन बिना लोगों के सहयोग से पूर्ण रूप से सफलता नहीं मिल सकती है। उन्होंने चिट्टा सप्लाई करने वालों की सूचना दें जिसे गुप्त रखा जाता है। अब सरकार ने इसके बारे में विधानसभा में कड़े कानून बना दिया है जिससे रोकने में मदद मिलेगी।

वहीं गरयोह पंचायत के प्रधान बक्शी राम महिला मंडल की प्रधान कमला देवी, सुमना देवी, किरणा देवी,सुनीता देवी, गीता देवी आदि ने भी विचार रखे और निर्णय लिया कि अगले चरण में कमेटियां गठित की जाएंगी जो नशा सप्लाई करने वालों की सूचना पुलिस को दिया करेगी। 18 अप्रैल को नशे के खिलाफ मैराथन करने का भी निर्णय लिया गया।

## इंद्र सिंह ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को वितरित किए रिपोर्ट कार्ड

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुम्मी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें विधायक इंद्र सिंह गांधी भी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य कुसुमलता ने सभी कक्षाओं का वार्षिक परिणाम सुनाया जिसमें छठी मे कृतिका प्रथम द्वितीय स्थान पर अथर्व तथा तृतीय स्थान पर आरती व हर्ष गुप्ता रहे सातती कक्षा में प्रथम स्थान पर सानिया द्वितीय स्थान पर शरगुन चौधरी तथा तृतीय स्थान पर वैशिका रही आठवी कक्षा में प्रथम-पावनी द्वितीय राधा, तृतीय स्थान गौरव ने प्राप्त किया।

मेधावी विद्यार्थियों को विधायक इंद्र सिंह गांधी द्वारा रिपोर्ट कार्ड देकर इनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर पाठशाला प्रबंधन समिति के प्रधान गोपीचंद तथा समस्त कार्यकारिणी व अभिभावक उपस्थित रहे।



## वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पीसी कौंडल को किया सम्मानित

**भीम बसेड़ू, महादेव**



मंडी के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पीसी कौंडल को उत्तर प्रदेश के कुशीनगर की संस्था जिसका नाम अंतरराष्ट्रीय कला संस्कृति एवं साहित्य अकादमी द्वारा 31 मार्च को एक बड़े समारोह में सम्मानित किया जाएगा। डॉ. पीसी कौंडल ने बताया कि उन्हें वहां आमंत्रित किया गया है और नवाजे जाने वाले दो अवार्डों में सुपर प्वाइंट ऑफ इंडिया तथा हिन्दी साहित्य अभिराम शक्ति हैं जिनको कुल 803 अवार्ड हो जाएंगे। डॉ. कौंडल को ये अवार्ड साहित्य के क्षेत्र में अब तक की गई गतिविधियों एवं उपलब्धियां हासिल करने को दिए जा रहे हैं।(अनंत ज्ञान)

## 35 कलाकारों ने दिया ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एक से पांच अप्रैल तक मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर की सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए आज तीसरे व अंतिम दिन लगभग 35 कलाकारों ने ऑडिशन प्रक्रिया में भाग लिया है।

इन तीन दिनों में लगभग 135 स्थानीय व प्रदेश के अन्य जिलों के कलाकारों ने ऑडिशन प्रक्रिया में भाग लिया। मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम मनीश चौधरी ने बताया कि सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए कलाकारों को ऑडिशन के माध्यम से चयन का अवसर प्रदान किया है।

## डीएवी स्कूल जोगिंद्रनगर का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर का सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों, अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 26 मार्च को नर्सरी से दूसरी, चौथी, छठी और सातवीं कक्षा का परिणाम घोषित हुआ, जबकि 29 मार्च को तीसरी, पांचवीं, आठवीं, नौवीं और 11वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षार्थियों का



रिजल्ट जारी किया गया।

प्रधानाचार्य ठाकुर ने कहा कि वार्षिक परीक्षा परिणाम दिवस न केवल एक वर्ष की मेहनत का निष्कर्ष है, बल्कि यह शैक्षिक यात्रा में नई उपलब्धियों की शुरुआत का संकेत भी देता है। (अनंत ज्ञान)

## मोटा अनाज अनेक पोषक तत्वों से भरपूर : सी. पालरासू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



हिमाचल प्रदेश कृषि विभाग द्वारा कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर के सामुदायिक भवन में पोषक अनाज मेले का आयोजन किया गया। मेले में सचिव कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार, सी पालरासू ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

मेले में मोटे अनाज की खेती और मोटे अनाज से बनने वाले व्यंजनों व इसके स्वास्थ्य लाभ पर विस्तारपूरक चर्चा कर किसानों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मंडी जिला के प्राकृतिक खेती द्वारा तैयार पोषक अनाज उगाने वाले प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि ने मेले के दौरान कृषि विभाग द्वारा लगाई गई विभिन्न प्रदर्शनियों का भी अवलोकन किया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार किसानों और ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए वचनबद्ध है।

हिमाचल सरकार ने आने वाले समय में एक लाख किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि पोषक अनाज मेला के दौरान किसानों द्वारा रखी गई मांगों को मुख्यमंत्री तक अवश्य पहुंचाएंगे। मोटा अनाज अनेक पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ ही स्वास्थ्यवर्धक होता है। इस दौरान एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी, संयुक्त निदेशक कृषि विभाग धर्मशाला राहुल कटोच आदि उपस्थित रहे।

## हिमालय पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमालय पब्लिक स्कूल सरकाघाट का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा ने बताया कि कक्षा नर्सरी से लेकर 11वी तक के विद्यार्थियों ने 90 से 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा तथा सचिव रणजीत सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। इस दौरान विद्यार्थी और अभिभावकगण तथा समस्त अध्यापक गण उपस्थित रहे।

## रक्त का दान करना सबसे बड़ा दान : नेगी

**विनोद जसवाल, नेरचौक**




श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक के ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर रोटरी क्लब, व्यापार मंडल नेरचौक एवं व्यापार मंडल नलसर के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका विधिपूर्वक शुभारंभ एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. डीके वर्मा तथा ब्लड सेंटर की इंचार्ज डॉ. रिचा गुप्ता भी मौजूद रही।

रोटरी क्लब नेरचौक एवं व्यापार मंडल नेरचौक के प्रधान अमृतपाल सिंह काका ने बताया कि रक्तदान सबसे बड़ा दान होता है रक्तदान के इस शिविर में 42 लोगों ने अपना रक्तदान किया। एसडीएम स्मृतिका नेगी ने कहा कि रोटरी क्लब और व्यापार मंडल के संयुक्त प्रयास से रक्तदान शिविर का आयोजन करना सराहनीय कार्य है।

ब्लड सेंटर की इंचार्ज डॉ. रिचा गुप्ता ने शिविर के आयोजन के लिए रोटरी क्लब और व्यापार मंडल का आभार प्रकट किया और उपस्थित जनों को रक्तदान के महत्व बारे बताया। इस अवसर पर रोटरी क्लब से अभिलाष गुप्ता, भरत महाजन, सौरव महाजन, भरत यादव, भूपेंद्र महाजन, परमजीत सिंह शेट्टी, व्यापार मंडल नेरचौक के अध्यक्ष छोटू ठाकुर, संयुक्त सचिव जितेंद्र गुप्ता, कपिल आदि मौजूद रहे।(अनंत ज्ञान)

## अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिल्पा सम्मानित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** इंग्लैंड में आयोजित कबड्डी प्रतिस्पर्धा में भारत का नेतृत्व करते हुए स्वर्ण पदक जीतने वाली खिलाड़ी शिल्पा भारद्वाज का सम्मान नगर निगम के दौहंदी वार्ड में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में किया गया। उन्हें इस उपलब्धि के लिए नगर निगम मंडी द्वारा सम्मानित किया गया।

इस मौके बल्ह क्षेत्र के विधायक इंद्र सिंह गांधी एवं महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने शिल्पा को उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहा।

**आयोजन** | नलवाड़ मेले में विभागों की प्रदर्शनियों में मिलेगी लाइव प्रशिक्षण की सुविधा

# व्यंजनों को बनाने की विधि जानेंगे लोग

**अनंत ज्ञान, करसोग**



करसोग में आयोजित किए जाने वाले सात दिवसीय जिला स्तरीय नलवाड़ मेले के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाई जाने वाली विभिन्न प्रदर्शनियों के संबंध में मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में विभिन्न विभागों को राज्य सरकार द्वारा जनहित में चलाई जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी व रोजगारन्मुखी योजनाओं का विशेष रूप से प्रभावी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिए गए। मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम ने सभी विभागों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि वे सभी अपने-अपने विभाग से संबंधित स्टॉल में विभिन्न योजनाओं की लाईव डैमोस्ट्रेशन देने की व्यवस्था मेले के दौरान करे ताकि लोगों को विभिन्न उत्पाद व व्यंजन बनाने का प्रशिक्षण भी मेले के दौरान प्रदान किया जा सके।

उन्होंने कहा कि इसी प्रकार ब्लॉक कार्यालय करसोग क्षेत्र में गठित विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल लगाकर, उनमें लोगों को मिलेट्स से बनने वाले विभिन्न प्रकार के उत्पाद व व्यंजन उपलब्ध करवाने के साथ-साथ इन्हें बनाने का भी प्रशिक्षण प्रदान करे। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान घरों में प्राचीन समय से बनने वाले पापड़, आमला कैंड़ी, पेय पदार्थ सतू और शिड्डू आदि बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाए ताकि इस प्रकार के व्यंजनों को बनाने की विधि से युवा पीढ़ी अवगत हो सके।

एसडीएम ने कहा कि मेले के दौरान लोगों को उनकी जड़ों से जोड़ने के लिए पहली बार इस तरह के प्रयास किए जा रहे ताकि मनोरंजन के साथ-साथ आम जन को विभिन्न चीजों के बारे में प्रशिक्षित भी किया जा सके। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## सरकार के दो वर्ष से ज्यादा का कार्यकाल निराशाजनक : प्रशांत

**अनंत ज्ञान, मंडी**



भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश सरकार के आवाहन को प्रदेश के हर कोने से समर्थन मिला और सरकार के खिलाफ भारी रोष शिमला के चौड़ा मैदान में खूब फूटा। भाजपा मीडिया पैनलिस्ट प्रशांत शर्मा ने कहा कि दो वर्ष के कार्यकाल में वर्तमान कांग्रेस सरकार की विश्वसनीयता अपने निम्नतम स्तर पर पहुंच गई है और हर वर्ग अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

झूठे वादे कर सत्ता में आई कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश की जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है और चौड़ा मैदान में जनता ने सरकार को आईना दिखा दिया है । सरकार के संरक्षण में चिट्टा माफिया फल फूल रहा है जिस कारण अनेकों युवा अपनी जान से हाथ धो बैठे हैं और लगातार नशे के चंगुल में फंस रहे हैं जिससे स्थितियां अत्यंत चिंताजनक हो गई हैं।

कानून व्यवस्था तो पूरे प्रदेश में लगभग धराशाई हो गई है और हत्या और गोलीबारी मानो आम हो गई है। पिछले मात्र तीन महीनों में 16 हत्याएं और अनेकों गोलीबारी की घटनाओं से पूरे देश में प्रदेश की किरकिरी हो रही है। चौड़ा मैदान में हुआ विरोध प्रदर्शन सुक्खू सरकार के लिए खतरे की घंटी है ।

**ग्राम पंचायत सरौन विकास खंड धर्मपुर तहसील धर्मपुर जिला मण्डी (हि.प्र.)**
**निविदा सूचना**

**ग्राम पंचायत सरौन में वर्ष 2025-2026 में होने वाले विकास कार्यों के निष्पादन हेतु सामग्री की आपूर्ति हंतु निविदाएं (कुटेशनें) आमंत्रित करने बारे विचार-विमर्श:-**
पंचायत बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के समक्ष प्रधान महोदय जी द्वारा प्रस्ताव कि ग्राम पंचायत में वर्ष 2025-2026 में होने वाले विकास कार्यों के निष्पादन हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतू निविदाएं आमंत्रित की जानी आवश्यक व उचित है। निविदाएं दिनाक 04-04-2025 को अपराह 2:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत सरौन और में डाक या व्यवितगत रूप से जमा जमा करवानी होंगी। निविदाएं दिसक 06-04-2025 को कार्यालय ग्राम पंचायत सरौन में 12:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण/कार्य कमेटी व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जांगी।
**सामग्री विवरण:** 1. रेता क्रशर प्रति घन मीटर, 2. रेता धुला (प्लांट) प्रति घन मीटर, 3. बजरी क्रशर 10एम, 20एमएम प्रति घन मीटर, 4. पक्की ईंट (भट्ठे की) प्रति हजार, 5. बोल्डर सोलिंग प्रति घन मीटर, 6 सटरिंग (लोहा/लकड़ी) प्रति स्क्वेयर फुट, 7. जेसीबी मशी द्वारा कटान (हाड रॉक/सॉफ्ट रॉक) प्रति घंटा, 8. सीमेंट ढुलाई सरकाघाट से पंचायत स्टोर तक (लोडिंग/अनलोडिंग सहित) प्रति बैग, 9. सीमेंट ढुलाई स्टोर से कार्यस्थल तक।
**नियम व शर्ते** :- 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण पैन संख्या टीन (CST) नंबर होना आवश्यक है। 2. ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M.Form जमा करवाने होंगे। 3. सभी दरों का लेन-देन सरकार के अनुसार होगा। 4. पारित निविदादाता को मुवालिक 20,000/- रु. अग्रमी/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवानी होगी। 5. किसी भी निविदा को बिना बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदाताओं के लिए स्वीकृत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा । 6. सामग्री लेने का अंतिम समय/निर्णय विभाग की Justificaton व निविदाता के साथ Negotiation अनुसार/उपरान्त किया जाएगा। 7. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 8. निर्माण सामग्री कार्यस्थल, सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 9. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समय पर नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत सरौन विकास खंड धर्मपुर तहसील धर्मपुर जिला मण्डी (हि.प्र.)**

## न्यूज ब्रीफ

### एसपी देहरा ने चिंतपूर्णी मंदिर में नवाया शीश



अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। पुलिस जिला देहरा कप्तान मयंक चौधरी ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी और चिंतपूर्णी में मोईन थाना के अधीन आते क्षेत्र का दौरा किया। इस मौके पर उनके साथ डीएसपी देहरा अनिल ठाकुर और मोईन थाना प्रभारी संजीव ठाकुर आदि उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि पुलिस जिला देहरा के अंतर्गत ज्वालामुखी, बगलामुखी और चिंतपूर्णी तीन देवी स्थलों पर नवरात्रों का आयोजन हो रहा है, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु पंजाब और अन्य राज्यों से दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि आज चिंतपूर्णी में व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जहां पर कुछ चोकिंग प्वाइंट चिन्हित किए गए। इन स्थानों पर बैरीगेट और अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे और मोईन चौकी प्रभारी का नंबर कंट्रोल रूम में डिस्प्ले किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें और कानून का पालन कर व्यवस्थित तरीके से दर्शन करें, ताकि किसी को भी कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### 13 पदों के लिए 3 अप्रैल को होंगे साक्षात्कार

अनंत ज्ञान, ऊना। मैसर्ज जगदम्बे ऑटोमोबाइल झलेड़ा में सेल्स एग्जिक्यूटिव, सेल्स मैनेजर और कंप्यूटर ऑपरेटर के 13 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 3 अप्रैल को सुबह 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, एमबीए और बीटेक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इन पदों के लिए आयु सीमा 20 से 40 वर्ष और 15 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक योग्य अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, हिमाचली बोनाफाइड, रोजगार पंजीकरण कार्ड, मूल प्रमाण पत्र, बायोडाटा की कॉपी, अनुभव प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 92193-00001 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जीडीएच इंडस्ट्रीज में भरे जाएंगे हेल्पर के 30 पद

अनंत ज्ञान, ऊना। मैसर्ज जीडीएच इंडस्ट्रीज एरिया बसाल में हेल्पर के 30 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 1 अप्रैल को प्रातः 10 बजे जीडीएच इंडस्ट्रिज एरिया बसाल में कैंपस साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं और 10वीं पास, आयु सीमा 18 से 35 वर्ष और वेतन 12 हजार रुपए निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक योग्य अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, हिमाचली बोनाफाइड, रोजगार पंजीकरण कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, मूल प्रमाण पत्र, बायोडाटा की कॉपी, अनुभव प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 98050-54957 पर संपर्क किया जा सकता है।

### अभिभावकों को शिक्षा की गुणवत्ता पर दी जानकारी



अनंत ज्ञान, ऊना। राजकीय उच्च विद्यालय धलवाड़ी में शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा की आवश्यकता और गुणवत्ता को लेकर जानकारी दी गई। इस दौरान वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

### ईसपुर में रोटरी की ओर से नेत्र जांच शिविर 5 से

अनंत ज्ञान, ऊना। रोटरी विलेज कोर ईसपुर द्वारा रोटरी क्लब ऊना व रोटरी क्लब ग्रेटर ऊना के सहयोग से 43वां नेत्र जांच एवं शिविर 5 से 7 अप्रैल तक रोटरी सामुदायिक सेवा सदन ईसपुर में आयोजित होगा। यह जानकारी रोटरी विलेज कोर ईसपुर के अध्यक्ष एवं शिविर प्रभारी चित्त विलास पाठक ने दी। उन्होंने बताया कि चिकित्सालय मारंडा पालमपुर व चिकित्सालय धुसाड़ा के डॉक्टरों की टीम नेत्र रोगियों की जांच व उपचार करेगी। पांच अप्रैल को सुबह सात बजे रोगियों का पंजीकरण व दाखिला होगा। 6 अप्रैल को आप्रेशन धुसाड़ा अस्पताल में होंगे। 7 अप्रैल को शिविर का समापन व दवाई वितरण होगा। उन्होंने रोगियों से आह्वान किया कि अपने आधार कार्ड व बिस्तर साथ लेकर आएं। वहीं, भोजन की व्यवस्था समिति द्वारा ही की जाएगी।

### पंचायत सचिव रोशन लाल की सेवाओं को सराहा



अनंत ज्ञान, हरोली। हरोली क्षेत्र की ग्राम पंचायत पोलियां बीत में कार्यरत रोशन लाल पंचायत सचिव की सेवा सराहनीय रही हैं । उन्होंने विभाग में 19 वर्ष तक अपनी सेवाएं दी हैं। उनके सम्मान के उपलक्ष्य में हरोली ब्लॉक कार्यालय में एक पार्टी का आयोजन किया गया । इस मौके पर बीडीओ हरोली राजेश्वर भाटिया ने सचिव की सेवाओं को सराहनीय कार्य करार दिया। जिला अराजपत्रित कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने कहा कि रोशन लाल ने अपने सेवा काल में बेहतर कार्य किया गया है। उन्होंने इनके उज्जवल व खुशहाल भविष्य की कामना की । पार्टी कार्यक्रम में स्टाफ द्वारा पार्टी दी गई और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# हरोली उत्सव के ऑडिशन के दौरान कलाकारों को मिलेंगे ए, बी और सी ग्रेड

## एक पंथ..दो काज, लता मंगेशकर कला केंद्र समूर कलां में होंगे ऑडिशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

राज्य स्तरीय हरोली उत्सव के लिए कलाकारों के ऑडिशन के साथ ही ऊना जिले के कलाकारों की श्रेणीकरण प्रक्रिया भी संपन्न की जाएगी। बता दें इस उत्सव के लिए कलाकारों के ऑडिशन 8 से 10 अप्रैल तक लता मंगेशकर कला केंद्र, समूर कलां में रखे गए हैं। पहले दो दिन 8 और 9 अप्रैल को ऊना जिले के कलाकारों के ऑडिशन होंगे।

इस दौरान ही जिला भाषा विभाग द्वारा स्थानीय कलाकारों की श्रेणीकरण प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। उत्सव की सांस्कृतिक संध्या के कार्यक्रमों के लिए कलाकारों का चयन करने के साथ ही श्रेणी वार ए, बी, सी श्रेणी में वर्गीकरण करने का कार्य भी किया जाएगा।

**प्रदेशभर के मेलों में काम आएगा वर्गीकरण**

निक्कू राम ने बताया कि इससे प्रदेश में होने वाले अंतराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तरीय मेलों एवं उत्सवों में भाग लेने वाले कलाकारों के उचित वर्गीकरण और उन्हें श्रेणीबद्ध किया जाएगा।यह चयन प्रक्रिया गायन, वादन, नृत्य, नाटक, लोक गाथा आदि विविध लोक विधाओं में भाग लेने वाले कलाकारों के लिए होगी। चयनित कलाकारों को उनके प्रदर्शन के आधार पर श्रेणीबद्ध किया जाएगा और उन्हें विभिन्न मेलों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों व उत्सवों में प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

**प्रदर्शन के आधार पर होगा वर्गीकरण :** निक्कू राम ने बताया कि जिन कलाकारों ने राज्य स्तरीय मेलों में प्राइम टाइम में तीन बार, राष्ट्र स्तर पर पांच बार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीन बार अपनी प्रस्तुति दी है तथा हिमाचली कलाकार, जिन्होंने प्रमुख टीवी लाइव शो जैसे इंडियन आईडल, सारेगामा आदि में विजेता या उपविजेता का स्थान प्राप्त किया है, उन्हें उच्च श्रेणी ए प्लस में शामिल किया जाएगा।

जिन कलाकारों ने यूथ फेस्टिवल में विजेता या उपविजेता का स्थान प्राप्त किया है और म्यूजिकल ग्रुप जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में तीन बार भाग लिया हो, उन्हें द्वितीय श्रेणी ए में शामिल किया जाएगा। तदर्थ उन्हें संबंधित समिति या संस्था से प्रस्तुति का प्रमाण पत्र लेकर 8 अप्रैल तक विभाग में जमा करवाना होगा। इसके अतिरिक्त रेडियो, दूरदर्शन या किसी अन्य सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान या विभाग जैसे लोक संपर्क विभाग आदि से किसी कलाकार का श्रेणीकरण हुआ है, उन्हें इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन उन्हें श्रेणी प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी 8 अप्रैल तक विभाग में जमा करवानी होगी।

इस प्रक्रिया में भाग लेने वाले कलाकारों को पंजीकरण हेतु पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड एवं खाता संख्या की छाया प्रति भी साथ लानी अनिवार्य होगी। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार का भत्ता या किराया नहीं दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए 88940-67430 पर संपर्क कर सकते हैं ।

# देसी और विदेशी फूलों से सजाया मां चिंतपूर्णी का भव्य भवन

विकास शर्मा, चिंतपूर्णी

चैत्र नवरात्र के अवसर पर मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। इसमें विशेष रूप से चिंतपूर्णी मां के दरबार को देसी और विदेशी फूलों से सजाया गया है। इन फूलों की सजावट को एक श्रद्धालु द्वारा कराया गया है। सजावट के बाद मंदिर काफी आकर्षक और मनमोहक लग रहा है। इस मेला अवधि के दौरान लाइन में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन पर्ची लेना अनिवार्य नहीं होगा। इससे पहले श्रद्धालुओं को लाइन में दर्शन करने के लिए दर्शन पर्ची लेना अनिवार्य था।

इसके अलावा सुगम दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को 500 रुपए प्रति व्यक्ति खर्च करने होंगे। दिव्यांगों और बुजुर्गों को एक अटेंडेंट के साथ 100 रुपए खर्च करने होंगे। सुरक्षा व्यवस्था की गई मजबूत हिमाचल पुलिस के बम निरोधक दस्ते द्वारा शनिवार को चिंतपूर्णी मंदिर के चप्पे-चप्पे को आधुनिक मशीनों की मदद से चेक किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी चिंतपूर्णी जयराम शर्मा भी साथ में उपस्थित रहे। बताते चलें हाल ही में हुए हिमाचल-पंजाब के विवाद के बाद सुरक्षा की दृष्टि से यह उपाय किया गया है।

इसके अलावा, मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क पानी और स्वास्थ्य सुविधा की भी व्यवस्था की गई है। पूरा मेला क्षेत्र 4 सेक्टर में बांटा गया है। हर सेक्टर पर एक सेक्टर इंचार्ज लगाया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। 200 से अधिक पुलिस और होमगार्ड के जवान सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभालेंगे और अतिरिक्त सफाई कर्मी सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखेंगे। (अनंत ज्ञान)

### भदसाली में शोभायात्रा आज, कल होगा जागरण

अनंत ज्ञान, ऊना। निकटवर्ती गांव भदसाली में 31 मार्च को मां भगवती का विशाल जागरण व भंडारा होगा। यह जानकारी सेवादार प्रदीप कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 30 मार्च को शोभायात्रा निकाली जाएगी। धार्मिक समागम में कथा वाचक पंडित द्विवेदी, सिंगर अजय माही ऊना व लविश लव अमृतसर वाले महामाई का गुणगान करेंगे।

## बिजली ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग से भड़की आग, बचे सरकारी कार्यालय



अनंत ज्ञान, ऊना

ऊना में वाहिनी कार्यालय के समीप शनिवार दोपहर अचानक ही बिजली ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग से आग भड़क गई । ट्रांसफार्मर के इर्द गिर्द सफाई न होने के चलते आग चारों ओर तेजी से फैल गई।

देखते ही देखते आग सरकारी कार्यालयों व झुग्गियों की ओर बढ़ने लगी। आग की लपटें देखते ही होमगार्ड्स के जवानों ने आग पर काबू पाने का कार्य शुरू कर दिया। आग की सूचना फायर ब्रिगेड ऊना को दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग को बुझाया। बता दें कि होमगार्ड्स वाहिनी कार्यालय के समीप अचानक ही बिजली ट्रांसफॉर्मर में स्पार्किंग से आग भड़क गई। देखते ही देखते आग चारों ओर फैल गई। प्रचंड आग को वाहिनी के होमगार्ड्स जवानों व फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने मिलकर बुझाया और आईपीएच रेस्ट हाउस, वाहिनी कार्यालय व झुग्गियों को जलने से बचा लिया गया।

अग्निशमन अधिकारी अशोक राणा ने बताया कि आग को समय रहते बुझा दिया गया है। लाखों की संपत्ति को जलने से बचाया गया है।

### भंजाल स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भंजाल का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने बताया कि दस जमा एक क्लास में आर्ट्स में शत-प्रतिशत, साइंस में शत-प्रतिशत, कामर्स में एक छात्र का परीक्षा परिणाम में एक छात्र का परीक्षा परिणाम आरएलए रहा।

वही, छठी और 7वीं क्लास में शत-प्रतिशत, एवं आठवीं क्लास में मात्र एक छात्र की परीक्षा परिणाम रोका गया है, बाकी परिणाम सराहनीय रहा है। कार्यकारी प्रधानाचार्य राजन शर्मा ने बताया आज परीक्षा परिणाम के अवसर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को इनाम देकर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर स्थानीय स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान महेश कुमार प्रबंधन समिति के सदस्य,लेक्चरर अनु शर्मा सीमा सोहाल, मुकेश कुमार, राजन कुमार आदि उपस्थित रहेद्ध

## क्रेडिट सोसायटी में लाखों अटकने से चिंता में निवेशक

विनोद शर्मा, लठियाणी

क्षेत्र में एक क्रेडिट सोसायटी में लोगों के लाखों रुपए फंस गए हैं। सुरेश कुमार लठियाणी एवं नरेश कुमार बंगाणा ने बताया कि ह्यूमन वेलफेयर मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड भारत सरकार न्यू दिल्ली कार्यालय में सोसाइटी में कार्यरत सभी कर्मचारी लगातार संपर्क कर रहे हैं।

25 मार्च, 2025 को हिमाचल प्रदेश से ह्यूमन वेलफेयर मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट को ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के कार्यकर्ता और निवेशक सेंट्रल रजिस्ट्रार ऑफ कॉपरेटिव सोसायटीज भारत सरकार न्यू दिल्ली कार्यालय में जानकारी लेने के लिए लगातार संपर्क में है, सुरेश कुमार (लठियाणी) की ह्यूमन सोसायटी के बारे सरकार से आग्रह कर जानकारी हासिल कर रहे हैं कि इस विषय पर क्या कार्रवाई हो रही है, ताकि निवेशकों का पैसा कैसे वापस दिया जाए, क्योंकि निवेशक बहुत ही परेशान हैं। नरेश कुमार ( बंगाणा) सेंट्रल रजिस्ट्रार ऑफ कॉपरेटिव सोसायटीज की ओर से आश्वासन दिया है कि सरकार सही ढंग से जांच कर समस्या का समाधान करने के लिए अग्रसर है और जांच भी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जल्दी से जल्दी हर निवेशक का पैसा वापस किया जाएगा। सभी निवेशक निश्चिन्त रहें। सुरेश कुमार (लठियाणी ब्रांच से) ने बताया कि सभी की जमा पूंजी जल्दी समाधान होने के पश्चात दे दी जाएगी। नरेश कुमार (बंगाणा ब्रांच से) ने कहा कि कई निवेशक बहुत ही परेशान और व्याकुल हैं। मेरा सभी निवेशकों से आग्रह है कि जल्द ही समाधान होने की संभावना है और आपकी जमा पूंजी आपको दे दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### पितृ चौदह के रोज लोगों ने किया हवन



अनंत ज्ञान, ऊना। क्षेत्र में 28 मार्च से लेकर 29 मार्च दो दिन तक पितृ चौदह के कार्यक्रम चल रहे हैं। ऐसी मान्यता है कि कुछ लोग पितरों को सारा वर्ष याद नहीं करते और आज के दिन यदि अपने पितरों को याद करके उनकी यादगार में हवन की आहुतियां डाली जाएं तो पितृ हमें सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद देते हैं।

बहुत दूर-दूर से लोग डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम इस दिन अपने पितरों की पूजा करने के लिए आते हैं। पंडित शाम सुंदर ने कहा कि गीता है में भगवान कृष्ण ने अर्जुन को समझाते हुए कहा कि हमें अपने पितरों को प्रतिदिन जल तर्पण करना चाहिए।

## जरूरतमंद परिवार को मिला शासन प्रशासन का संबल

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला प्रशासन ऊना ने त्वरित कार्रवाई करते हुए धमांदरी पंचायत में एक जरूरतमंद परिवार की कठिन परिस्थितियों में तत्काल सहायता सुनिश्चित की है। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा और उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने शनिवार को स्वयं धमांदरी का दौरा कर हालात का जायजा लिया और यह सुनिश्चित किया कि पीड़ित परिवार को अविलंब हरसंभव सहायता मिले। विधायक ने सरकार की ओर से संपूर्ण मदद का आश्वासन दिया।

विधायक ने प्रशासन को निर्देश दिए कि इस मामले में तत्परता से कदम उठाए जाएं, ताकि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार हर नागरिक के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, और इस परिवार को पूरी सहायता मिलेगी। बाद में, उपायुक्त ने बताया कि सरोज कुमारी और उनके बेटे नवीन कुमार को की देखभाल के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उनके सगे-संबंधियों से भी इस संबंध में परामर्श लिया जाएगा।

## समलाड़ा में दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू



अनंत ज्ञान, बंगाणा

भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के सौजन्य से जन चेतना युवक मंडल समलाड़ा द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय वॉलीबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गांव लखरूंह पंचायत जसाना में करवाया जा रहा है।

कार्यक्रम के शुभारंभ के मुख्य अतिथि ब्लॉक समिति सदस्य राजिंदर ठाकुर व ग्राम पंचायत जसाना की प्रधान अनिता देवी द्वारा करवाया गया। युवा स्वयंसेवी व जन चेतना युवक मण्डल समलाडा के सदस्य अक्षय शर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट के की विजेता टीम को 7100 रुपऐ के साथ ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 5100 रुपए के साथ ट्राफी दी जाएगी।

टूर्नामेंट का पहला मैच शहीद भगत सिंह लठियाणी व युवक मंडल बाथू के बीच खेला गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हिमाचल प्रदेश वालीबॉल समिति के प्रदेश सहसचिव मदन राणा, रेफरी मदन शर्मा , अमित कुमार विपन राणा, नरेश ठाकुर सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

## हिमुडा कॉलोनी में बताया जीवन का महत्व

अनंत ज्ञान, बंगाणा

उपमंडल बंगाणा की हिमुडा कॉलोनी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन हुआ। इस धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और कथा का रसपान किया। कथा व्यास आचार्य जगमोहन शास्त्री ने श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से जीवन का महत्व समझाया और सनातन धर्म की अलख जगाई। इस कथा का आयोजन नरेश सोनी लक्की और राजन सोनी उर्फ बिक्की द्वारा अपने माता-पिता की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि स्वरूप किया गया। सप्ताहभर चली इस पावन कथा में अनेक धार्मिक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया गया।

आचार्य जगमोहन शास्त्री ने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा, महारास, रुक्मणी विवाह तथा परीक्षित मोक्ष के प्रसंग भी सुनाए गए। इस कथा में हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रीमद् भागवत कथा के समापन दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व, समाजसेवी और गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। कथा समापन पर हवन-यज्ञ का आयोजन भी हुआ, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों भक्तों ने आहुति अर्पित की।

उपमंडल बंगाणा के श्रीराम नाटक क्लब हटली में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन हुआ। कथा वाचक आचार्य तरुण डोगरा ने कथा के माध्यम से धर्म, भक्ति और मोक्ष के महत्व को विस्तार से समझाया।



बंगाणा में श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर आचार्य जगमोहन शास्त्री को सुनते भक्त।

### बड़ोआ में श्रीकृष्ण की लीलाओं का किया सुंदर वर्णन

अनंत ज्ञान, जोल। तलमेहड़ा के बड़ोआ गांव में राधा कृष्ण मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शनिवार को समापन हुआ। कथावाचक आचार्य शिवकुमार शास्त्री ने भागवत कथा में चार वेद, पुराण, गीता और श्रीमद् भागवत महापुराण सुनाई। पिछले 7 दिनों तक भगवान श्रीकृष्ण के वात्सल्य प्रेम असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा की गई लीलाओं का वर्णन किया गया।

## अंबोटा पंचायत में साढ़े सात करोड़ तो अमलैहड़ पंचायत में खर्च होंगे साढ़े 3 करोड़

**प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 10 साल में होंगे खर्च**

अनंत ज्ञान, गगरेट

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत विकास खंड गगरेट की अंबोटा पंचायत में अगले दस साल में साढ़े सात करोड़ रुपए तो ग्राम पंचायत अमलैहड़ में साढ़े तीन करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस योजना के तहत जल संरक्षण के लिए चैक डैम लगेंगे जबकि प्राकृतिक जल स्रोतों के रखरखाव के साथ पौधरोपण के जरिए जल संरक्षण को बल दिया जाएगा। जल संरक्षण पर बेहतर कार्य हुआ तो इस जल का प्रयोग गांव में खेतों की सिंचाई के लिए हो सकेगा।

शुक्रवार को अंबोटा गांव में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जल बचाओ रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक राकेश कालिया की अनुपस्थिति में उनके बेटे कांग्रेस सेवादल के प्रांतीय उपाध्यक्ष एडवोकेट सोहराव कालिया ने शिरकत की। 'जल है तो कल है' इस सुक्ति वाक्य को धरातल पर उतारने के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत विकास खंड गगरेट की ग्राम पंचायत अंबोटा व अमलैहड़ को लिया गया है। इसके तहत ग्राम पंचायत अंबोटा के लिए इस वर्ष का करीब 42 लाख रुपए का बजट स्वीकृत है जिसमें से करीब 28 लाख रुपए खर्चे जा चुके हैं। इसके लिए 1393 हैक्टेयर क्षेत्र को इस योजना के अंतर्गत लाने का लक्ष्य रखा गया है।

वहीं, अमलैहड़ रुपए में स्वीकृत राशि करीब 63 लाख रुपए है और अब तक करीब चालीस लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं। यहां 357 हेक्टेयर क्षेत्र को इस योजना के अंतर्गत लाने का लक्ष्य है। अंबोटा रुपए में इस वर्ष एक चैक डैम का भी निर्माण किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि इस योजना के तहत जल संरक्षण के लिए तालाबों के रखरखाव के साथ कुओं व बाबड़ियों के संरक्षण के कार्य को भी अंजाम दिया जा रहा है जबकि गांव के प्रमुख नालों पर चैक डैम के निर्माण को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

**अपील** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए जल्द करें पंजीकरण

## डीसी का कारीगरों के सशक्तिकरण पर जोर

अनंत ज्ञान, ऊना

उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में कारीगरों के 25 आवेदनों को सत्यापित कर अनुमोदन के लिए अग्रसारित किया गया है। उन्होंने बताया कि बीते कल जिला स्तरीय समिति की बैठक में योजना के तहत चरण-2 में सत्यापित किए गए कारीगरों के 25 आवेदनों को प्रस्तुत किया गया, जिन्हें अब स्वीकृति प्रदान करने के लिए योजना के पोर्टल पर अग्रसारित किया गया है।

उपायुक्त ने जिले के सभी पारंपरिक कारीगरों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के पोर्टल पर जल्द से जल्द पंजीकरण करवाएं और योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले लाभों का फायदा उठाएं। यह योजना पारंपरिक कारीगरों को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी बल्कि उन्हें आधुनिक तकनीकों से जोड़कर उनकी आजीविका को भी सुरक्षित करेगी।

### चरणबद्ध तरीके से किया जाता है सत्यापन

**प्रधानमंत्री** विश्वकर्मा योजना के तहत आवेदनों को चरणबद्ध तरीके से सत्यापित किया जाता है। सत्यापन प्रक्रिया के पहले चरण में इच्छुक कारीगर को आधिकारिक पोर्टल पर आवेदन करना होता है जिसमें आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण और आवश्यक दस्तावेज अपलोड किए जाते हैं। दूसरे चरण में आवेदन संबंधित ग्राम पंचायत और शहरी निकाय को भेजा जाता है। यहां निकाय कारीगर की पारंपरिक शिल्पकारी का भौतिक सत्यापन करता है। तीसरे चरण में स्थानीय निकाय द्वारा सत्यापित किए गए आवेदनों को जिला स्तरीय समिति के पास भेजा जाता है तथा उपायुक्त की अध्यक्षता में समिति इन आवेदनों की समीक्षा करती है और स्वीकृति प्रदान करती है। चौथे चरण में स्वीकृत आवेदनों को योजना के पोर्टल पर अंतिम मंजूरी दी जाती है जिसमें कारीगरों को प्रमाणपत्र और पहचान पत्र जारी किए जाते हैं ताकि ऋण, प्रशिक्षण और औजारों की सहायता की प्रक्रिया शुरू होती है।

### योजना का उद्देश्य

**इस** योजना का उद्देश्य देश के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक और तकनीकी सहायता प्रदान करना है। यह योजना उन कारीगरों को सशक्त बनाने के लिए बनाई गई है, जो पारंपरिक व्यवसायों में जुड़े हैं और जिन्हें आधुनिक संसाधनों व प्रशिक्षण की आवश्यकता है।

### योजना के पात्र

इस योजना में 18 पारंपरिक कारीगर समुदायों में बढ़ई, लोहार, सुनार, कुम्हार, राजमिस्त्री, टोकरी/चटाई बनाने वाले, धोबी, दर्जी, मोची, नाई, खिलौना बनाने वाले आदि शामिल हैं।

इस मौके पर संयुक्त निदेशक, उद्योग विभाग अंशुल धीमान, उद्योग विभाग के एक्सटेंशन अधिकारी अंकित भाटिया, विप्लव राणा, डोमेन विशेषज्ञ ओम प्रकाश, जयदेव सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### भद्रकाली में शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भद्रकाली में शनिवार को शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य सतपाल वशिष्ट ने बताया कि शिक्षा संवाद में बच्चो के अभिभावकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा संवाद में शिक्षक और छात्रों के बीच निरंतर बातचीत शामिल होती है।

संवाद के माध्यम से, शिक्षक विद्यार्थियों के रोजमर्रा के सामान्य ज्ञान के दृष्टिकोण को जान सकते हैं। उनके विचारों से जुडी दुविधाओं को दूर करने में उनकी मदद कर सकते हैं। शिक्षा संवाद में शिक्षा की गुणवत्ता को मध्य नजर रखते हुए सरकारी स्कूल में दाखिला लेने और बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ, डिजिटल लाइब्रेरी, टिन्क्रिक लैब, साइंस लैब जैसी सुविधाएं छात्रों को उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों को नशे से दूर रखें तथा उन पर कड़ी नजर रखें। इस अवसर पर शिक्षा संवाद के बाद वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा किया गया।

## सीएम ने नशे पर किया करारा वार : अश्विनी

अनंत ज्ञान, गगरेट। नशे के चलते हुई मौत के लिए मौत का सामान बेचने वालों को भी मौत की सजा का प्रावधान करने से हिमाचल प्रदेश में मादक द्रव्य पदार्थों की बिक्री में संलिप्त लोगों में भय का मौहाल उत्पन्न होगा। यही नहीं बल्कि इससे प्रदेश में नशे का प्रयोग भी कम होने के आसार हैं। सीएम सुक्खू ने बजट सत्र में इसके लिए बिल लाकर साबित कर दिया है कि वे उनकी सरकार वास्तव में प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन के लिए आए हैं। मुख्यमंत्री महज राजनीतिक लाभ लेने वाली योजनाएं लेकर नहीं आ रहे हैं, बल्कि पहाड़ व पहाड़ियत को संबल देने का प्रयास कर रहे हैं। यह बात हिमाचल प्रदेश नंबरदार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पार्षद अश्विनी ठाकुर ने कही।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नौन विकास खंड गोहर जिला मण्डी (हि.प्र.)**

निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत नौन विकास खंड गोहर जिला मण्डी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु वर्ष 2025-26 के निर्माण हेतु, आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ दिनांक 09/04/2025 अपराह्न 3:00 बजे तक पंचायत कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनांक 11/04/2025 को प्रातः 11:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी।

सामग्री का विवरण:रेत (खड्ड/नदी) प्रति घन मीटर, रेत (क्रशर) प्रति घन मीटर, बजरी (खड्ड/नदी) प्रति घन मीटर, बजरी (क्रशर) 10MM, 20MM, 40MM प्रति घन मीटर, पत्थर/कटस्टोन प्रति घन मीटर बोल्डर/सीलिंग प्रति घन मीटर, सीमेंट व भवन सीलिंग प्रति घन मीटर, जे.सी.बी (CUTTING AND DRESSING) JCB (ब्रेक) प्रति स्क्वायर फुट, PVC पाइप प्रति मीटर सीमेंट कट्टा प्रति बैग के हिसाब से चैल-चौक से कार्यस्थल तक (लोडिंग/अनलोडिंग) सहित प्रति बैग, सरिया 8mm,10mm,12mm,16mm,20mm,22mm प्रति क्विंटल, कोटा स्टोन प्रति स्क्वायर फुट, टाइल प्रति स्क्वायर फुट, SPUN PIPE 250/300/450/600/900 प्रति पीस, सूचना बोर्ड पेंटिंग/तीवार लेखन पेंट सहित प्रति वर्ग फुट, (एल्युमिनियम फैब्रिकेशन (Providing & Fixing) प्रति वर्ग फुट, प्लास्टिक लोहे/स्टेनलेस लोहा प्रति क्विंटल, चादर कलर, प्लेन प्रति शीट (Size अनुसार), लकड़ी देवदार प्रति फुट, ईंट प्रति ईंट, Material Shifting by mule more than 500 meter प्रति घन मीटर, Cement Shifting by mule more than 500 meter प्रति बैग सीमेंट मिक्सचर प्रति दिन, HDPE पाइप आधा इंच से 12 इंच तक प्रति मीटर, Air compressor, वाइर कैरिंग प्रति दिन, स्टील पाइप GI ½" to 5" per $m^3$, अल्काडक्ट पाइप 1" to 5" per पाइप, Light fitting Per Point,M S पाइप प्रति किलो, G P S Pipe प्रति किलो, M S Apolo Pipe प्रति किलो, कट स्टोन क्रश पत्थर प्रति किलो, तारकोल तथा All हाडवेयर आइटम्स Per piece

नियम व शर्तें निम्न प्रकार से होंगी:- निविदाएँ सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए।, निविदा दाता के पास अपना पंजीकरण पत्र संख्या, GST नंबर होना आवश्यक है।, केवल आयुर्वेदिक के संबंध विभाग से मान्यता प्राप्त फर्मों को वरीयता दी जाएगी।, सामग्री की आपूर्ति फिओ विभाग के आदेशानुसार होगी।, सामग्री आपूर्ति का कार्य पंचायत के नाम FD जमा करवानी होगी।, निविदा दाता को 2,000/- रुपए की धनराशि, अग्रिम सुरक्षा राशि के रूप में पंचायत में जमा करनी होगी।, निविदा की अंतिम तिथि 10 दिन होगी।, समय पर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी अन्यथा ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी।, पंचायत किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार रखती है।, दरों की उल्लेख करते समय TAX INCLUDED या EXCLUDED का उल्लेख करना आवश्यक है। ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अतिरिक्त राशि की अदायगी देय नहीं होगी।, सामग्री लेने का अंतिम निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व पारित निविदादाताओं के NEGOTIATION अनुसार/उपरांत किया जाएगा।

प्रधान/सचिव

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व छात्र संघ ने नवाजे होनहार विद्यार्थी



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कटराईं स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा के अवसर पर पूर्व छात्र संघ कटराईं के सदस्यों द्वारा प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व छात्र संघ के सदस्यों ने प्राथमिक पाठशाला तथा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के मेधावी छात्रों जिसके अंतर्गत प्राथमिक पाठशाला के कक्षा एक से पांचवी तक तथा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कटराईं के कक्षा छह से जमा एक तक के 36 मेधावी छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार वितरित किए गए। पूर्व छात्र संघ के प्रधान हीरालाल ठाकुर ने बताया कि पूर्व छात्र संघ कटराईं हमेशा विद्यार्थियों तथा पाठशाला के सहयोग तथा उत्थान के लिए कार्यरत है । इसी कड़ी में आज पाठशाला में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया है । उन्होंने बताया कि पूर्व छात्र संघ द्वारा भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रम सुचारू रूप से चलते रहेंगे।

### लंबित मामलों की जल्द करें सुनवाई : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस मौके पर उपायुक्त ने अभियोजन विभाग तथा पुलिस विभाग को लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि पीड़ित व्यक्तियों को राहत उपलब्ध हो सके। बैठक में अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण के तहत विचाराधीन मामलों की समीक्षा की गईं। बैठक में बताया गया कि विभिन्न न्यायालय में अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 73 मामले लंबित है जिनमे से 62 मामले सत्र न्यायालय कुल्लू 11 मामले सत्र न्यायालय रामपुर में लंबित है। बैठक की कार्रवाई का संचालन जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने किया। बैठक में जिला न्यायवादी कुलभूषण गौतम, एसपी संजीव चौहान, व अन्य अधिकारी तथा गैर सरकारी संस्था संरक्षक उपस्थित थे।

### कुल्लू में वाहनों की पासिंग 5 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** परिवहन विभाग ने जिला कुल्लू में विभिन्न स्थानों पर वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट के लिए तिथियां जारी कर दी हैं। आरटीओ कुल्लू राजेश भंडारी ने बताया कि कुल्लू में 5, 10, 21 और 28 अप्रैल को वाहनों की पासिंग की जाएगी। आरएलए मनाली में 8, बंजार में 23, केलांग में 25 व उदयपुर में 26 अप्रैल को वाहनों की पासिंग होंगी। इसके साथ ही आरटीओ कुल्लू में 22 अप्रैल, आरएलए कुल्लू में 4, मनाली में 7, बंजार में 23, केलोंग में 25 व उदयपुर में 26 अप्रैल को ड्राइविंग टेस्ट होंगे।

### नीता राणा के गीत का किया विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** खो-खो वर्ल्ड चैंपियन कुल्लू जिला के खराहल घाटी की नीता राणा के संघर्ष और जीत पर आधारित एक गीत तैयार किया गया है। शनिवार को प्रसिद्ध समाजसेवी सुभाष शर्मा ने कुल्लू में आयोजित एक समारोह में इस गीत कस विमोचन किया। देसी चैनल के एमडी डीआर ठाकुर उन्हें टोपी व मफलर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर समाजसेवी सुभाष शर्मा ने कहा कि नीता राणा ने खराहल, कुल्लू, हिमाचल का नाम ऊंचा किया है। छोटे से गांव से बेटी वर्ल्ड कप विजेता बनी यह दूसर बच्चों को प्रेरित करेगी। अपने बच्चों को सही राह दिखाएं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के प्रतिभावान बच्चों का हौसला बढ़ाया जाएगा। नीता राणा पर बने इस गीत में कुल्लू के लोकगायक ओम ठाकुर ने आवाज दी है। जबकि गीत के बोल चमन ठाकुर के हैं, देसी चैनल के बैनर तले इसे फिल्माया गया है। कुल्लू की नीता राणा खो-खो की खिलाड़ी हैं, जिन्होंने पहले विश्व खो-खो कप में भारतीय टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. नीता कई सालों से खो-खो खेल रही हैं और भारतीय टीम का हिस्सा हैं। दिल्ली में हुए पहले खो-खो विश्व कप में उनके शानदार प्रदर्शन ने टीम को जीत दिलाई।

### कुकुमसेरी में लगी आरएएमपी कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** केंद्र सरकार की एक पहल के रूप में 28-29 मार्च को गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज कुकुमसेरी में दो दिवसीय राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई प्रोग्राम (आरएएमपी) कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यशाला आईआईटी मंडी कैटालिस्ट द्वारा आयोजित की गई थी, जो एक प्रमुख प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेटर है। स्टार्टअप से उद्यमिता को बढ़ावा देना और डिजिटल मार्केटिंग कार्यक्रम के मुख्य विषय रहे। आईआईटी मंडी कैटालिस्ट के रिसोर्स पर्सन कुशल दीप जोगोटा और मनीष ने उपरोक्त विषय पर छात्र-छात्राओं के साथ दो दिन तक चर्चा की। आरएएमपी कार्यशाला में विशेषज्ञ सत्र, इंटरैक्टिव चर्चा और हाथों-हाथ प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल थे, जिससे प्रतिभागियों को व्यापक ज्ञान और अनुभव प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में छात्रों, उद्यमियों और उद्योग विशेषज्ञों को एक साथ लाया गया, जिससे वे अपने ज्ञान, विचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा कर सकें। आईआईटी मंडी कैटालिस्ट ने क्षेत्र में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपने मजबूत नेटवर्क के साथ, जिसमें मेंटर, निवेशक और उद्योग भागीदार शामिल हैं, कैटालिस्ट स्टार्टअप और उद्यमियों के लिए एक समर्थन पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करता है जिससे वे विकसित हो सकें और समृद्ध हो सकें। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रत्नेश त्रिपाठी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रो. डॉ. अक्षय कुमार, प्रो मनोज कुमार, प्रो. सालिक राम यादव, गणेश कुमार, माया देवी, रमेश कुमार, श्याम लाल, अजीत कुमार, गौतम सिंह, धर्म देई, अजीत इत्यादि एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

# नवरात्र : फूलों से सजे जिले के मंदिर

## भक्त मां से सुख-शांति का लेंगे आशीर्वाद, पुलिस ने मुख्य देवालयों में सुरक्षा व्यवस्था की चाक-चौबंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**देवभूमि** कुल्लू के देवालयों में मां दुर्गा के नौ अवतारों को समर्पित चैत्र नवरात्रों का रविवार से शुभारंभ होने के साथ रौनक लौटेगी। जिला के कुल्लू, भुंतर, मनाली, पतलीकूहल, मणिकर्ण, आनी व बंजार स्थित माता के सभी मंदिर विशेष तौर पर सजाए गए हैं। देवालयों में रविवार को पहले दिन भक्तों का काफिला उमड़ने और नौ दिनों तक नवरात्रों के दौरान जिला के सभी देवालयों में खूब रौनक रहेगी।

पहले दिन रविवार को मां दुर्गा के अवतार शैलपुत्री की पूजा अर्चना के लिए जिला के लोग देवी देवताओं के दरबार में जाकर माथा टेकने पहुंचेंगे। नवरात्र के लिए जिला के देवालय फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजा दिए गए हैं। जिला की रूपी घाटी की बात करें तो यहां के शमशी में स्थित ज्वाला माता के दरबार, मणिकर्ण में नैणा माता, कुल्लू के ऐतिहासिक भेखली स्थित माता भुवनेश्वरी, सरवरी में माता शीतला, रामशिला स्थित माता वैष्णो मंदिर में रविवार को अधिक चहल-पहल रहेगी। लगघाटी के खलाड़ानाला स्थित माता के मंदिर, मनाली में हिडिंबा माता, दुर्गा माता व आनी के पच्छला दुर्गा देहूरीव बाड़ी दुर्गा चखाना दुर्गा सहित अन्य और बंजार के विभिन्न मंदिरों में रविवार से नवरात्रि की धूम रहेगी। हालांकि मंदिर के जीर्णोद्धार के चलते इस बार श्रद्धालु माता हिडिंबा के दर्शन नहीं कर सकेंगे। नवरात्र के लिए जिले के मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए तैयारियां की जा रही हैं।



**मंदिर के जीर्णोद्धार के चलते इस बार श्रद्धालु नहीं कर सकेंगे माता हिडिंबा के दर्शन**

उधर, जिला पुलिस की ओर से मुख्य देवालयों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है। बाहर से आने-जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। वहीं, मंदिरों में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर कमेटी की ओर से भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। जिले के लोगों को नवरात्र का बेसब्री से इंतजार रहता है। माता के लिए रखी गई मन्नत को पूरा करने और चढ़ावे के लिए चुनरी, नारियल और अन्य सामान की खरीदारी श्रद्धालुओं ने शुरू कर दी है। जिला मुख्यालय कुल्लू की समिता मधु, कुसुम, विमला ठाकुर, रिद्धि, दिव्या, आशा ने बताया कि वह परिवार के साथ नवरात्रों में माता के दर्शन करने जाएंगी और माता रानी से सुख-शांति का आशीर्वाद लेंगी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुल्लू संजीव चौहान ने कहा कि नवरात्र के लिए सभी पुलिस थानों और चौकियों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। जिला देवी-देवता कारदार संघ के अध्यक्ष दोत राम ठाकुर ने कहा कि नवरात्र में घाटी में धार्मिक पर्यटन के बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि नवरात्र के दौरान माता दशमी वारदा के मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। लिहाजा, कुल्लू जिला में माता के मंदिर चैत्र नवरात्रि के लिए सज गए हैं।

## 800 मीटर दौड़ में गौरव ठाकुर ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शमशी में छात्र वर्ग की इंटर ट्रेड खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन कई रोमांचक मैच हुए। एथलीट इवेंट में 800 मीटर रेस में गौरव ठाकुर (टैगोर हाउस) प्रथम, विवेक ठाकुर (टैगोर हाउस) द्वितीय, पियूष राज (भगत सिंह हाउस) तृतीय स्थान पर रहे जेवलिंथ्रो में गौरव ठाकुर (टैगोर हाउस) प्रथम, विवेक ठाकुर (टैगोर हाउस) द्वितीय, पियूष राज (भगत सिंह हाउस) तृतीय स्थान पर रहे शॉट पुट में रोशन लाल (स्वामी विवेकानंद हाउस) प्रथम, नवीन (जवाहर लाल नेहरू हाउस) द्वितीय, नीरज (चंद्रशेखर आजाद हाउस) तृतीय स्थान पर रहे। डिस्कस थ्रो में नीरज (चंद्रशेखर आजाद हाउस) प्रथम, रोशन लाल (स्वामी विवेकानंद हाउस) द्वितीय, नवीन (जवाहर लाल नेहरू हाउस) तृतीय स्थान पर रहे। हाई जंप में राहुल प्रथम, डिंपल द्वितीय, कमल तृतीय स्थान हासिल किया। लॉन्ग जंप में रवि प्रथम, कर्ण द्वितीय, अंकित तृतीय स्थान हासिल किया। खो-खो और कबड्डी के मैच में चंद्रशेखर आजाद हाउस ने स्वामी विवेकानंद हाउस को खो-खो में हराया और टैगोर हाउस ने चंद्रशेखर आजाद हाउस को खो-खो में हराया जबकि जवाहर लाल नेहरू हाउस ने भगत सिंह हाउस को खो-खो में हराया तथा जवाहर लाल नेहरू हाउस ने अटल बिहारी बाजपाई हाउस को कबड्डी में हराया। बैडमिंटन और वॉलीबाल के मैच में टैगोर हाउस ने महात्मा गांधी हाउस को बैडमिंटन में हराया। अटल बिहारी बाजपाई हाउस ने स्वामी विवेकानंद हाउस को वॉलीबाल में हराया।

## कल काजा में स्नो फेस्टिवल में बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगी अनुराधा राणा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

**जिला** लाहौल एवं स्पीति की विधायक अनुराधा राणा 30 मार्च से 3 अप्रैल तक स्पीति प्रवास पर रहेंगी। विधायक अनुराधा राणा 31 मार्च को जिला लाहौल-स्पीति के उपमंडल काजा के पिन वैली के सगनम में आयोजित हो रहे एक दिवसीय स्नो फेस्टिवल में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगी।

**आज से स्पीति प्रवास पर रहेंगी विधायक**

विधायक एक व दो अप्रैल को मुख्यालय काजा में विभिन्न विभागों के साथ बैठक करेंगे। कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त स्पीति शिखा ने विधायक के दौरे को लेकर तैयारियों के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधायक एक अप्रैल को सुबह 11 बजे अतिरिक्त उपायुक्त काज़ा के कांफ्रेंस हॉल में लाभार्थियों को एफआरए प्रमाण पत्र वितरित करेंगी और उसके पश्चात दोपहर 12 बजे साडा की बैठक की अध्यक्षता करेंगी और दोपहर दो बजे खंड विकास अधिकारी काज़ा के कार्यालय में विकास खंड काज़ा द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। विधायक दो अप्रैल को 11 बजे लोक निर्माण विभाग काजा के कार्यालय में विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

## भाषण स्पर्धा में ऋषि राज अव्वल

**अनंत ज्ञान, मनाली।** डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के परिसर में हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय में बनाए गए चारों सदनों आर्यभट्टा, दयानंद, हंसराज और टैगोर में से कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रत्येक सदन से दो विद्यार्थियों को चुना गया था। प्रत्येक प्रतिभागी ने दिए गए विषय 'परिश्रम सफलता की कुंजी' तथा 'समय का महत्व' पर अपने विचार सुंदर रूप से आत्मविश्वास सहित प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में आर्यभट्ट सदन से ऋषि राज प्रथम स्थान पर रही, टैगोर सदन से शनाया दूसरे स्थान पर तथा हंसराज सदन से अनुष्का वर्मा तीसरे स्थान पर रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य आरएस राणा ने विजेताओं के साथ-साथ प्रतिभागियों को उत्कृष्टता के साथ खुद को प्रदर्शित करने के लिए बधाई दी। प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को प्रमाणपत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी छात्रों को आगामी प्रतियोगिताओं में भी जोश और उत्साह के साथ आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया ।

## कुल्लू की श्रुति कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता पुरस्कार से सम्मानित



*अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू जिला के कलैहली से संबंध रखने वाली श्रुति कश्यप को सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान के लिए इनटैक और क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में विधायक आरएस बाली (नगरोटा) ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और श्रुति कश्यप को अवार्ड देकर सम्मानित करते हुए श्रुति के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पद्मश्री विजेता डॉ. क्षमा मेट्रे, (चिन्मय ग्रामीण विकास संगठन) की संस्थापक, ने भी श्रुति के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों और संघर्ष की सराहना की। विशेष रूप से क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला की पूरी टीम को इस मंच के लिए धन्यवाद दिया गया, जिन्होंने स्वास्थ्य और सामुदायिक सेवा में योगदान का अवसर प्रदान किया।*

# पर्यटन ढांचे को सुधारने में सरकार नहीं गंभीर : रोशन

## हिमाचल में पर्यटन को बचाने के लिए समर्पित पर्यटन मंत्रालय की जरूरत

**अनंत ज्ञान, मनाली**

**होटल** एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि अपनी अपार पर्यटन क्षमता के बावजूद हिमाचल प्रदेश पिछले कुछ वर्षों में पर्यटन क्षेत्र में गति बनाए रखने में संघर्ष कर रहा है। अधिकांश राज्य पर्यटन विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं लेकिन भारत के सबसे लोकप्रिय पहाड़ी स्थलों में से एक हिमाचल में एक स्वतंत्र पर्यटन मंत्रालय तक नहीं है।

उन्होंने कहा कि मनाली को भी बुनियादी ढांचे से जुड़ी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें क्षतिग्रस्त और संकरी सड़कें, छोटी सड़कों पर यातायात का बढ़ता दबाब, अपर्याप्त पार्किंग, कमजोर हवाई सेवा, बिजली की समस्या, स्वच्छ पेयजल की समस्या, पर्यटकों द्वारा कूड़ा फेंकना और अपर्याप्त कचरा निपटान शामिल हैं। ठाकुर ने कहा कि सरकार बुनियादी ढांचे के विकास और पर्यटन-समर्थक नीतियों के माध्यम से वास्तविक बदलाव ला सकती है। पड़ोसी राज्यों पंजाब और हरियाणा सहित अधिकांश राज्यों में समर्पित पर्यटन मंत्री हैं, जबकि हिमाचल में ऐसा नहीं है।

बागवानी और कृषि के बाद, पर्यटन हिमाचल के लोगों की आय का सबसे बड़ा स्रोत है और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में इसका बड़ा हिस्सा है। पर्यटकों की चिंताओं में से एक कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग है जो ब्यास नदी की बाढ़ के बाद क्षतिग्रस्त हो गया है। एनएचएआई की अनदेखी सभी पर भारी पड़ रही है।

### पर्यटन को पुनर्जीवित करने के लिए उठाएं कदम

**रोशन** ठाकुर ने कहा कि मनाली में सभी श्रेणियों के हजारों होटल होने के बावजूद यह क्षेत्र उच्च श्रेणी के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए आज भी संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि पर्यटन को पुनर्जीवित करने और बढ़ाने के लिए गंभीर कदम नहीं उठाए गए तो मनाली अन्य राज्यों और अंतरराष्ट्रीय स्थलों से पर्यटन में और पिछड़ जाएगा। ठाकुर ने कहा कि एक पर्यटन मंत्री का स्वतंत्र कार्यभार होने से हितधारकों को सरकार के साथ सीधे समस्याओं और संभावित समाधानों पर चर्चा करने में आसानी होगी। वैश्विक पर्यटन माडल पर चर्चा करते हुए ठाकुर ने भारत के साथ अपने संबंधों में सुधार के बाद मालदीव की अपनी हालिया यात्रा के बाद उनके पर्यटन बुनियादी ढांचे के विश्लेषण से प्राप्त कुछ बातें मीडिया के साथ साझा की। पर्यटन पर निर्भर एक छोटा राष्ट्र होने के बावजूद मालदीव में एक पर्यटन मंत्री, एक पर्यटन राज्य मंत्री और एक दर्जन पर्यटन उप-मंत्री हैं जो विशेष रूप से पर्यटन विकास पर काम कर रहे हैं।



# 182 कानूनी संरक्षकों की हो चुकी है नियुक्ति : उपायुक्त



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**उपायुक्त** कुल्लू तोरुल एस रवीश ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की मानसिक मंदता, ऑटिज्म, सेरीब्रल पाल्सी और बहु-विकलांगता के शिकार व्यक्तियों के कल्याण के लिए बनाए गए राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के अंतर्गत स्थानीय समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जानकारी दी गई कि अभी तक जिला में 182 कानूनी संरक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। बैठक में मानसिक मंदता, ऑटिज्म, सेरीब्रल पाल्सी और बहु-विकलांगता के शिकार व्यक्तियों के कानूनी संरक्षक नियुक्त करने के लिए नय 12 आवेदनों को चर्चा के पश्चात अनुमोदित किया गया। बैठक की कार्रवाई का संचालन जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने किया। बैठक में जिला न्यायवादी कुलभूषण गौतम, एसपी संजीव चौहान व अन्य अधिकारी तथा गैर सरकारी संस्था संरक्षक उपस्थित थे।

**स्थानीय समिति की बैठक में बोले तोरुण एस रवीश**

## बैल्डिंग का कार्य करने से पहले बिजली बोर्ड से लेनी होगी अनुमति

**अनंत ज्ञान, बंजार।** अब अगर किसी को अपने घर मे बैल्डिंग का कार्य करवाना होगा तो उसके लिए पहले बिजली बोर्ड से अनुमति लेनी पड़ेगी। बिजली बोर्ड के उपमंडल बंजार के सहायक अभियंता ई. शशिकांत ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी करते हुए उपभोक्ताओं को यह निर्देश जारी करते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं को अपने घरों में बैल्डिंग का कार्य करने से पहले बिजली बोर्ड से अनुमति लेना जरूरी है। वहीं, उन्होंने सभी उपभोक्ताओं को यह भी निर्देश जारी किए हैं कि घर में अगर आप मोबाइल बैल्डिंग सैट का उपयोग करेंगे, तो आपको प्रतिदिन के हिसाब से 200 रुपए फीस अतिरिक्त देनी होगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई उपभोक्ता बिना अनुमति के घर पर बैल्डिंग सैट चलाता पकड़ा जाता है तो उसे 350 रुपए जुर्माना प्रतिदिन के हिसाब से देना होगा। उन्होंने बताया कि बोर्ड के कर्मचारियों को बार-बार शिकायतें मिल रही थीं कि घरों में बैल्डिंग सैट चलाने से लोड की समस्या बढ़ती जा रही थी, जिसके बाद बिजली बोर्ड ने यह फैसला लिया है।

# संगम युवक मंडल शामन दुआडा ने होनहार छात्रों को किया सम्मानित




**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

संगम युवक मंडल गांव शामन दुआडा द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय दुआडा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वार्षिक परिणाम घोषित किए जाने पर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें पांचवी कक्षा में अनुष्का प्रथम, द्वितीय अंजली, तृतीय अवनी रही और चौथी कक्षा में प्रथम राघव, द्वितीय मानवी व हर्षित जबकि तीसरे पर मनकुमारी, सुनिता। वहीं, तीसरी कक्षा में प्रथम महेश, द्वितीय दिव्यांगना, राम चन्द्र जरयाल, तृतीय कुंज और दूसरी कक्षा में प्रथम लक्षित, द्वितीय समीक्षा, अनुभव, तृतीय हरि और पहली कक्षा में प्रथम अनाया, द्वितीय विकास, तृतीय पारीपन और कक्षा यूकेजी में प्रथम आशीष, दीक्षा जरयाल, द्वितीय-राशिका, कार्तिक तृतीय पूर्ववंशी, एलकेजी में प्रथम सानती द्वितीय वंश, तृतीय रिशु और नर्सरी कक्षा में प्रथम गौरव द्वितीय एंजेलिना तृतीय स्थान पासंग ने प्राप्त किया।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव हीरा लाल और वार्ड प्रधान देव प्रकाश गोयल और संगम युवक के प्रधान प्रवीण कुमार, उप प्रधान मनीष, सूरज बादल, अविनाश, कर्मचन्द्र, श्याम चन्द आदि मौजूद रहे।

वहीं युवक मंडल के प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि युवक मंडल का इस कार्यक्रम करने का मुख्य उद्देश्य है कि बच्चे पढाई की ओर आकर्षित हो उनमें पढ़ाई के प्रति भावना बढ़ें।

**कार्यक्रम** सिस्सू में आयोजित स्नो फेस्टिवल में उपायुक्त राहुल बतौर मुख्य अतिथि बोले-

# स्नो यति फेस्टिवल से मिलेगा पर्यटन को बढ़ावा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

**उपायुक्त** लाहुल-स्पीति राहुल कुमार ने कहा है कि जिला में सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। इसके लिए स्नो यति उत्सव एक अच्छी शुरुआत है। इससे सतत पर्यटन की नींव रखी गई है जोकि पर्यटन विकास की दिशा में एक कारगर कदम साबित हो रहा है। वह शनिवार को सिस्सू में आयोजित स्नो फेस्टिवल में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि एक महीने से भी ऊपर के कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि अगले वर्ष स्नो फेस्टिवल के दौरान और बेहतरीन कार्यक्रम जोड़े जाएंगे ताकी पर्यटन व्यवसाय को और अधिक बल मिल सके। आज कार्यक्रम का आगाज लामाओं द्वारा विधिवत रूप से पूजा-अर्चना से किया। इससे पूर्व उपायुक्त शोभायात्रा में भी शामिल हुए और स्नो वॉलीबाल, तीरंदाजी, स्नो बाल हीटिंग प्रतियोगिताओं का भी उन्होंने शुभारंभ किया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागीय प्रदर्शनियों, स्वयं सहायता समूहों के लजीज व्यंजनों तथा हस्त उत्पादों के स्टॉल का भी उन्होंने अवलोकन किया। उन्होंने पर्यटकों से आह्वान करते हुए कहा कि सैलानी लाहुली उत्पादों की खरीद कर प्रोत्साहित अवश्य करें। यति स्नो फेस्टिवल आयोजन समिति के नोडल अधिकारी डीएफओ अनिकेत वनवे ने उपायुक्त राहुल कुमार व सहायक आयुक्त संकल्प गौतम तथा एसडीएम रजनीश शर्मा को भी हिमाचली टोपी व खतक पहन कर सम्मानित किया। लाबरंग गोम्पा कमेटी के सक्रिय कार्यकर्ता राजेश चंद ने भी अपने विचार रखें और जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार का भी आयोजन करवाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान उपायुक्त लाहुली गरफी नृत्य-महानाटी में भी शामिल हुए और विदेशी सैलानियों ने भी जमकर नाटी का लुत्फ उठाया। स्थानीय महिला मंडल व एकलव्य विद्यालय कुक्कम सेरी के बच्चों सहित लायुल सुर संगम के कलाकारों ने अपनी मनमोहक धुनो से सैलानियों को भरपूर मनोरंजन किया।स्टार कलाकारों में रोजी शर्मा, आकाश ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांधा और सैलानियों को खूब नचाया। इस दौरान स्थानीय लोगों सहित सैकड़ो पर्यटकों ने भी उत्सव का आनंद लिया।



**अगले साल स्नो फेस्टिवल में जोड़े जाएंगे बेहतरीन कार्यक्रम**

# पतलीकूहल में गिरने की कगार पर पेड़, हादसे को दे रहा न्योता

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

**पतलीकूहल** में वर्षा शालिका के समीप एक बड़ा पेड़ अंदर से खोखला हो गया है, जो गिरने की कगार पर है। यह पेड़ इतना बड़ा है कि इसके गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है। कुछ दिनों पहले तेज हवा के कारण यह पेड़ गिरने के कगार पर था, लेकिन हवा रुकने से बड़ा हादसा होने से टल गया।

गौर रहे कि पतलीकूहल चौक स्थित वर्षा शालिका के साथ कई दुकानदार तकरीबन सात से आठ खोखन में अपना कारोबार चलाते हैं। वहीं वर्षा शालिका में भी कुल्लू की ओर जाने वाली सवारियां बसों इंतजार करती हैं। लोगों को डर है कि अगर यह पेड़ गिर गया, तो इससे बड़ा नुकसान हो सकता है। वर्षा शालिका के पास रहने वाले लोगों ने बताया कि यह पेड़ कई सालों से खड़ा है, लेकिन अब यह अंदर से खोखला हो गया है। उन्होंने वन विभाग से अपील की है कि इस वृक्ष को हटाया जाए, ताकि बड़ा हादसा होने से बचा जा सके।

**दुकानदारों व लोगों ने वन विभाग से की पेड़ को काटने की मांग**



> **इस** बारे में वन रक्षक को सूचित किया गया है और मौके का दौरा करने को कहा है। जल्द ही इस पेड़ को इस जगह से हटा दिया जाएगा और लोगों को हादसे का डर नहीं रहेगा।
>
> **-टीटू, वन क्षेत्र अधिकारी पतलीकूहल।**

## न्यूज ब्रीफ

### नशा तस्करों की 5 करोड़ की संपत्ति जब्त

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ एक व्यापक और प्रभावी अभियान चलाया है, जिसके तहत न केवल नशे की सप्लाई चेन को तोड़ा गया बल्कि तस्करों की संपत्ति भी जब्त की गई। इस विशेष अभियान के तहत 2023 से अब तक 157 मामलों में कार्रवाई करते हुए 345 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। अधिक जानकारी देते हुए एसपी गौरव सिंह ने बताया कि 'जिला सोलन पुलिस ने नशा मुक्त समाज की स्थापना के लिए एक व्यापक अभियान चलाया है। वर्ष 2024 में पहली बार तस्करों की संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई की गई, जिसमें अब तक 15 आरोपियों की 5 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। इस अभियान में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र, असम समेत अन्य राज्यों से 120 से अधिक सप्लायर गिरफ्तार किए गए हैं।

### कशलोग स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** शारदा पब्लिक स्कूल कशलोग में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय के मुख्याध्यापक तरुण गांधी ने बताया कि स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा,जो विद्यार्थियों और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। विद्यालय के नए शैक्षणिक सत्र के लिए 1 अप्रैल से प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस अवसर पर मुख्याध्यापक तरुण गांधी ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार विद्यालय में दिव्यांग,सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए 25 प्रतिशत सीटें निशुल्क शिक्षा के लिए आरक्षित रखी गई हैं। इस प्रकार शारदा पब्लिक स्कूल कशलोग समाज के वंचित वर्गों को शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### शिक्षा संवाद व पुस्तकालय प्रदर्शनी का आयोजन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम, शिक्षा संवाद और पुस्तकालय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य हंसराज शर्मा और एसएमसी प्रधान दीपक गजपति की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सबसे पहले पुस्तकालय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यापकों और अभिभावकों ने भाग लिया। इसके बाद प्रधानाचार्य हंसराज शर्मा ने सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम घोषित किया और सफल छात्रों को बधाई दी। उन्होंने असफल छात्रों को भी प्रेरित किया और उन्हें अगले वर्ष बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कहा। कार्यक्रम में एसएमसी प्रधान दीपक गजपति ने सभी का सहयोग के लिए धन्यवाद किया, जबकि प्रधानाचार्य हंसराज शर्मा ने अगले सत्र में होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी।

### पांवटा साहिब कॉलेज की हिमांशी के 84% अंक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा घोषित एमबीए प्रथम सेमेस्टर के परिणाम में पांवटा साहिब कॉलेज ने शानदार उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय के सभी 38 छात्रों ने परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। हिमांशी ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि समृद्धि चौहान ने 83.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान और सुमन चौधरी ने 82.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

### बुघार स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुघार का सत्र 2024-25 के लिए वार्षिक परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य रेखा राठौर ने विद्यालय प्रबंधन समिति प्रधान खेम राज ठाकुर, विद्यार्थियों, अभिभावकों,विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों व अध्यापकों की उपस्थिति में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा छठीं, सातवीं, आठवीं, नवीं और कक्षा ग्यारहवीं का वार्षिक परिणाम घोषित किया। वार्षिक परिणाम में बेटियों का दबदबा रहा।

### गर्ल्स स्कूल सराहां का रिजल्ट सराहनीय

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहां में शनिवार को शिक्षा संवाद हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में लगभग 60 अभिभावकों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इसके साथ ही कक्षा नवीं और ग्यारहवीं का परीक्षा का वार्षिक परिणाम भी घोषित किया गया। शिक्षा संवाद के अवसर पर एसएमसी प्रधान शीतल शर्मा तथा कार्यवाहक प्रधानाचार्य द्वारा शिक्षा के महत्वपूर्ण बिंदु अभिभावकों के समक्ष रखे गए व उनके सुझाव भी लिए गए । इसके साथ ही कक्षा 9वी और 11वीं का वार्षिक परिणाम बहुत ही सराहनीय रहा। दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा नवी में रिद्धिमा चौहान ने 96 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया प्रियांशी ठाकुर 86 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रही तथा मीनाक्षी शर्मा 80 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। 11वीं कक्षा में तान्या तोमर 90 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान पर, साक्षी 89 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान पर तथा तमन्ना 85 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही।

### 120 प्रशिक्षुओं को बांटे प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, सोलन।** केंद्र सरकार द्वारा युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए जन शिक्षण संस्थान खोले गए हैं। सोलन स्थित बने जन शिक्षण संस्थान ने शनिवार को अपना दीक्षांत समारोह आयोजित किया। जिसमें जिला सोलन के करीब 1800 बच्चों को प्रशिक्षित किया गया। सोलन स्थित जन शिक्षण संस्थान के 120 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस शिक्षण संस्थान में बेरोजगार युवाओं को तीन माह का विभिन्न तरह का प्रशिक्षण दिया जाता है। जिस से युवा हाथ का हुनर प्राप्त कर स्वरोजगार की और बड सके। इस योजना के तहत सात तरह का प्रशिक्षण युवाओं को निःशुल्क दिया जाता है। जन शिक्षण संस्थान सोलन के निदेशक हरविन्द्र वर्मा ने बताया कि भारत सरकार की जन शिक्षण योजना के तहत युवाओं को कौशल प्रदान किया जाता है। इस वितीय वर्ष में 1800 बच्चों को प्रशिक्षित किया गया। जिनमें से 120 युवाओं को प्रमाण पत्र दिए गए।

### पत्रकारों पर दिए बयान की कड़ी निंदा की

**अनंत ज्ञान, सराहां।** बड़सर के विधायक द्वारा पत्रकारों के प्रति दिए गए अशोभनीय बयान को लेकर प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट ने कड़ी आपत्ति जताई है। प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर रणेश राणा, महामंत्री डॉक्टर रूप किशोर ठाकुर, प्रदेश संगठन मंत्री गोपाल दत्त शर्मा, कोषाध्यक्ष ओमपाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुमित शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, एनयूजेआई इंडिया के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शशि भूषण पुरोहित, जोगेंद्र देव आर्य ने जारी बयान में कहा कि विधानसभा सभा में इस तरह से पत्रकारों का मजाक उड़ाना लोकतंत्र के चौथे की गरिमा को ठेस पहुंचाना है। किशोर ने कहा कि अगर किसी पत्रकार ने विधायक से विज्ञापन लिया तो उसको समाचार पत्र में छापा जाता है ना कि पत्रकार उस पैसे का निजी तौर पर प्रयोग करता है और वही दूसरी तरफ पत्रकार वर्ष भर उन्हीं विधायकों के समाचार व फोटो निःशुल्क छापता है । इस तरह की ब्यानबाजी एक चुने हुए विधायक को शोभा नहीं देती।

## हवलदार जतिंद्र के परिजनों को सौंपा बीमा राशि का एक करोड़ रुपए का चेक




**अनंत ज्ञान, सोलन**

**उपायुक्त** सोलन मनमोहन शर्मा तथा पंजाब नेशनल बैंक सोलन के मंडल प्रमुख दया नंद कर्दम ने शनिवार को भारतीय सेना की जम्मू एंड कश्मीर राईफल्स के हवलदार स्वर्गीय जतिंद्र सिंह के परिजनों को बीमा राशि के रूप में एक करोड़ रुपए का चेक प्रदान किया।

इस अवसर पर बैंक के मंडल प्रमुख दया नन्द कर्दम ने कहा कि बैंक द्वारा सभी वेतन कर्मचारियों को अधिकतम 50 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा तथा सभी सैनिक, अर्धसैनिक व अग्निवीर सैनिकों को सामान्य दुर्घटना में अधिकतम 01 करोड़ रुपए तथा वायु दुर्घटना में अधिकतम 1 करोड़ 85 लाख रुपए का बीमा प्रदान किया जाता है।

### देश सदैव अपने सैनिकों का रहेगा ऋणी : डीसी

**डीसी** मनमोहन शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि देश सदैव अपने सैनिकों का ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार ज़िला प्रशासन सोलन ज़िला के सेवारत एवं सेवानिवृत सैनिकों को समय-समय पर विभिन्न सहायता प्रदान करता है और उनकी समस्याओं के समयबद्ध निपटारे के लिए सजग है। उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा सैनिकों के आश्रितों की सहायता के प्रयास सराहनीय हैं।

## नवरात्र को लेकर दुल्हन की तरह सजा शूलिनी मंदिर

### आसानी से मां के दर्शन करने के लिए मंदिर के द्वार पर होमगार्ड के जवान तैनात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

**रविवार** से शुरू हो रहे चैत्र शुक्ल प्रतिपदा यानी हिंदू नववर्ष और देवी नवरात्रि के पावन पर्व हो लेकर सोलन में लोगों में खासा उत्साह है। नववर्ष को लेकर यहां की अधिष्ठात्री देवी माता शूलिनी के मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। इस बार हजारों को संख्या में श्रद्धालु देवी दर्शन को पहुंचने की संभावना है। नववर्ष को लेकर शूलिनी मंदिर दुल्हन की तरह सजाया गया है। श्रद्धालुओं को माता के दर्शन में करने में आसानी हो इसके लिए मंदिर के द्वार पर होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे। यही कारण है कि मंदिर में नवरात्रों के दौरान श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ने वाली है। नए साल के पहले दिन स्थानीय सहित बाहरी राज्यों के सैकड़ों लोगों ने मां के दर्शन को पहुंचेंगे। इस दौरान लोगों ने नए वर्ष की शुभकामनाओं के लिए मां से आशीर्वाद लेने पहुंचते है। बता दें कि शूलिनी देवी सोलन सहित आसपास के क्षेत्र की कुलदेवी हैं। मंदिर के पुजारी का कहना है कि इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन को पहुंच सकते हैं।



#### मंदिर में चढ़ती है पहली फसल

**मान्यता** अनुसार मां के मंदिर में स्थानीय लोगों सहित किसानों की ओर से उगाई गई फसल के तैयार होने के बाद यहां पर सबसे पहले फसल को चढ़ाया जाता है, जिसके बाद लोग स्वयं अपनी फसलों का सेवन करते हैं। इसी तरह गाय के दूध, घी को भी पहले मां शूलिनी को चढ़ाया जाता है। माता के कल्याणे नए वर्ष पर अपनी फसलों, स्वास्थ्य सहित सुख-शांति की कामना लिए मंदिर में विशेष पूजा अर्चना करते हैं। इसी तरह श्रद्धालु भी माता के दर्शन को लेकर आतुर रहते हैं।

#### बघाट रियासत की कुलदेवी

**मां** शूलिनी बघाट रियासत के शासकों की कुल श्रेष्ठ देवी मानी जाती हैं। मंदिर में माता शूलिनी के अतिरिक्त शिरगुल देवता, माली देवता इत्यादि की प्रतिमाएं मौजूद हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार माता शूलिनी 7 बहनों में से एक हैं। अन्य बहनें हिंगलाज देवी, जेठी ज्वाला जी, लुगासना देवी, नैना देवी और तारा देवी के नाम से विख्यात हैं। माता शूलिनी देवी के नाम से सोलन शहर का नामकरण हुआ था जबकि मां शूलिनी की अपार कृपा से दिन-प्रतिदिन समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहा है।

## समस्याओं का अंबार, समाधान का इंतजार

### नगर निगम के वार्ड-14 में आयोजित समाधान शिविर में लोगों ने बताईं समस्याएं

**आर मोहन चौहान, सोलन**

**स्वच्छ** शहर समृद्ध शहर योजना के तहत नगर निगम सोलन की तरफ से वार्ड क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में लोग लगातार अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रख रहे हैं, लेकिन इसका निपटारा चुनौती बना हुआ है। शहर के वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी में आयोजित समाधान शिविर में भी लोगों ने निगम प्रशासन के समक्ष सड़क, रास्तों, सीढ़ियों, पेयजल, कूड़ा पार्किंग, सीवरेज और आवारा कुत्तों की समस्याएं उजागर की। शनिवार को आयोजित शिविर में नगर निगम की जॉइंट कमिश्नर बिमला वर्मा की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम में पार्षद राजीव कौड़ा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वार्ड में मुख्यता सीवरेज की समस्या का मामला उछला। इसके अलावा वार्ड में लंबित विकास कार्य को लेकर भी लोगों ने निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। वार्ड में समस्याओं का अंबार तो है पर लोगों को अभी भी इसके समाधान का इंतजार है। कमल ऑर्चर्ड रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान के.एल शर्मा ने सोसाइटी की तरफ जाती सीढ़ियों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यहां सीढ़िया इतनी खतरनाक है कि किसी का पांव फिसल जाए तो बचा मुश्किल हो होगा। उन्होंने तत्काल इसका समाधान किए जाने की मांग की। शर्मा ने वार्ड में पानी की समस्या के समाधान एक वाटर टैंक की मांग की।



#### पार्षद ने की सहयोग की अपील

**पार्षद** राजीव कौड़ा ने कहा कि सभी समस्याओं का चरणबद्ध तरीके से समाधान होगा। वार्ड में विकास कार्य प्रगति पर है। ऐसे में लोगों से सहयोग की उम्मीद है।

#### हर समस्या का होगा समाधान

**नगर** निगम की जॉइंट कमिश्नर बिमला वर्मा ने कहा कि निगम हर समस्या के समाधान की कोशिश कर रही है। वर्मा ने कहा कि निगम जल्द आवारा कुत्तों के बढ़ती संख्या को रोकने के लिए नसबंदी अभियान शुरू करने जा रहा है।

#### निगम का पोर्टल नहीं करता काम

**रेजिडेंट** वेलफेयर सोसाइटी हाउसिंग कॉलोनी के सलाहकार पीएल गुप्ता ने निगम के ऑनलाइन पोर्टल का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल काम नहीं करता। इससे पानी और हाउस टैक्स का बिल ऑनलाइन जमा नहीं हो पा रहा है। एचडी बस्सी ने कॉलोनी की खस्ताहाल सड़क का मुद्दा उठाया। संत कुमार चौधरी ने कॉलोनी में खुले में बहती सीवरेज समस्या से निगम की टीम का ध्यानाकर्षित कर इसके जल्द समाधान की मांग उठाई। लोगों ने कॉलोनी में आवारा कुत्तों को समस्या को भी उजागर किया।

#### मरम्मत कार्य न होने पर जताया रोष

**वार्ड** के तहत हाउसिंग कॉलोनी फेज-2 की सोसाइटी के प्रधान रंजन महाजन और गुलाटी ने कॉलोनी में छोटे छोटे मरम्मत कार्य नहीं किए जाने पर रोष जताया। लोगों ने कॉलोनी में सीवरेज और कूड़े की समस्या के समाधान की मांग उठाई। सोसइटी के पदाधिकारियों ने रास्तों और सड़कों के छोटे छोटे कार्य को किए जाने के लिए निगम से बजट के प्रावधान की भी मांग उठाई।

## कल सोलन प्रवास पर मंत्री धनीराम शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 31 मार्च को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 31 माच दोपहर 2.00 बजे देऊंघाट में एक सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत सोलन में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय अस्पताल एवं तृतीय स्तरीय ट्रामा सेंटर तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य इकाई का निरीक्षण करेंगे

## महिलाओं ने सीखा सॉफ्ट टॉय बनाना

**अनंत ज्ञान, सोलन।** यूको आरसेटी सोलन में निशुल्क 13 दिवसीय सॉफ्ट टॉय बनाने के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया जिसमे 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें उनके सॉफ्ट टॉय बनाने सिखाए गए इसके साथ प्रतिभागियों को उद्यमिता विकास जैसे प्रभावी संचार, मार्केटिंग, बैंकिंग, उद्यम प्रबंधन और प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाना भी सिखाया गया। निदेशक यूको आरसेटी सोलन एमईईएनयू बारिया ने बताया कि आगामी समय मे यूको आरसेटी मे, ब्युटी पार्लर, महिला दर्जी, अगरबत्ती बनाना, मशरूम खेती सिखाया जाएगा जिला सोलन के 18 से 45 वर्ष के प्रतिभागी यूको आरसेटी में अपना पंजीकरण करवा सकते है।

## राजकुमार की रॉयल कैरिबियन क्रूज में प्लेसमेंट

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शेड्स कॉलेज सोलन के छात्र राजकुमार की रॉयल कैरिबियन क्रूज में प्लेसमेंट से कॉलेज में खुशी की लहर दौड़ गई है। राजकुमार को रॉयल कैरिबियन क्रूज के कस्टमर सर्विस सुपरवाइजर डिपार्टमेंट में 25 लाख 20,000 सालाना सैलरी पर प्लेसमेंट मिला है। कॉलेज की चेयरपर्सन सुनीता ठाकुर और डायरेक्टर नारायण ठाकुर ने सुनील के परिवार को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## आपदा प्रबंधन को प्रतिनिधि किए प्रशिक्षित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोलन द्वारा पंचायत स्तर पर टास्क फोर्स के गठन के लिए ग्राम पंचायतों के तीसरे बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी सोलन रमेश शर्मा ने की। रमेश शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि आपदा के समय जानो-माल की हानि को न्यून करने में एक प्रशिक्षित व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय प्रभावित क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन में निपुण प्रशिक्षित नागरिक आपदा से होने वाले नुकसान को न केवल कम कर सकता है अपितु मानवीय जीवन बचाने में भी सक्रिय भूमिका निभा सकता है। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को आपदा प्रबन्धन एवं पूर्व आपदा के लिए तैयार करना है।

## किन्नौर पुलिस भर्ती में 60 अभ्यर्थियों ने पास की शारीरिक दक्षता

**अनिल नेगी, रिकांगपिओ।** एसपी किन्नौर ने रिकांगपिओ में प्रेसवार्ता में कहा कि जिला किन्नौर में पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा और शारीरिक मानक परीक्षा दिनांक 27/03/2025 से 29 माच तक आयोजित की गई। इस दौरान कुल 1350 महिला व पुरुष अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त हुए थे। इस भर्ती प्रक्रिया में 864 पुरुष व महिला अभ्यर्थियों ने भाग लिया। 486 महिला व पुरुष अभ्यर्थियों ने इस भर्ती प्रक्रिया में भाग नहीं लिया। जो अभ्यर्थी किसी कारणवश दिनांक 27 व 28 को उपस्थित नहीं हो पाए थे उनके लिए शनिवार को विशेष आयोजन रखा गया था। इस तीन दिवसीय भर्ती प्रक्रिया में इस जिला से 60 पुरुष व महिला अभ्यार्थियों ने ही शारीरिक मानक परीक्षा में सफ लता प्राप्त किया, जिसमें 38 महिला व 22 पुरुष है। न अभ्यर्थियों की लेखन परीक्षा के लिए राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा अलग से तिथि घोषित की जाएगी जिसकी सूचना अभ्यर्थियों को दे दी जाएगी

## परवाणू में हिमुडा ने सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाने की मुहिम की शुरू

**अनंत ज्ञान, परवाणू**

**अतिक्रमण** को लेकर हिमुडा ने शनिवार को पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे हटाने की मुहिम शुरू की जिसकी शुरुआत काली मिट्टी के पास बनी झुग्गियों से की गयी। उच्च न्यायलय के सख्त आदेशों को लेकर यह कार्यवाही की गयी जिसके अंतर्गत परवाणू में झुग्गियों, रेहड़ी खोखों आदि को सरकारी भूमि से हिमुडा द्वारा हटाया जा रहा है। गौर हो की नगर परिषद द्वारा परवाणू में झुग्गियों को पानी व् बिजली की सुविधा मुहैया कराइ जाती है। ऐसे में 2012 में गरीबों के लिए बनाये गए 192 मकान भी इन झुग्गी वालों को वर्षों तक नहीं दिए गए तथा 2023-24 में यह मकान ठेकेदार के माध्यम से किराये पर दे दिए गए। इन झुग्गियों में रहने वाले ज्यादातर लोग ऐसे हैं जिन्होंने मकान के लिए अपने दस्तवेज नगर परिषद में जमा करवाए थे परन्तु नगर परिषद ने राजनीती के तहत यह मकान पात्र गरीबों को नहीं दिए। कार्यवाही के दौरान मौके पर तहसिलदार कसौली, राजस्व विभाग के अधिकारी, हीमुडा के अधिशासि अभियंता, कनिष्ठ अभियता, नगर परिषद व लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी तथा पुलिस दल के साथ कमांडो के जवान व महिला पुलिस दल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए मौजूद रहे।

#### पूर्व सीएम जयराम के निर्देशों को भी नहीं माना

**इन** झुग्गियों में घरों में काम कर अपना परिवार चला रही गुड्डी देवी को भी नप परवाणू की मनमानी के चलते बेघर होना पड़ा। 2020 में पूर्व सीएम जयराम ठाकुर के निर्देशों पर तत्कालीन उपायुक्त सोलन द्वारा नगर परिषद को गुड्डी देवी को मकान देने की सिफारिश की गयी थी, परंतु नप ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। पति विकलांग है व घर का गुजारा करने के लिए घरों में काम करके परिवार का पेट पालती है। इसी प्रकार कई झुग्गियां जो गरीबों के लिए बने मकान के आसरे बैठे थे वो सभी नप के कारण बेघर हो गए।

## चूड़ेश्वर लीजेंड्स सिरमौर क्रिकेट टीम के कप्तान होंगे अक्षय

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट लीग सीजन 3 के लिए चूड़ेश्वर लीजेंड्स सिरमौर की टीम की कमान अक्षय शर्मा को सौंप दी गई है और उन्हें इस टीम का कप्तान बनाया गया है। अक्षय शर्मा एक शानदार ऑलराउंडर है और बड़े स्तर का खिलाड़ी हैं। साथ में मध्यम गति के गेंदबाज नितिन शर्मा को चूड़ेश्वर लीजेंड सिरमौर की टीम का उप कप्तान बनाया गया है। टीम के मालिक विक्रम सिंग्टा और अशोक ठाकुर ने चयनकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि इस बार चूड़ेश्वर लीजेंड सिरमौर की एक बहुत ही संतुलित टीम तैयार की गई है और इस टीम में जहां एक तरफ धीरज ठाकुर जैसे वरिष्ठ व अनुभवी खिलाड़ी टीम में शामिल किए गए हैं वहीं आदित्य ठाकुर जैसे जुझारू और युवा खिलाड़ी भी टीम में चुने गए हैं। विक्रम सिंग्टा और अशोक ठाकुर ने बताया कि इस बार हिमाचल प्रदेश क्रिकेट लीग सीजन 3 के मैच चंडीगढ़ के पंचकूला में करवाए जाएंगे और इस प्रतियोगिता में 20 टीमें भाग लेने जा रही है।



## नशे के खिलाफ ज्ञान विज्ञान समिति और शेड्स कॉलेज के बीच एमओयू



**अनंत ज्ञान, सोलन**

**प्रदेश** ज्ञान विज्ञान समिति सोलन ने यहां के शेड्स कॉलेज के साथ शुक्रवार दोपहर बाद नशे के खिलाफ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। हिमाचल प्रदेश ज्ञान विज्ञान समिति सोलन के अध्यक्ष डॉ. बीएस पंवार और शेड्स कॉलेज सोलन की प्रिंसिपल सुनीता ठाकुर ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए। ज्ञात रहे कि सोलन हिमाचल प्रदेश का सबसे तेजी से विकसित होता शहर है। सोलन जिला प्रदेश में एजुकेशन हब के रूप में उभरा है। यहां के विकास के साथ-साथ युवा नशे के दल-दल में धंसता जा रहा है। नशा यहां महामारी की तरह फैल रहा है। इस दिशा में सरकारी स्तर पर नशे के खिलाफ मुहिम लगातार जारी है।

शेड्स कॉलेज सोलन में होटल प्रबंधन और कानून की शिक्षा दे रही है। इसी कड़ी में ज्ञान विज्ञान समिति सोलन के शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर नशे के खिलाफ युवाओं को तैयार करेगा। साथ ही मास्टर ट्रेनर को तैयार किया जाएगा, जो शिक्षण संस्थानों में जाकर युवाओं को नशे की बुराइयों के बारे में जागरूक करेंगे। इस मौके पर ज्ञान विज्ञान समिति के सीताराम ठाकुर और उर्मिल ठाकुर समेत अन्य भी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** 'विधायक आपके द्वार कार्यक्रम' के तहत मान पंचायत में अवस्थी ने सुनीं समस्याएं

## राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार कार्यरत

**अनंत ज्ञान, सोलन/अर्की**

**अर्की** के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के लिए कार्य कर रही है। संजय अवस्थी ने शनिवार को अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मान के गांव खत्याच बवासी में 'विधायक आपके द्वार कार्यक्रम' के तहत जन समस्याएं सुनने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि सीएम सुक्खू प्रदेश की कठिन आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ-साथ विकास के लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल की लगभग 80 प्रतिशत जनसंख्या आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और प्रदेश सरकार का तीसरा बजट गांव को समृद्ध बनाकर प्रदेश की आर्थिकी को सशक्त बनाने के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा।

उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान मौके पर किया गया और शेष समस्याओं के समयबद्ध समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में मान, मनलोग कलां, चिल्लड़, पंदल, लड़हेच, खतेटा, कंडी, ज्यालंग, भनोन, खत्याची, मंझयार आदि गांव के लोगो की समस्याओं को विधायक ने सुना। उन्होंने नौणी मंझयार उठाऊ पेय जल योजना की वितरण लाइन के सुधार के लिए 3.15 लाख रुपए देने की घोषणा की।

उन्होंने पोखटू व कंडी खेल मैदान के लिए 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने महिला मंडल ज्यालंग के भवन निर्माण के लिए 2 लाख रुपए व समान खरीद के लिए 11 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। विधायक ने स्थानीय संपर्क मार्ग को पक्का करने, बवासी-खत्याच-लोहे की डोरी सिंचाई योजना के लिए प्राक्कलन अनुसार धनराशि उपलब्ध करवाने, ज्यालंग और कंडी में वर्षा शालिका के निर्माण के लिए राशि प्रदान करने का आश्वासन दिया।



#### रिया को सम्मानित

**अवस्थी** ने इटली में आयोजित विशेष ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक विजेता ग्राम पंचायत मान की रिया शर्मा को सम्मानित किया और भावी प्रतिस्पर्धाओं के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने रिया को अपनी ओर से 11 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। उन्होंने ग्राम पंचायत मान बेटनु उठाऊ पेय जल योजना के लिए 14.75 लाख रुपए, मोक्ष धाम ज्यालंग व मंझयार निर्माण कार्य के लिए 1-1 लाख रुपए देने की घोषणा की।












## न्यूज ब्रीफ

### दुबई में नौकरी का झांसा देकर भेजा युवक फंसा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने शनिवार को अंबाला छावनी में अपने आवास पर अंबाला छावनी के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। अंबाला छावनी खटीक मंडी निवासी महिला ने विज को शिकायत देते हुए कहा कि उसके बेटे को दो एजेंटों ने दुबई में अच्छी नौकरी का झांसा देकर भेज दिया। मगर दुबई जाने के बाद उसके बेटे से लेबर का काम कराया जा रहा है, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसका आरोप था कि आरोपियों ने उसके बेटे का पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए हैं। उसने जब एजेंटों से बातचीत की तो एजेंटो ने उससे डेढ़ लाख रुपए मांगे। यह राशि उसने एजेंटों को दी, मगर इसके बाद भी बेटे को आरोपी वापस आने नहीं दे रहे हैं। महिला ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अंबाला आईजी को मामले में जांच के निर्देश दिए। अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को भी अनिल विज ने सुना व कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा भाजपा नेता मौजूद रहे।

### सीएम ने प्रदेशवासियों को दीं नव संवत्सर की शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर के साथ ही चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। चैत्र नवरात्रि को शक्ति की उपासना का पर्व बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की महान परंपरा का प्रतीक है। नवरात्र का यह पर्व समाज में नारी के महत्व और सामर्थ्य को दर्शाता है। इस अवसर पर किया जाने वाला कन्या पूजन नारी शक्ति के महत्व का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने सभी से नारियों के सम्मान की भी अपील की है।

### तिवारी व एचएस लक्की रोजा इफ्तार में हुए शामिल



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सांसद मनीष तिवारी और चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने शनिवार को सेक्टर 26 मस्जिद के सामने मोहम्मद आसिफ चौधरी और बापू धाम कॉलोनी के निवासियों द्वारा आयोजित रोजा इफ्तार में भाग लिया। इस कार्यक्रम में एकता और सांप्रदायिक सद्भाव की भावना के साथ कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक पृष्ठभूमि के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर तिवारी ने चिंतन, करुणा और एकजुटता के समय के रूप में रमजान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रमजान में सहानुभूति, भाईचारे और समावेशिता के मूल्य हमारे सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने के लिए आवश्यक हैं। एचएस लक्की ने इन भावनाओं को दोहराया और एकता और शांति के लिए कांग्रेस पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ हमेशा से सांप्रदायिक सौहार्द का एक शानदार उदाहरण रहा है और आज का इफ्तार हमारी सामूहिक भावना का प्रमाण है।

### राव ने किया शहीद विकास शर्मा की मूर्ति का अनावरण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने शनिवार को अटेली के गांव राता खुर्द में भारतीय वायुसेना के वीर सपूत अमर शहीद विकास शर्मा की मूर्ति का अनावरण किया।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि शहीद विकास शर्मा का यह अदम्य साहस और बलिदान देश सदैव याद रखेगा। कोई भी शहीद किसी गांव या प्रदेश का नहीं बल्कि पूरे देश का होता है। हमें शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए। शहीद विकास शर्मा का जन्म 17 सितंबर, 2000 को गांव राता खुर्द में एक साधारण किसान परिवार में हुआ। वर्ष 2019 में मात्र 19 वर्ष की आयु में वे भारतीय वायुसेना में भर्ती हुए। वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश के आमला में अपने साथी की जान बचाते हुए उन्होंने वीरगति प्राप्त की।

# राजस्थान और हरियाणा का रोटी–बेटी का रिश्ता : सैनी

## सीएम सैनी का राजस्थान के चोमू में सैनी समाज ने किया अभिनंदन

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को राजस्थान के चोमू में सैनी समाज द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन एवं होली मिलन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में भारी संख्या में मौजूद सैनी समाज द्वारा मुख्यमंत्री का फूल मालाओं और पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया गया। समाज द्वारा मुख्यमंत्री को सम्मान सूचक पगड़ी, शॉल व स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि यह सम्मान मेरा नहीं बल्कि आप सब लोगों का है। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि आप सभी ने जो सम्मान की पगड़ी मेरे सर पर रखी है, मैं इस सम्मान को हमेशा ऊंचा करने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान और हरियाणा का रोटी–बेटी का रिश्ता है, आपने मेरा मान बढ़ाया, उसके लिए आप सब का आभार व्यक्त करता हूं। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत और राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत भी मौजूद रहे।

सैनी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब केवल सैनी समाज के नागरिक अभिनंदन में नहीं आए बल्कि यह समारोह एकता, भाईचारा और समरसता का प्रतीक हैं। होली का पर्व रंगों का और खुशियों का पर्व है। यह पर्व हमें सिखाता है कि हम सभी रंगों का भेद भूल करके एकजुट होकर भाईचारे को बढ़ावा दें।

मैं आज एक मुख्यमंत्री के रूप में आपके बीच में नहीं आया हूं बल्कि आपके बेटे और भाई के रूप में अपने परिवार के बीच आया हूं। आप बुजुर्गों, माताओं और नौजवान साथियों के आशीर्वाद से ही मैं आज इस मुकाम पर हूं। आपका यह प्रेम और विश्वास मुझे बिना रुके आप सबसे जोड़ने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि सैनी समाज का इतिहास संघर्ष, त्याग और प्रेम का रहा है। हमारे पूर्वजों ने केवल समाज में महत्वपूर्ण सुधार ही नहीं किए, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में बढ़–चढ़कर अपना योगदान भी दिया, जो अमूल्य है। हमारा समाज सदैव शिक्षा, कृषि और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है, आज सैनी समाज हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहा है।

सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत लगातार विकास की ऊंचाइयां छू रहा है और विश्व में भारत का मान बढ़ा है। (अनंत ज्ञान)

## महापौर और निगम पार्षदों का हुआ पदभार ग्रहण समारोह

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने शनिवार को जिला रोहतक में नवनिर्वाचित नगर निगम महापौर तथा निगम पार्षदों के पदभार ग्रहण समारोह में शिरकत की और सभी को शुभकामनाएं दीं। सभी गणमान्य ने कार्यक्रम के उपरांत नगर निगम कार्यालय पहुंचकर मेयर श्री रामअवतार वाल्मीकि को पदभार ग्रहण करवाया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि रोहतक शहर को ट्रिपल इंजन सरकार द्वारा देश का सबसे सुंदर व स्वच्छ शहर बनाने के लिए नगर निगम की नवनिर्वाचित टीम सभी के साथ मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की लोक हितैषी नीतियों के फलस्वरूप केंद्र व प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनी है। लोकसभा, विधानसभा चुनाव, दिल्ली विधानसभा चुनाव इत्यादि में जीत का परचम लहराया है। इतना ही नहीं, हरियाणा में निकाय चुनावों में भी पार्टी का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी द्वारा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान सबसे लंबा भाषण देने का रिकॉर्ड बनाया है। मुख्यमंत्री द्वारा वित्त मंत्री के रूप में प्रस्तुत किए गए बजट में सरकार द्वारा कोई भी नया कर नहीं लगाया गया है। इस बजट से 36 बिरादरी को उनका पूरा हक मिलेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में 20 वर्ष पुराने 500 वर्ग गज की शामलात भूमि पर बने मकान को नियमित करने का फैसला लिया है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा हर गरीब व्यक्ति के सर पर छत मुहैया करवाने के लिए कदम उठाए गए हैं। शहरी क्षेत्र में पात्र परिवारों को 30 गज का प्लाट व मकान निर्माण के लिए 2.5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, महाग्राम पंचायत में 50 गज का प्लॉट तथा ग्राम पंचायत में 100 गज का प्लॉट दिया जाएगा। इन गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण के लिए आर्थिक सहायता भी दी जाएगी।

## जीडी गोयनका स्कूल में किड्स मैनिया फिएस्टा का आगाज

**अनंत ज्ञान, मोहाली**



जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, मोहाली में जूनियर आरजे हंट और किड्स मैनिया फिएस्टा का शानदार और रोमांचक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 1,500 लोग शामिल हुए, जिनमें छात्र, अभिभावक, रेडियो जॉकी, इन्फ्लुएंसर्स, शिक्षा विशेषज्ञ और कलाकार उपस्थित थे।

यह कार्यक्रम जोश और उत्साह से भरपूर था, जिसमें कई शानदार प्रस्तुतियां और रोचक गतिविधियां शामिल थीं। प्रतिभाशाली छात्रों ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसने अपनी शानदार कहानी से दर्शकों का दिल जीत लिया। 'ट्रैशियोनीस्ता वॉक' में छात्रों ने पुराने कपड़ों से बनाए गए सुंदर और अनोखे परिधानों के जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं, 'दीव सस्टेनेबल हंट' ने बच्चों को नई चीजें बनाने और पर्यावरण के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शानदार डांस प्रस्तुतियों की झलक देखने को मिलीं, जिसमें एक मनमोहक कथक नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए मशहूर हस्ती मिस सिमरन कौर विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतिभागियों की मेहनत और रचनात्मकता को सराहा गया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया। जोश और उत्साह से भरे इस आयोजन में बच्चों की भागीदारी देखने लायक थी। बेहतरीन योजना और शानदार प्रस्तुतियों के साथ, जूनियर आरजे हंट और किड्स मैनिया फिएस्टा ट्राईसिटी का एक अनोखा कार्यक्रम साबित हुआ।

## पीयू के साउथ कैंपस में दो गुटों के झगड़े में युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पीयू के साउथ कैंपस में हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा की स्टार नाइट थी। इसी दौरान युवकों के दो गुटों में झगड़ा हो गया। एक गुट ने दूसरे युवक को चाकू से गोद डाला। उसे पीजीआई में भर्ती करवाया गया जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, वारदात मुख्य स्टेज के पीछे ही हुई थी। म्यूजिक के शोर की वजह से पता नहीं चल पाया। हालांकि मौके पर कई स्टूडेंट्स ने शोर मचाया था, लेकिन म्यूजिक की आवाज की वजह से पुलिस को भी काफी लेट पता चला। घायल छात्र की पहचान आदित्य ठाकुर के तौर पर हुई है, जो मूल रूप से हिमाचल प्रदेश का रहने वाला था। वह यूआईईटी में सेकंड ईयर का स्टूडेंट था।

## फरीदाबाद में अवैध खनन रोकने के लिए कड़ी निगरानी, प्रशासन मुस्तैद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार द्वारा अवैध खनन पर सख्त नियंत्रण बनाए रखने के लिए निरंतर कठोर अभियान चलाया जा रहा है। फरीदाबाद में खनन विभाग और अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीम ने क्रशर जोन पाली से जुड़े क्षेत्रों का अचानक निरीक्षण किया और वाहनों की जांच की। खनन विभाग के एक प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों के तहत, खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग स्वयं विभागीय गतिविधियों की निगरानी कर रहे हैं और आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान कर रहे हैं।

सरकार का मुख्य उद्देश्य खनन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना और अवैध खनन को समाप्त करना है। महानिदेशक के आदेशों के अनुसार, विभागीय टीम पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन कर रही है और सभी आवश्यक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी वाहनों के पास वैध ई–रवाना बिल पाए गए। चेकिंग के दौरान किसी भी स्थान पर अवैध खनन की गतिविधि नहीं पाई गई है, और यदि कहीं भी नियमों का उल्लंघन होता है, तो खनन विभाग की टीम तुरंत आवश्यक कार्रवाई करेंगी। खनन विभाग की टीम राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य मार्गों और अन्य प्रमुख रास्तों पर लगातार सक्रिय रूप से तैनात है।

### डंपर और ट्रैक्टर–ट्रॉली पकड़े 6.35 लाख वसूला जुर्माना

**मुख्यमंत्री** सैनी के निर्देशानुसार जिला महेंद्रगढ़ में पुलिस के सहयोग से खनन कार्यों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जिला में अवैध खनन तथा खनिज के अवैध तरीके से परिवहन को लेकर जिला प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में पिछले तीन दिनों में जिला प्रशासन व मुख्यालय से आई टीम ने 250 वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान राजस्थान से अवैध तरीके से रोड़ी तथा बजरी का परिवहन करते एक ट्रैक्टर-ट्राली तथा डंपर को पकड़ा। इन दोनों वाहनों पर 6.35 लाख रुपए जुर्माना वसूली की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## देश-विदेश

### मणिपुर में सुरक्षाबलों ने 3 उग्रवादी किए गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने घाटी स्थित दो प्रतिबंधित संगठनों के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित 'पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (पीआरईपीएके) के एक सदस्य को काकचिंग जिले के सेकमाइजिन मायाई लीकाई से व प्रोग्रेसिव समूह के एक सक्रिय कैडर को इंफाल पश्चिम जिले के मंत्रिपुखरी से गिरफ्तार किया गया।

### सैफ के हमलावर ने जमानत के लिए किया आवेदन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर बांद्रा स्थित उनके घर में चाकू से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार 30 वर्षीय बांग्लादेशी नागरिक ने जमानत के लिए आवेदन किया है। आरोपी ने दावा किया कि उसके खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया है। सत्र न्यायालय के समक्ष शुक्रवार को दायर याचिका में आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद ने दावा किया कि इस मामले में 'प्रथम सूचना रिपोर्ट सरासर झूठी है और उसके खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया है।'

### सुप्रीम कोर्ट की एनजीटी के आदेश पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें बिहार सरकार पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया था। एनजीटी ने गंगा नदी के प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण से संबंधित मामले में अपने निर्देशों का पालन न करने और उचित सहायता न करने के लिए बिहार सरकार पर यह जुर्माना लगाया था। एनजीटी ने 15 अक्तूबर को पारित अपने आदेश में बिहार के मुख्य सचिव को गंगा नदी में प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों के बारे में उसे अवगत कराने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समक्ष पेश होने का निर्देश दिया था।

### अमेरिकी कोर्ट की कुछ लोगों के निर्वासन पर रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन की ओर से कुछ चुनिंदा लोगों को निर्वासित करने के आदेश पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश ब्रायन ई मर्फी ने फैसला सुनाया कि निष्कासन के अंतिम आदेश वाले लोगों को यह तर्क देने के लिए 'एक सार्थक अवसर' दिया जाना चाहिए कि तीसरे देश में भेजे जाने पर खतरा उस स्तर पर पहुंच जाता है जिसे संरक्षण के योग्य माना जाता है।

### मणिपुर व अफगानिस्तान में लगे भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** मणिपुर के नोनी में शनिवार दोपहर को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.8 मापी गई है। वहीं, अफगानिस्तान में शनिवार तड़के भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। केंद्र ने बताया कि पहला भूकंप तड़के चार बजकर 51 मिनट पर आया, जिसकी तीव्रता 4.3 आंकी गई, जबकि दूसरा झटका तड़के पांच बजकर 16 मिनट पर महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 4.7 थी।

## जम्मू–कश्मीर में वादे के अनुसार बहाल किया जाएगा राज्य का दर्जा : शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जम्मू–कश्मीर का राज्य का दर्जा वादे के अनुसार बहाल किया जाएगा। हालांकि, शाह ने कोई समयसीमा नहीं बताई।

अमित शाह ने कहा कि पिछले साल जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुए थे। राज्य का दर्जा बहाल करने की समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमने आश्वासन दिया है कि राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा, लेकिन सार्वजनिक मंच पर यह नहीं बताया जा सकता कि यह कब दिया जाएगा। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था और तत्कालीन जम्मू–कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया था, तो शाह ने संसद में कहा था कि उचित समय पर जम्मू–कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कश्मीर में 40 साल बाद यह पहला चुनाव था, जिसमें किसी भी स्थान पर पुनर्मतदान नहीं हुआ। एक भी आंसू गैस या गोली नहीं चलाई गई। 60 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, यह बहुत बड़ा बदलाव है। गृह मंत्री से पहले जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा था कि सरकार जम्मू–कश्मीर के लोगों की राज्य के दर्जे की आकांक्षा को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### झारखंड में 28 आईईडी बरामद

**चाईबासा (झारखंड)।** झारखंड में पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित एक गांव के वन क्षेत्र से सुरक्षाबलों ने 28 आईईडी बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान इलाके में नक्सलियों के एक ठिकाने से कुल 23 डेटोनेटर और अन्य विस्फोटक भी जब्त किए गए। अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम ने टोंटो थाना क्षेत्र के जिमकीकिर गांव में लगाए गए परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का पता लगाया। बताया कि बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही आईईडी को निष्क्रिय कर दिया। नक्सलियों के ठिकाने से बारूद के साथ–साथ डेटोनेटर भी जब्त किया है।

## जयपुर में वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति तोड़ने पर मचा बवाल

**एजेंसी, जयपुर**




**राजस्थान** की राजधानी जयपुर में प्रताप नगर के वीर तेजाजी मंदिर में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मूर्ति क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद विहिप और बजरंग दल समेत श्रद्धालुओं ने टोंक रोड पर जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही दोषियों को गिरफ्तार किया जाए।

राजधानी के सांगानेर इलाके में शुक्रवार देर रात एक बड़ी घटना सामने आई, जब प्रताप नगर स्थित वीर तेजाजी मंदिर की मूर्ति को कुछ असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। देखते ही देखते टोंक रोड पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे।

## केंद्र सरकार के कुप्रबंधन ने बैंकिंग क्षेत्र को संकट में धकेला: राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन ने बैंकिंग क्षेत्र को संकट में धकेल दिया है और इस संकट का बोझ बैंकों के कनिष्ठ कर्मचारियों को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने आईसीआईसीआई बैंक के 782 पूर्व कर्मचारियों की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात का हवाला देते हुए यह टिप्पणी की। राहुल गांधी ने शनिवार को 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि भाजपा सरकार ने अपने अरबपति मित्रों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया है। विनियामक कुप्रबंधन के साथ मिलकर सांठगांठ वाले पूंजीवाद ने भारत के बैंकिंग क्षेत्र को संकट में धकेल दिया है।

### मस्क ने 'एक्स' को एक्सएआई को 33 अरब डॉलर में बेचा

**वाशिंगटन।** एलन मस्क ने अपने स्वामित्व वाली सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' को अपनी ही कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी एक्सएआई को 33 अरब डॉलर में बेचने की घोषणा की है। हिस्सेदारी अधिग्रहण के रूप में हुए इस सौदे में शामिल दोनों कंपनियां निजी तौर पर संचालित हैं। मस्क ने 'एक्स' पर कहा कि यह कदम एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमता और विशेषज्ञता को एक्स की व्यापक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को तलाशने में मदद करेगा।

### हसीना पर यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को हटाने की साजिश रचने का मामला दर्ज

**एजेंसी, ढाका**

**बांग्लादेश** पुलिस ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 72 अन्य लोगों पर गृह युद्ध छेड़कर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को हटाने की साजिश रचने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

सीआईडी ने मौजूदा सरकार को गिराने की साजिश रचने के आरोप में ढाका के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में मामला दर्ज किया है। अदालत ने मामले का संज्ञान लेकर सीआईडी को जांच शुरू करने को कहा। सीआईडी ने 19 दिसंबर, 2024 को हुई एक ऑनलाइन बैठक के बारे में जानकारी मिलने के बाद यह मामला दर्ज किया।

## मोदी सरकार ने बैंकों को बना दिया 'कलेक्शन एजेंट' : खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बैंकों की ओर से लगाए जाने विभिन्न शुल्क का उल्लेख करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बैंकों को 'कलेक्शन एजेंट' बना दिया है।

खातों के न्यूनतम बैलेंस से जुड़े शुल्क, एटीम से पैसे की निकासी से संबंधित शुल्क, बैंक स्टेटमेंट संबंधी शुल्क, ऋण लेने की प्रक्रिया से संबंधित शुल्क और कुछ अन्य शुल्कों का हवाला दिया। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मोदी सरकार ने 2018 और 2024 के बीच बचत खातों और जन धन खातों से न्यूनतम शेष राशि बनाए न रखने के कारण कम से कम 43,500 करोड़ रुपए निकाले हैं। सरकार इन शुल्कों से एकत्र की गई राशि का डेटा संसद में उपलब्ध कराती थी, लेकिन अब यह परंपरा भी यह कहकर बंद कर दी गई है कि 'आरबीआई इस तरह के डाटा का रखरखाव नहीं करता है।' उन्होंने आरोप लगाया कि बेतहाशा महंगाई+ बेलगाम लूट=भाजपा का जबरन वसूली मंत्र।'

### मानहानि मामला : मेधा पाटकर की सजा को चुनौती वाली याचिका पर फैसला 4 को

**नई दिल्ली।** दिल्ली के साकेत कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से दाखिल आपराधिक मानहानि के मामले में दोषी करार दी गई नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर की सजा को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला टाल दिया है। शनिवार को एडिशनल सेशंस जज विशाल सिंह के उपलब्ध नहीं होने की वजह से फैसला टाला गया। इस मामले पर फैसला 4 अप्रैल को सुनाया जाएगा। कोर्ट ने 4 मार्च को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान वीके सक्सेना की ओर से पेश वकील ने कोर्ट से मेधा पाटकर को आत्मसमर्पण करने का निर्देश देने का आग्रह करते हुए कहा था कि पाटकर की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

## भारत के साथ व्यापार वार्ता के नतीजे को लेकर आशावादी, मोदी अच्छे दोस्त : ट्रंप

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**



**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'बेहद बुद्धिमान व्यक्ति' और अपना 'बहुत अच्छा दोस्त' बताने के साथ ही कहा है कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार शुल्क पर चल रही वार्ता के बहुत अच्छे नतीजे निकलकर आएंगे।

ट्रंप की यह टिप्पणी विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ से द्विपक्षीय व्यापार पर हुई चर्चा के दिन आई। इस चर्चा के दौरान संतुलित व्यापारिक संबंधों के लिए बाधाओं को कम करने का मुद्दा भी शामिल रहा। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में यहां आए थे और हम हमेशा से बहुत अच्छे मित्र रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी दो अप्रैल से भारत समेत कई देशों पर जवाबी सीमा शुल्क लगाने की अमेरिकी घोषणा पर अमल होने के कुछ दिन पहले आई है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है। यह निष्ठुर है, यह निर्दयी है। वे बहुत बुद्धिमान हैं। वह (मोदी) बहुत बुद्धिमान व्यक्ति हैं और मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही। मुझे लगता है कि भारत और हमारे देश के बीच यह बहुत अच्छा काम करेगा।

## इसरो को एलवीएम–3 के लिए 'सेमीक्रायोजेनिक इंजन' विकसित करने में मिली कामयाबी

**एजेंसी, बेंगलुरु**



**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 2,000 केएन (किलोन्यूटन) के उच्च 'थ्रस्ट' वाले 'सेमी–क्रायोजेनिक इंजन' या 'तरल ऑक्सीजन/केरोसिन (मिट्टी का तेल) इंजन' को विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल करने की घोषणा की है। यह इंजन प्रक्षेपण यान 'मार्क–3' (एलवीएम3) के 'सेमीक्रायोजेनिक बूस्टर' चरण में मदद करेगा।

इसरो ने कहा कि 'सेमीक्रायोजेनिक इंजन' विकसित करने के कार्यक्रम में पहली बड़ी सफलता 28 मार्च को मिली जब तमिलनाडु में महेंद्रगिरि के 'इसरो प्रणोदन परिसर' में 'इंजन पावर हेड टेस्ट आर्टिकल' (पीएचटीए) का पहला तप्त (हॉट) परीक्षण सफल रहा। अंतरिक्ष एजेंसी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि परीक्षण ने 2.5 सेकंड की परीक्षण अवधि के लिए इंजन के सुचारू 'इग्निशन' और 'बूस्ट स्ट्रैप मोड' संचालन को प्रदर्शित किया। उसने बताया कि इस परीक्षण का उद्देश्य 2.5 सेकंड की अल्पावधि में 'हॉट–फायरिंग' करके 'प्री–बर्नर', 'टर्बो पंप', 'स्टार्ट सिस्टम' और नियंत्रण घटकों जैसी महत्वपूर्ण उप–प्रणालियों के एकीकृत प्रदर्शन को प्रमाणित करना था। परीक्षण पूर्वानुमान के अनुसार हुआ और इंजन के सभी मापदंड उम्मीद के मुताबिक रहे। इस सफलता के साथ इसरो पूरी तरह से एकीकृत इंजन के निर्माण से पहले पीएचटीए पर कई परीक्षण करने की योजना बना रहा है।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**निकोलस पूरन**
145




पर्पल कैप
**नूर अहमद**
07



सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
13

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बेंगलुरु | 02 | 02 | 00 | 04 |
| 2. | लखनऊ | 02 | 01 | 01 | 02 |
| 3. | पंजाब | 01 | 01 | 00 | 02 |
| 4. | दिल्ली | 01 | 01 | 00 | 02 |
| 5. | हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 02 |
| 6. | कोलकाता | 02 | 01 | 01 | 02 |
| 7. | चेन्नई | 02 | 01 | 01 | 02 |
| 8. | मुंबई | 01 | 00 | 01 | 00 |
| 9. | गुजरात | 01 | 00 | 01 | 00 |
| 10. | राजस्थान | 02 | 00 | 02 | 00 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### ब्राजील ने विश्व कप क्वालीफायर में शर्मनाक हार के बाद कोच को हटाया

**साओ पाउलो।** ब्राजील के कोच डोरिवल जूनियर को टीम के निराशाजनक प्रदर्शन और खराब नतीजों के कारण 14 महीने के भीतर ही पद से हटा दिया गया। ब्राजील को ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना ने 4-1 से हराया जो विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में उसकी सबसे शर्मनाक हार है। इसके तीन दिन बाद ही ब्राजीली फुटबॉल परिसंघ के अध्यक्ष एडनाल्डो रौड्रिगेस ने जूनियर को हटाने का फैसला किया। उन्होंने मीडिया से कहा,''परिसंघ यह घोषणा करता है कि डोरिवल जूनियर का कार्यकाल पूरा हो गया। अब हम विकल्प की तलाश कर रहे हैं।'' ब्राजील विश्व कप 2026 दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग तालिका में पांचवें स्थान पर है। शीर्ष छह टीमें स्वतः क्वालीफाई करेंगी। ब्राजील पिछले साल कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में उरुग्वे से हारकर बाहर हो गया था।

### दर्शक दीर्घा में मेस्सी, जोकोविच मियामी ओपन फाइनल में



**मियामी गार्डंस (फ्लोरिडा)।** चौथी वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रोव को हराकर मियामी ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश किया तो दर्शक दीर्घा में उनके लिए तालियां बजाने वालों में महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी शामिल थे। जोकोविच ने 14वीं वरीयता प्राप्त दिमित्रोव को 6-2, 6-3 से हराया। अब सातवें मियामी ओपन खिताब के लिए उनका सामना 19 साल के गैर वरीय जाकूब मेंसिक से होगा जिन्होंने तीसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज को 7-6, 4-6, 7-6 से परास्त किया। 37 वर्ष के जोकोविच अगर जीत जाते हैं तो यह उनका सौवां पेशेवर खिताब होगा। कोर्ट पर इंटरव्यू में जोकोविच ने मेस्सी की मौजूदगी का जिक्र किया। मेस्सी मेजर लीग फुटबॉल में इंटर मियामी के लिए खेलते हैं। उन्होंने बताया कि मेस्सी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ लॉकर रूम में भी आए और उन्होंने एक दूसरे को तोहफे दिए।

### भारत का सामना करने के लिए प्रदर्शन में निरंतरता जरूरी : रूट

**लंदन।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट का मानना है कि पांच टेस्ट मैचों की आगामी सीरीज में भारत के खिलाफ प्रदर्शन में निरंतरता रहनी जरूरी है, क्योंकि इसके अलावा ऐसे कठिन प्रतिद्वंद्वी का सामना करने का कोई उपाय नहीं है । भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से करेगी, जिसका पहला मैच 20 जून से हेडिंग्ले में खेला जाएगा। रूट ने कहा,''हम अपने हालात में अच्छा खेलते हैं, लेकिन भारतीय टीम के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में प्रदर्शन में निरंतरता जरूरी होगी। आपको बार बार मैच जीतने वाला प्रदर्शन करना होगा।'' रूट ने कहा,''चैम्पियंस ट्रॉफी में प्रदर्शन खराब रहा। हम अपनी क्षमता के अनुरूप खेल नहीं सके, लेकिन इस टीम में काफी प्रतिभा है।''



### वाटसन बोले-बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आएं महेंद्र सिंह धोनी

**चेन्नई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की रणनीति से हैरान आस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला शेन वाटसन ने कहा कि उन्हें समझ में नहीं आता कि महेंद्र सिंह धोनी बल्लेबाजी क्रम में लगातार नीचे क्यो उतर रहे हैं । चेन्नई को आरसीबी ने 50 रन से हराकर 17 साल बाद चेपॉक पर जीत दर्ज की । धोनी नौवें नंबर पर उतरे और 16 गेंद में नाबाद 30 रन बनाये लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। वाटसन ने कहा,''चेन्नई के प्रशंसक यही देखने आते हैं । धोनी ने 16 गेंद में 30 रन बनाए । मैं चाहूंगा कि वह बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आएं । उन्हें आर अश्विन से पहले आना चाहिए था।'' उन्होंने कहा ,'' मैच उस समय जिस स्थिति में था, धोनी को 15 गेंद और खेलनी चाहिये थी । पिछले कुछ साल से उन्होंने लगातार दिखाया है कि वह अभी भी बेहतरीन बल्लेबाजी कर सकते हैं ।

**आईपीएल** शमी, कमिंस व पटेल के रहते सनराइजर्स का तेज आक्रमण मजबूत

# केएल राहुल की वापसी, दिल्ली की नजरें दूसरी जीत पर

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**

लखनऊ सुपर जाइंट्स पर शानदार जीत दर्ज करने और भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की वापसी के साथ आत्मविश्वास से ओत-प्रोत दिल्ली कैपिटल्स रविवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इस लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी।

अपने अभियान की शानदार शुरुआत के बाद सनराइजर्स को वीरवार को लखनऊ टीम के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा। अब अपने मैदान से बाहर कप्तान पैट कमिंस पर टीम की मोर्चे से अगुवाई का दारोमदार होगा। दूसरी ओर दिल्ली की टीम राहुल की वापसी से मजबूत हुई है। अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण राहुल लखनऊ के खिलाफ पहले मैच से बाहर थे।

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की खिताबी जीत के सूत्रधारों में रहे राहुल को दिल्ली कैपिटल्स ने 14 करोड़ रूपये में खरीदा था। अपने अपार अनुभव के बावजूद उन्होंने कप्तानी नहीं करने का फैसला किया और यह जिम्मेदारी अक्षर पटेल को सौंपी गई। एक समय भारत की हर प्रारूप की टीम के अभिन्न अंग माने जा रहे राहुल पिछले साल टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे। वह आईपीएल में भी लखनऊ के साथ प्रभाव नहीं छोड़ सके जिसके बाद टीम ने उन्हें रिलीज कर दिया।




टीम के मालिक संजीव गोयनका के साथ मैदान पर उनकी बातचीत भी वायरल हो गई थी। अब नई टीम के साथ नई शुरुआत करते हुए वह अपने प्रदर्शन से जवाब देना चाहेंगे।

राहुल ने हाल ही में कहा था,''मैं लंबे समय से टी20 टीम से बाहर हूं। मुझे पता है कि बतौर खिलाड़ी मैं कहां हूं और वापसी के लिए मुझे क्या करना है। यह आईपीएल मेरे लिए खोई लय हासिल करके टी20 टीम में वापसी का मौका है।'' दिल्ली के पास मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है, जिसकी अगुवाई मिचेल स्टार्क करेंगे और अपने आस्ट्रेलियाई साथी ट्रेविस हेड से उनकी टक्कर देखने लायक होगी। उनके अलावा कुलदीप यादव और अक्षर भी दिल्ली की गेंदबाजी की कमान संभालेंगे। उन्हें सनराइजर्स की आक्रामक सलामी जोड़ी हेड और अभिषेक शर्मा के बल्लों पर अंकुश लगाना होगा। स्टब्स और मोहित शर्मा आखिर में उपयोगी गेंदबाज साबित हो सकते हैं।

मोहम्मद शमी, कमिंस और हर्षल पटेल के रहते सनराइजर्स का तेज आक्रमण मजबूत है लेकिन लखनऊ के खिलाफ निस्तेज नजर आया। कमिंस ने 15 रन प्रति ओवर की दर से रन दे डाले। उन पर फॉर्म में लौटने का भारी दबाव होगा।

**मैच : दोपहर 3.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन, अभिषेक शर्मा, सचिन बेबी, मोहम्मद शमी, एडम जाम्पा, अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, राहुल चाहर, ईशान मलिंगा, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, नितीश कुमार रेड्डी, अथर्व तायडे, ब्रायडन कार्स, सिमरजीत सिंह, जयदेव उनादकट, जीशान अंसारी।

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल , जेक फ्रेजर-मैकगर्क, करुण नायर, फाफ डु प्लेसिस, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिशेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव।

## हार्दिक पांड्या ने गिल को चौथी बार किया आउट



रन लेने के बाद खुशी जाहिर करते साई सुदर्शन और शुभमन गिल।

**एजेंसी, अहमदाबाद**

आईपीएल का 9वां मुकाबला गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी।

ओपनिंग बल्लेबाजी करने आए कप्तान शुभमन गिल 38 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें हार्दिक पांड्या ने नमन धीर के हाथों कैच कराया। हार्दिक ने गिल को आईपीएल में चौथी बार आउट किया है।

कप्तान हार्दिक पांड्या पहले मैच में बैन होने के कारण नहीं खेले थे। गुजरात ने 12 ओवर में एक विकेट पर 108 रन बना लिए थे। समाचार लिखे जाने तक साई सुदर्शन (41) और जोस बटलर (26) बनाकर क्रीज डटे हुए थे।

## न्यूजीलैंड ने पाक से जीता पहले वनडे

**एजेंसी, नेपियर**



मार्क चैपमैन (132 रन) और डेरिल मिचेल (76) के बीच 199 रन की साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड ने पहले वनडे में नौ विकेट पर 344 रन बनाकर पाकिस्तान को 73 रन से परास्त किया। चैपमैन ने तीसरा वनडे शतक जमाकर न्यूजीलैंड को शुरूआती झटकों से निकाला। न्यूजीलैंड ने 13वें ओवर तक तीन विकेट गंवा दिए थे।

न्यूजीलैंड के लिए खेलने वाले पाकिस्तान मूल के मोहम्मद अब्बास ने 24 गेंद में 50 रन बनाए जो वनडे क्रिकेट में पदार्पण पर किसी खिलाड़ी का सबसे तेज अर्द्धशतक है। बाबर आजम ने पाकिस्तान के लिये 83 गेंद में 78 रन बनाए, लेकिन उनके आउट होने के बाद पाकिस्तान ने 22 रन के भीतर सात विकेट गंवा दिए। उस्मान खान और अब्दुल्ला शफीक ने पहले विकेट के लिए 83 रन जोड़े। बाबर और मोहम्मद रिजवान ने तीसरे विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की। इसके बाद बाबर और सलमान आगा ने चौथे विकेट के लिए 85 रन जोड़े। पाकिस्तान का स्कोर 39वें ओवर में तीन विकेट पर 249 रन था।

न्यूजीलैंड के कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने अपने स्ट्राइक गेंदबाजों विल ओ राउरकी और जैकब डफी को फिर गेंद सौंपी। ओ राउरकी की शॉर्ट गेंद पर बाबर अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद डफी ने तैयब ताहिर (एक) को रन आउट किया और इरफान खान को पहली ही गेंद पर बोल्ड कर दिया। इसके बाद से पाकिस्तान का मैच में लौटना असंभव था।

## साउथ ऑस्ट्रेलिया ने 29 साल में पहली बार जीती शेफील्ड शील्ड

**एडीलेड।** साउथ ऑस्ट्रेलिया ने क्वींसलैंड को चार विकेट से हराकर 29 साल में पहली बार शेफील्ड शील्ड क्रिकेट टूर्नामेंट जीता। साउथ ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 270 रन बनाकर चौथे दिन ही जीत दर्ज की। जेसन संघा ने नाबाद 126 रन बनाए, जबकि ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने 105 रन की पारी खेली। दोनों ने 202 रन की साझेदारी की। क्वींसलैंड की टीम पहली पारी में 95 रन पर आउट हो गई थी। जवाब में साउथ ऑस्ट्रेलिया ने 271 रन बनाए थे। क्वींसलैंड ने दूसरी पारी में 445 रन बनाकर साउथ ऑस्ट्रेलिया को 270 रन का लक्ष्य दिया था।

## लगातार 3 आईसीसी टूर्नामेंट खेलने वाले भारतीय खिलाड़ी सम्मान के हकदार : रोहित

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उनकी टीम ने पिछले नौ महीनों में क्रिकेट के उतार चढ़ावों का सामना करते हुए सफलता हासिल करने के लिए सामूहिक संघर्ष किया है और पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंटों में भाग लेने वाली टीम का प्रत्येक सदस्य सम्मान का हकदार है।

भारत ने पिछले साल टी20 विश्व कप और इस साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। इसके बीच भारत को न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के हाथों टेस्ट सीरीज में पराजय झेलनी पड़ी। भारत के कप्तान के तौर पर अपने कार्यकाल के बारे में रोहित ने कहा,''इस टीम ने तीन बड़े टूर्नामेंटों में जो हासिल किया है। इस तरह के टूर्नामेंट खेलना और बस एक मैच हारना और वह भी फाइनल (2023 वनडे विश्व कप)।'' उन्होंने कहा ,''सोचो कि अगर हम वह भी जीत जाते तो तीन आईसीसी टूर्नामेंटों में अपराजेय रहते। ऐसा कभी सुना ही नहीं है। 24 में से 23 मैच जीतना। बाहर से यह बहुत अच्छा लगता है, लेकिन इस टीम ने काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं।'' रोहित ने मुंबई इंडियंस के 'एक्स' पेज पर टीम द्वारा डाले गए वीडियो में कहा,''हमने कठिन समय भी देखा है, लेकिन फिर आपको जश्न मनाने का मौका भी मिला। मेरा मानना है कि पिछले तीन टूर्नामेंट खेलने वाला हर खिलाड़ी सम्मान का हकदार है।'

## हमें कमतर नहीं आंकें, टीम में काफी आक्रामकता है : फ्लेमिंग

**एजेंसी, चेन्नई**

चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इन आलोचनाओं को खारिज किया कि उनकी टीम की शैली के क्रिकेट के दिन अब लद गए। उन्होंने कहा कि चेन्नई टीम में काफी आक्रामकता है और कोई उन्हें कमतर आंकने की गलती नहीं करे। पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई को शुक्रवार को आरसीबी ने 50 रन से हराया। आरसीबी ने 2008 के बाद पहली बार चेन्नई को उसके गढ़ चेपॉक में मात दी है।



यह पूछने पर कि क्या उनकी शैली के क्रिकेट के दिन अब लद गए, न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा,''इसके क्या मायने हैं, मेरी शैली का क्रिकेट क्या है। पहला मैच जीतना, यही सही तरीका है। हमारे भीतर काफी आक्रामकता है। मैं यह प्रश्न समझा नहीं।'' उन्होंने कहा,''सिर्फ इसलिए कि हम पहली ही गेंद से पीटना शुरू नहीं करते। हम आखिर में देखेंगे। हम सकारात्मक क्रिकेट खेलते हैं और कोई हमें कमतर नहीं आंक सकता। यह बेवकूफाना सवाल है।'' फ्लेमिंग ने हालांकि, स्वीकार किया कि शुक्रवार के मैच में उनकी टीम की फील्डिंग बहुत खराब थी।

उन्होंने कहा,''हमने दो तीन मौके गंवाए। हमने उन्हें दबाव बनाने का मौका दिया। 175 का स्कोर सही होता, लेकिन हमने क्षेत्ररक्षण में गलतियां कीं। जोश हेजलवुड ने आरसीबी के लिए शानदार गेंदबाजी की।'' महेंद्र सिंह धोनी ने 16 गेंद में नाबाद 30 रन बनाए और आईपीएल के इतिहास में चेन्नई के लिए सर्वाधिक रन बनाने का सुरेश रैना का रिकॉर्ड तोड़ा।

## टर्निंग पिच पर टकराएंगे चेन्नई और राजस्थान

**एजेंसी, गुवाहाटी**



पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों अपने गढ़ चेपॉक पर 17 साल बाद मिली हार से हतप्रभ चेन्नई सुपर किंग्स का सामना रविवार को गुवाहाटी की टर्निंग पिच पर राजस्थान रॉयल्स से होगा तो नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होंगी। रजत पाटीदार की कप्तानी वाली आरसीबी ने चेन्नई के लचर क्षेत्ररक्षण और खराब बल्लेबाजी का फायदा उठाते हुए 50 रन से जीत दर्ज की। आईपीएल के पहले सत्र (2008) के बाद चेपॉक पर आरसीबी की चेन्नई के खिलाफ यह पहली जीत थी।

चेन्नई के लिए महेंद्र सिंह धोनी नौवें नंबर पर उतर रहे हैं, जिससे प्रशंसकों को काफी निराशा हाथ लगी है। गुवाहाटी की विकेट चेपॉक की तरह है जिस पर राजस्थान रॉयल्स का सामना करना उतना मुश्किल नहीं होगा, चूंकि उसके पास इतना मजबूत गेंदबाजी आक्रमण नहीं है । रियान पराग को कप्तानी का उतना अनुभव भी नहीं है। दूसरी ओर चेन्नई का गेंदबाजी आक्रमण भी इस बार उतना धारदार नहीं लग रहा। मथीषा पथिराना और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद ने शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन भारतीय गेंदबाज नाकाम ही रहे हैं।

खलील अहमद नई गेंद के उतने प्रभावी गेंदबाज नहीं हैं। रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा इस प्रारूप में अब उतने खतरनाक नहीं रह गए।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी, डेवोन कॉनवे, राहुल त्रिपाठी, शेख रशीद, वंश बेदी (विकेटकीपर), सी आंद्रे सिद्धार्थ, रचिन रवींद्र, रविचंद्रन अश्विन, विजय शंकर, सैम कुरेन, अंशुल कंबोज, दीपक हुडा, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, खलील अहमद, नूर अहमद, मुकेश चौधरी, गुरजपनीत सिंह, नाथन एलिस, श्रेयस गोपाल, मथीषा पथिराना।

**राजस्थान रॉयल्स:** रियान पराग (कप्तान), संजू सैमसन, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, नितीश राणा, कुणाल सिंह राठौड़, वैभव सूर्यवंशी, वानिंदु हसरंगा, जोफ्रा आर्चर, अशोक शर्मा, तुषार देशपांडे, फजलहक फारूकी, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, संदीप शर्मा, महेश थीक्षाना, युद्धवीर सिंह।

LAXMI MEMORIAL PUBLIC SCHOOL, BHOTI
NURSERY TO 10+2 CLASS
"Limited Seats"
"to import quality education that will groom students to responsible global citizen, while retaining their Indian ethos"



K.S. CHAUHAN
MANAGING DIRECTOR

"One Prime Aim is to Provide Value Based Education to Your Kids"
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26



"Thirteenth Golden Successful Years of ITS Service"




Tele Phone : 01972-265980, Mob.: 94180-96481, 98170-07856
Website: www.lmpsbhoti.co.in, E-mail : chauhan.ks94@gmail.com